

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 3 नवंबर 2023 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-6 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-216 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 4 नवंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपये में खरीदा जाएगा

### बीजेपी ने जारी किया घोषणा पत्र 'मोदी गारंटी'

रायपुर,3 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

बीजेपी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। बीजेपी ने घोषणा पत्र का नाम 'मोदी गारंटी' रखा है। इसकी टैग लाइन बीजेपी ने 'हमें भरोसा सिर्फ मोदी पर'। विजय बघेल ने बताया कि 3 महीने में 90 विधानसभा क्षेत्रों से सुझाव मांगे। ईमेल और वाट्सअप पर भी सुझाव मिले। सभी के सुझाव के अनुरुप घोषणा पत्र तैयार किया गया है। गृहमंत्री अमित शाह ने 'मोदी गारंटी' जारी करते हुए कहा कि लाखों की संख्या में सुझाव प्राप्त हुआ। जिस एजेंडे पर हम चुनाव लड़ने जा रहे हैं। छग की स्थापना के कुछ समय बाद हमें काम करने का मौका मिला। 15 साल तक रमन के नेतृत्व में रमन सिंह की सरकार थी। बीमारू राज्य को अच्छे राज्य में सम्मिलित किया। अब फिर से चुनाव आया। छग में परिवर्तन होगा। मै जनता से मिला हूं। मै जनता को आश्वस्त करना चाहता हूं कि छग को संपूर्ण विकसित राज्य आने वाले 5 साल में करेंगे। 15 साल में रमन सिंह के नेतृत्व में। 5 साल रमन सिंह और मोदी के नेतृत्व में हमने विकास करने का कार्य किया। छग के दुर्गम क्षेत्रो को नक्सलवाद से मुक्त करने का काम बीजेपी ने किया। छग के इन्फ्रास्ट्रक्चर का काम किया। पोषण की गारंटी देने वाला पहला राज्य छग बना। मनरेगा में 100 दिन का रोजगार देने वाला पहला राज्य छग बना। पंचायत चुनाव में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण देने वाला पहला राज्य था। छग बिजली के अकाल से त्रस्त था पावर हब बनाने का काम किया। सरगुजा और बस्तर में दो विश्वविद्यालय बनाने का काम बीजेपी ने किया। दंतेवाड़ा जैसे सुदूर क्षेत्र में शिक्षा का मानक गढ़ने का काम रमन सिंह ने किया। 2 मेडिकल कॉलेज को 15 तक ले गए। इंजीनियरिंग कॉलेज 14 से 50 तक ले गए। डेंटल कॉलेज 1 से बढ़ाकर5 तक लेगए। फर्जी सीडी बनाना, पेन ड्राइव बनाना में इनको सिद्हस्त है। 5 साल में 2 हजार करोड़ का शराब घोटाला, 540 करोड़ का कोयला परिवहन घोटाला, गोबर में घोटाला किया। गाय के गोबर में भी घोटाला कर दिया। 1300 करोड़ का गोठान घोटाला, 5 हजार करोड़ का महादेव एप घोटालाष पीएससी घोटाला, डीएमएफ घोटाला, दलित युवाओं ने निर्वस्त्र होकर रायपुर के अंदर जुलूस निकालना पड़ा।




कांग्रेस के 5 साल के शासन में प्रगति तो हुई है लेकिन भ्रष्टाचार में। 300 से ज्यादा वादा किए लेकिन पूरा नहीं किए। गरीब आदिवासियों को चरण पादुका देने की योजना बंद कर दी।

### प्रमुख मोदी गारंटी

कृषि उन्नति योजना की शुरुआत करेंगे। 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान 3100 रुपये के मूल्य से खरीदेंगे। धान की एकमुश्त राशि देंगे,1 लाख पदों पर सरकारी नौकरी में भर्ती,महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को 12 हजार रुपये देंगे,500 रुपये में सिलेंडर,18 लाख पीएम आवास बनाएंगे,हर घर में जल पहुंचाएंगे,तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपये प्रति मानक दल से,तेंदूपत्ता बोनस 4500,अतिरिक्त तेंदूपत्ता संग्रहण पर बोनस,भूमिहीन खेतीहर मजदूरों को 10 हजार की सालाना मदद,आयुष्मान भारत योजना 5 लाख तक,10 लाख तक मुख्यमंत्री राहत कोष से इलाज,509 नए पीएम जनऔषधि केन्द्र, सस्ती दवाइयों के लिए,पीएससी मे पारदर्शिता,,पीएससी घोटाले की जांच,हर संभाग में एम्स, आईआटी की तरह खुलेंगे सिम्स और सीआईटी,बीपीएल बालिकाओं के जन्म पर 1.50 लाख रुपये मिलेंगे,चरण पादुका योजना फिर शुरु होगी,कॉलेज आने-जाने वालों के लिए मासिक ट्रेवल अलाउंस,रामलला दर्शन योजना चलाएंगे,

## संक्षेप

### राजधानी में आयकर का छापा

**रायपुर,3 नवंबर।** छत्तीसगढ़ में चुनावी सरगर्मी के बीच एक बार फिर प्रदेश में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट और प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई जारी है। राजधानी रायपुर में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने कारोबारी और कई चार्टर्ड अकाउंटेंट के ठिकानों पर छापा मारा है। मिली जनाकारी के मुताबिक वॉलफोर्ट ग्रुप के संजय चौधरी के देवेन्द्र नगर स्थित निवास पर आई टी की टीम ने दबिश दी है इसके अलावा वॉलफोर्ट सिटी भाठागांव स्थित अनिल पारख और पंकज लाहोटी के साथ साथ केमिकल फैक्ट्री और जबलपुर में बिल्डर कारोबारी मनीष रिछारिया के वीआईपी रोड स्थित लॉ विस्टा स्थित घर और सिग्नेचर होम्स स्थित अवधेश जैन के घर पर दिल्ली से आई आईटी की टीमें पहुंची है। इसके साथ ही सीए अमिताभ अग्रवाल और सीए जौहरी के ठिकानों पर आई टीम दस्तावेज खंगाल रही है।

### रिटायर्ड आर्मी जवान की चाकू मारकर हत्या

**बलरामपुर,3 नवंबर।** जिले से बड़ी हत्या की वारदात हुई है. जहां रिटायर्ड आर्मी जवान की दिनदहाड़े अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी है. घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है. यह मामला बसंतपुर थाना क्षेत्र का है. बताया जा रहा है रिटायर्ड फौजी मॉर्निंग वॉक पर निकला था तभी अज्ञात आरोपियों ने पीछे से हमला कर मौत के घाट उतार दिया. जानकारी के अनुसार, बलरामपुर जिले के बसंतपुर थाना क्षेत्र के करमडीहा गांव में



रिटायर्ड फौजी की सरेराह हत्या कर दी गई है. रोजाना की तरह आर्मी से सेवानिवृत्त व्यक्ति मॉर्निंग वॉक पर निकला था. तभी अज्ञात आरोपियों ने पीछे से धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है. बताया जा रहा है कि 2 वर्ष पूर्व ही आर्मी रिटायर होकर मृतक अपने गृह ग्राम पहुंचा था. जहां खेती बाड़ी का कार्य करता था और डीएवी स्कूल में बतौर शिक्षक के पद पर पदस्थ था.

### योगी आदित्यनाथ 4 नबंवर को छग दौरे पर

**रायपुर,3 नवंबर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनैतिक घमासान जारी है। लगातार केंद्रीय मंत्रियों सहित सभी राजनैतिक दलों के दिग्गज नेताओं का प्रदेश में चुनावी दौरा जारी है। इसी क्रम मे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 4 नबंवर को छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे है। इस दौरान वे छत्तीसगढ़ के कवर्धा और भिलाई में रोड शो में शामिल होंगे और इसके बाद चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ कवर्धा विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी विजय शर्मा के पक्ष में चुनाव प्रचार मे शामिल होकर जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा भिलाई विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रेम प्रकाश पांडे के समर्थन में रोड शो करेंगे। रोड शो के बाद भिलाई मे भी जनसभा मे शामिल होंगे।

## नक्सलियों ने 2 वाहनों को किया आग के हवाले

सुकमा,3 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे बस्तर में नक्सलियों की सक्रियता और विरोध तेज होने लगा है. 7 नवम्बर को प्रथम चरण का मतदान कोंटा विधानसभा में होना है. मगर इससे पहले नक्सलियों की ओर से कहीं पर्चा जारी कर तो कहीं आगजनी की वारदातों को अंजाम देकर चुनाव बहिष्कार कर रहे हैं. इसी बीच गुरुवार देर रात सासाहिक बाजार कोंटा से ग्रामीणों को लेकर लौट रही 2 टाटा मैजिक वाहनों को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया.



बता दें कि बस्तर के 12 विधानसभा सीटों में से सबसे ज्यादा नक्सल प्रभावित इलाका कोंटा विधानसभा है. नक्सलियों की ओर से लगातार चुनाव का बहिष्कार अलग-अलग तरीके से किया जा रहा है. अब देखना होगा कि 7 तरिख को मतदान कितने शांत तरीके से करने में निर्वाचन आयोग सफल होगा. उल्लेखनीय है कि इससे पहले माओवादियों ने कांकेर और बीजापुर जिले के 4 ग्रामीण को मौत के घाट उतार दिया था. इसमें कांकेर जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के शक में 3 ग्रामीणों की हत्या की है. बताया जा रहा कि 4-5 दिन पहले नक्सली ग्रामीणों को घर से उठाकर ले गए थे. फिर गुरुवार को मुरखोंडी गांव के पास तीनों का शव मिला. वहीं बुधवार की दरमियानी रात बीजापुर जिले के ग्राम गलगम निवासी मुचाकी लिंगा पिता मल्ला की अज्ञात माओवादियों ने रस्सी से गला घोंटकर हत्या की है. हत्या के बाद शव को नड़पल्ली और गलगम के बीच रोड किनारे फेंका गया. माओवादियों ने ग्रामीण पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए वारदात को अंजाम दिया है.

### लगाए बैनर, सड़क पर फेंके पर्चे

**कोंडागांव,3 नवंबर।** बस्तर के केशकाल विधानसभा में आगामी 7 नवम्बर को मतदान होना है. ऐसे में मतदान तिथि से ठीक पहले बस्तर डिविजनल कमेटी के नक्सलियों ने केशकाल थाना क्षेत्र अंतर्गत दो स्थानों पर बैनर पोस्टर लगाए कर एक बार फिर अपनी मौजूदगी दर्ज करवाई है. इतना ही नहीं माओवादियों ने आगामी विधानसभा चुनाव का बहिष्कार किया है. बता दें कि बस्तर डिविजनल कमेटी की ओर से गुरुवार-शुक्रवार की मध्यरात कुंएमारी तिराहे और ग्राम रांधा में बैनर लगाया है. साथ ही रास्ते भर में बड़ी मात्रा में अलग-अलग प्रकार के पर्चे भी फेंके हैं. इस बैनर में नक्सलियों ने आम जनता से आगामी विधानसभा चुनाव और मतदान का विरोध करने की अपील की है. इधर मामले की सूचना मिलते ही केशकाल थाना प्रभारी आनंद सोनी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे. फिलहाल पुलिस की ओर से दोनों ही स्थानों से बैनर और पर्चे जब्त कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है. उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ की 90 विधानसभा सीटों पर दो चरणों में मतदान होना है. पहले फेज में 7 नवंबर को 20 सीटों पर वोटिंग होगी. बाकी सीटों पर 17 नवंबर को मतदान होगा.



## आखिर कौन है प्रमोद? खुलेगा राज

**रायपुर,3 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के सियासत में एक नाम आज सुबह से गूंज रहा है. कांग्रेस लगातार प्रमोद नाम के व्यक्ति का जिक्र कर रही है. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पीसीसी चीफ दीपक बैज और छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने अलग-अलग ट्विटर पर ट्वीट किया है. ट्वीट में लिखा है कि प्रमोद को उन्होंने क्या दिखाया? फिर प्रमोद ने उन्हें क्या बताया? थोड़ी देर में पता चलेगा. इसको लेकर सस्पेंस क्रिएट हो गया है और हर कोई जानने को उत्सुक है की आखिर प्रमोद कौन है. वहीं प्रमोद वाले पोस्ट पर अब आईएनसी छत्तीसगढ़ ने ट्विटर पर ट्वीट किया है. जिसपर एक पेन ड्राइव का फोटो शेयर कर आईएनसी छत्तीसगढ़ ने कहा, ना ईडी बोलेगी, ना सीडी बोलेगी. अब सारा सच ये पेन ड्राइव बोलेगी. बस थोड़ी देर में.




## नकली पान मसाला फैक्ट्री का पर्दाफाश

भिलाई,3 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

न्यू खुर्सीपार स्थित एक मकान में डुप्लीकेट विमल पान मसाला बनाने की अवैध फैक्ट्री का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने यहां पर छापामार कार्रवाई करते हुए मशीन समेत 5 बोरी डुप्लीकेट विमल पान मसाला और 6 बोरी रैपर बरामद किया है। इसके अलावा सुपारी और जर्दा सहित पान मसाला बनाने में उपयोगी कच्चा सामग्री भी जब्त किया गया है। मौके से कानपुर निवासी सुजीत कुमार नामक शख्स को हिरासत में लिया गया है खुर्सीपार पुलिस ने जिस मकान में डुप्लीकेट विमल पान मसाला बनाने की अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है वह तारन शर्मा का मकान है। तारन शर्मा अपने परिवार सहित मकान के प्रथम तल में रहता है। वहीं भूतल को उसने कानपुर निवासी सुजीत कुमार को किराए पर दे रखा है। पुलिस की छापामार कार्रवाई के दौरान सुजीत कुमार वहां पर मौजूद था। मामले में टीआई उमेन्द्र टंडन का कहना है कि मकान मालिक को भूतल को किराए पर दिए जाने का दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया है। दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर मामले में मकान मालिक के खिलाफ कार्रवाई होगी पुलिस को शिकायत मिली थी कि तारन शर्मा के मकान में अवैध तरीके से विमल ब्रांड का पान मसाला बनाया जा रहा है।

छापेमारी में पुलिस को मशीन समेत करीब 6 बोरी पान मसाला और 5 बोरी विमल पान मसाला का रैपर मिला है। उल्लेखनीय है कि भिलाई - दुर्ग में विमल पान मसाला की मांग काफी ज्यादा है। माना जा रहा है इसी के चलते यहां पर डुप्लीकेट विमल पान मसाला बनाकर बाजार में खपाया जा रहा था बरामद पान मसाला और मशीन की कीमत 4 लाख रुपए आंकी गई है खुर्सीपार टीआई उमेन्द्र टंडन ने बताया कि विमल ब्रांड पान मसाला और उसके जर्दे का अवैध रुप से निर्माण और पैकेजिंग की जा रही थी। शिकायत और पाइंट मिलने पर गुरुवार की रात करीब 11 बजे पुलिस पेट्रोलिंग टीम के साथ पुलिस टीम ने न्यू खुर्सीपार निवासी तारन शर्मा के घर पर रेड की। भीतर घर के अंदर का माजरा देख टीम भौंचक्की रह गई। यहां से पुलिस को गुटखा बनाने वाली मशीन, 6 बोरी पान मसाला और 5 बोरी रैपर बरामद हुआ है। इसके आलावा सुपारी और जर्दा सहित अन्य कच्चा माल जब्त किया गया है



## मोदी झूठ बोलने और गालियां देने का कारखाना : खड़गे

रायपुर,3 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

विधानसभा चुनाव को लेकर दोनों राष्ट्रीय दलों के बड़े नेताओं का छत्तीसगढ़ में तूफानी दौरा चल रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एक बार फिर प्रदेश के दौरे पर पहुंचे हैं। इस दौरान अभनपुर में आयोजित एक जनसभा में कांग्रेस अध्यक्ष ने पीएम मोदी पर जमकर हमला बोला। खड़गे ने पीएम मोदी को झूठ का सरदार बताया है। उन्होंने पीएम मोदी पर विपक्ष शासित प्रदेशों को सताने का बड़ा आरोप भी लगाया है।



पीएम मोदी और शाह के छत्तीसगढ़ दौरै को लेकर मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी और शाह यहां का माहौल खराब करने के लिए आ रहे हैं। मोदी जी आकर गए हैं, आकर क्या कह कर गए। भूपेश बघेल के राज में 30 परसेंट कका बोलकर गए। ऐसा ही उन्होंने कर्नाटक में बोले 40 परसेंट, तो हमने उन्हें वहां से निकाल दिया। आप ने जो वादा किया निभाया नहीं लेकिन कांग्रेस ने जो वादा किया था उसे निभाया। सोनिया प्रियंका राहुल ने जो वादा किया उसे भूपेश बघेल से कराया। किसानों का कर्ज माफ कांग्रेस ने किया। सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन लागू किया। स्वामी आत्मानंद स्कूल खोले। बिजली बिल आधा, मुफ्त इलाज, सस्ती दवाई कांग्रेस ने किया। आगे जो करने वाले हैं। पहले की तरह किसानों का कर्ज माफ होगा। केजी से पीजी तक बच्चों को बगैर फीस के पढ़ाया जाएगा। डॉक्टर इंजीनियर बनाया जाएगा। गरीब के बच्चों को पीजी तक पढ़ना मुश्किल होता है। नेहरु, गांधी अंबेडकर कहते थे बच्चों को शिक्षा देना आवश्यक है। छग में कांग्रेस सरकार करने जा रही है। 17,50,000 गरीबों को घर मिलेगा। जहां विपक्ष की सरकार है उनको सताना। छग सरकार को जो केन्द्र से पैसा मिलना है नहीं देते उनको सताते हैं। ये जीएसटी, माइनिंग टैक्स का पैसा है। मोदी सताते हैं पैसा नहीं देते। अंबानी, अडानी को मदद करने की कोशिश करते हैं। यहां आदिवासी तड़प रहे हैं। एससी के लोग वंचित हैं लेकिन उनको चिंता नहीं है। मणिपुर में मोदी एक दिन भी जाकर उनको शांत करने की कोशिश नहीं किए। क्या ऐसे देश चलेगा। ईडी सीबीआई आईटी के अफसरों को यहां भेज दिए हैं। आपके खिलाफ भी एजेंसियों को लगाओ। ये छग के लोग डरने वाले नहीं हैं। डटकर मुकाबला करेंगे और कांग्रेस को लाएंगे।कांग्रेस का 138 साल का इतिहास है। हमारे लोफ फांसी पर चढ़कर लड़कर आजादी दिलाए। आपके आरएसएस लोग क्या किए। 70 साल में हमने कुछ नहीं किए तो आप पीएम नहीं बनते शाह होम मिनिस्टर नहीं बनते।

## सुप्रीम कोर्ट को तारीख पे तारीख वाली कोर्ट नहीं बनना चाहिए

**नई दिल्ली,3 नवंबर।** भारत के मुख्य न्यायाधीश धनंजय वाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को इस बात पर जोर दिया कि सुप्रीम कोर्ट को तारीख पे तारीख वाली अदालत नहीं बनना चाहिए, उन्होंने खुलासा किया कि वकीलों ने पिछले दो महीनों में 3,688 मामलों में स्थगन मांगा, जबकि इनमें से अधिकांश तत्काल सुनवाई के लिए मामलों का उल्लेख किया गया था। सीजेआई ने अदालत में मौजूद वकीलों को संबोधित करते हुए कहा कि हम नहीं चाहते कि यह तारीक पे तारीख अदालत बने। इससे इस अदालत पर नागरिकों का भरोसा टूटता है। इतने सारे मामलों को स्थगित करने के लिए कहा जा रहा है, इससे इस अदालत की अच्छी छवि नहीं बनती है।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सुप्रीम कोर्ट में किसी मामले को दाखिल करने और उसे एक पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने के बीच के समय अंतराल को काफी हद तक कम कर दिया गया है और सभी नए मामले दायर होने के एक सप्ताह के भीतर सूचीबद्ध हो जाते हैं। मैं यह सुनिश्चित करने के लिए मामलों की पहली सुनवाई के लिए फाइलिंग की निगरानी कर रहा हूं कि अवधि कम से कम हो। साथ ही, आइए इसकी तुलना मेरे पास मौजूद डेटा से करें। आज 178 स्थगन पर्चियां दाखिल की गईं। सीजेआई ने अफसोस जताया कि औसतन, प्रति विविध दिन, 154 स्थगन परिचालित किए जाते हैं। पिछले दो महीनों में कुल 3,688 स्थगन हुए। यह दाखिल करने और सूचीबद्ध करने के उद्देश्य को विफल कर देता है।



सीजेआई ने कहा कि वकीलों ने कम से कम 2,361 मामलों का उल्लेख सुनवाई की जल्द तारीख तय करने के लिए किया था, लेकिन जब वे संबंधित पीठों के सामने आए तो उनमें से अधिकतर को टालने का अनुरोध किया गया। सीजेआई ने आगे कहा कि स्थगित मामलों की संख्या इस अवधि में सूचीबद्ध मामलों की संख्या से लगभग तीन गुना है। मामलों में तेजी लाने का उल्लेख किया जाता है लेकिन फिर उन्हीं मामलों में स्थगन की मांग की जाती है।

### सुप्रीम कोर्ट का चड्ढा को मांगी मांगने का सुझाव

**नई दिल्ली,3 नवंबर।** आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को सुप्रीम कोर्ट ने सदन अध्यक्ष से माफी मांगने का सुझाव दिया है। शुक्रवार को आप सांसद के सदन से निलंबन के मुद्दे पर सुनवाई हुई। इससे पहले अदालत ने सांसद के अनिश्चितकाल के लिए निलंबन पर चिंता भी जाहिर की थी। चड्ढा को मॉनसून सत्र के दौरान अगस्त में सदन से निलंबित कर दिया था। शुक्रवार को शीर्ष न्यायालय ने आप सांसद चड्ढा के वकील के बयान दर्ज किए। वकीलों ने बताया कि सांसद का मकसद किसी भी तरह से सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाना नहीं था। साथ ही वकील ने बताया कि चड्ढा राज्यसभा चेयरमैन से मिलने के लिए समय मांगेंगे, ताकि बगैर शर्त माफी मांग सकें। आप सांसद ने निलंबन के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। इसे लेकर सोमवार को भी सुनवाई हुई थी। सुनवाई कर रहे भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा था कि हमें उन आवाजों को संसद से बाहर नहीं करने को लेकर बहुत सावधान रहना चाहिए। उनके साथ जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी मौजूद थे।

## तिजोरी खाली है, वेतन दे नहीं सकते और वादे बांट रहे हैं : रमन सिंह

**रायपुर,3 नवंबर।** पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने एक बार फिर राज्य सरकार पर एक्स पोस्ट के जरिए निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की तिजोरी खाली है, वेतन दे नहीं सकते और वादे बाँट रहे हैं. डॉ. रमन सिंह ने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि भूपेश बघेल सिर्फ बड़ी-बड़ी घोषणाएं करते हैं, लेकिन सच ये है कि वो सिर्फ बड़े-बड़े घोटालों करते हैं. वास्तविकता यह है कि राज्य सरकार केंद्रीय अखिल भारतीय अधिकारियों और पेंशनभोगियों को ठीक से वेतन देने में तक असक्षम है. पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अखिल भारतीय अधिकारियों को जहां अभी केंद्र सरकार 46% डीए दे रही है वहीं छत्तीसगढ़ सरकार विगत 10 माह से केवल 38% ही दे रही है जो केंद्र सरकार से 8% कम है. राज्य स्तरीय कर्मचारियों अधिकारियों को छत्तीसगढ़ में ही 42% डीए प्राप्त हो रहा है. उन्होंने कहा कि पूरे देश में केवल छत्तीसगढ़ राज्य में अखिल भारतीय अधिकारियों को इतना कम वेतन मिल रहा है, जो प्रदेश के राजकोष की दयनीय स्थिति को बता रहा है, क्योंकि प्रदेश के राजस्व में इस सरकार ने भारी लूट की है.



### खाद्य सुरक्षा को 21वीं सदी में भी चुनौती : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खाद्य सुरक्षा को 21वीं सदी की चुनौती बताते हुए शुक्रवार को कहा कि सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों से पिछले नौ साल में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के क्षेत्र में 50 हजार करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया है। श्री मोदी ने वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 का उद्घाटन करते हुए कहा कि सरकार की खाद्य प्रसंस्करण और किसान संबंधी नीतियों के कारण इस क्षेत्र में विदेशी निवेश आया है। सरकार ने इस क्षेत्र में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना को भी लागू किया है।

**एक नजर**

## बीमार पिता को तेज रफ्तार ट्रक ने चपेट में ले लिया

**भिलाई, 3 नवंबर।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र बीमार पिता को रायपुर हास्पिटल ले जा रहे एक उद्योगपति की कार का गुरूद्वारा गेट नंदिनी रोड पर तेज रफ्तार टेलर ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उद्योगपति के चेहरे और हाथ में चोट आई है,जबकि उनके पिता और कर्मचारी बाल -बाल बच गए हैं जामुल पुलिस ने बताया कि सुकमल दत्ता (37 वर्ष ) निवासी बत्तीस एकड़, सब्जी मार्केट के पीछे हाऊसिंग बोर्ड छाया इंजीनियरिंग वर्क्स के प्रोपराइटर हैं। वब अपने पिता मृत्युंजय दत्ता को इलाज कराने वीवाई हास्पिटल रायपुर के लिए अपनी कार से लेकर बुधवार दोपहर निकले थे। उनके साथ कंपनी वर्कर आकाश आडिल भी पीछे बैठा था। उनकी कार हाउसिंग बोर्ड नंदिनी रोड गुरूद्वारा गेट के पास पहुंची थी। तभी पीछे से आ रहे ट्रेलर के चालक ने वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए कार के दाहिने साइड से ठोकर मार एक्सीडेंट कर दिया ठोकर से सुकमल के चेहरे और दाहिने हाथ में चोट आई है रिपोर्ट पर पुलिस मामले में ट्रेलर चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## सूने मकान का ताला तोड़कर चोर फरार

**भिलाई, 3 नवंबर।** सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात चोरी किया गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि वार्ड 58 अम्बेडकर नगर उरला निवासी जागृति पदमाकर किराए के मकान में रहते है पीड़िता मकान में ताला जड़कर अपने ननंद भारती पदमाकर के यहां गई हुई थी सुबह पडोसी ने पीड़ित को घटना की जानकारी दी घर आने पर देखा कि मकान का ताला टूटा पड़ा मिला मकान के अलमारी से सोना चांदी के जेवरात नगदी रकम 26 हजार गायब मिला चोरी हुए सामानों की कीमत 45 हजार रुपए आंकी गई है ।

## डेंगू की रोकथाम हेतु सघन अभियान

**दुर्ग 3 नवंबर ।** दुर्ग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। आज 02 नवंबर 2023 को डेंगू एलिजा पॉजिटिव के प्रकरण निरंक है। वर्तमान में डेंगू एलिजा पॉजिटिव भर्ती मरीजों की संख्या 01 है। निवास क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मास्किटो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है। नगर निगम भिलाई, चरोदा, रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्र में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एडिस मच्छर को न ष् ट करने के लिए मेलाथियान से फागिंग का कार्य किया जा रहा है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. पी. मेश्राम के अनुसार डेंगू नियंत्रण एवं रोकथान हेतु दुर्ग, भिलाई, चरोदा रिसाली नगर निगम जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र, स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण व शहरीय की टीम द्वारा कुल 170824 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है. जांच किये कुलर पानी टंकी व अन्य कंटेनर की संख्या-198829 जिनमें से 82857 खाली कराये गये सभी कंटेनरों में 116822 स्थानों में टेमीफास डालकर लार्वा का नष्टीकरण किया गया। 166816 पाम्पलेट के माध्यम से डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, सभी नगर निगम एवं मीडिया के द्वारा लगातार लोगों से यह अपील की जा रही है कि सप्ताह में एक दिन शुष्क दिवस के रूप में मनाया जाना डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए उचित होगा। उस दिन घर के सारे कटेंनर जैसे कुलर, पानी टंकी व अन्य जिसमें बारिश का पानी एकत्रित हो उसको समतल जगह में उस पानी की निकासी की जाये। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए कारगर होगा। अपील नहीं मानने पर यदि किसी घर मे पहली बार लार्वा मिलता है तो नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा समझाईश दी जाएगी और दूसरी बार लार्वा मिलने पर 500 रु. से लेकर 5000रू. का अर्थ वसूला जाएगा जिसकी जवाबदारी स्वयं की होगी।

जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. पी. मेश्राम एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सी.बी.एस. बंजारे के द्वारा लोगो से यह अपील की जाती है कि बुखार आने पर मलेरिया एवं डेंगू की जाँच की जाये। डेंगू एवं मलेरिया की जाँच जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सभी सामु. स्वा. केन्द्र व प्राथ. स्वा. के. शहरी, प्राथ. स्वा.केन्द्र, उपस्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में जॉच निःशुल्क किया जा रहा है। जाँच के उपरान्त ही डॉक्टर के परामर्श से दवा लेना उचित होगा।

# बघेल ने किया जनसंपर्क विजय के लिए मांगा वोट



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 3 नवंबर।** पाटन विधानसभा चुनाव क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल कुम्हारी नगर पालिका अन्तर्गत विभिन्न वार्डो का दौरा किया जिनमे रामपुर (चोरहा), कुगदा आदर्श नगर, वार्ड क्रमांक 18 तालाबपार, वार्ड 12 डंगनिया तालाबपार, परसदा, अटल विहार एवं वार्ड क्रमांक 01 में सघन जनसंपर्क करते हुए वार्ड वासियों की समस्याओं को सुना तथा सरकार बनने पर सारी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन देकर अपना बहुमूल्य मतदान भाजपा के पक्ष में करने का आग्रह किया। जनसंपर्क के दौरान विजय बघेल ने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल पर खुलकर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह बिखर गई है उन्होंने कहा कि जगह जगह नशे और शराब का व्यवसाय फल फूल रहा है, चोरी लूट के घटनाओं की तो जैसे बाढ़ सी आ गई है साथ ही गोबर घोटाला, शराब घोटाला, युवाओं के साथ पीएससी में छलावा जैसे मुद्दों को सरकार बेहतर समझती है। ज्ञातव्य हो कि इसके पूर्व विजय बघेल की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी विजय बघेल ने कुम्हारी में मातृशक्ति से आशीर्वाद लेकर प्रचार कार्य का किया, दो दिवसीय चुनाव प्रचार कार्यक्रम शुभारम्भ के अंतर्गत नगर के सभी वार्डो में सघन जनसंपर्क कर प्रत्याशी विजय बघेल को विजयी बनाने के लिए मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर भाजपा मंडल के समस्त मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, महिला मोर्चा तथा युवा कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में लोग प्रचार में जुटे रहे।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए व्यापारी बनें सारथी

**रिसाली,3 नवंबर।** शत प्रतिशत मतदान कराने शुरू किए अभियान में रिसाली के व्यापारी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। दुकान पहुंचे ग्राहकों को मतदान करने की अपील कर रहे है। इसके अलावा प्रतिष्ठान संचालक रसीद पर 17 नवम्बर को मतदान करने का मुहर लगाकर भी दे रहे है। नगर पालिक निगम रिसाली के आयुक्त मतदाता जागरूकता अभियान में निगम क्षेत्र के व्यापारियों को भी शामिल किया है। आयुक्त के निर्देश पर मनिहारी दुकान से लेकर रेस्टोरेंट और अन्य बड़े प्रतिष्ठान संचालक रबर स्टैंप तैयार किया है। जिस पर रिसाली का अभिमान, शत प्रतिशत मतदान, 17 नवम्बर को मतदान अवश्य करे का उल्लेख है। दुकानदार अपने ग्राहकों को



बिल पर मुहर लगाकर मतदान करने प्रेरित कर रहे है। लोकतंत्र के महायज्ञ के प्रचार में कृष्णा टॉकिज रोड मार्केट, आजाद मार्केट, रिसाली बस्ती मार्केट, मैत्री नगर एवं बीएसपी मार्केट के व्यापारी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे है।

### बना 100 से अधिक व्यापारियों का समूह

निगम आयुक्त के अभिनव पहल को व्यापारियों ने नैतिक जिम्मेदारी समझा। व्यापारी स्वयं के खर्च पर रबर स्टैंप बनाया है। ऐसे व्यापारियों की संख्या लगभग सैकड़ा के आकड़ों को पार कर चुकी है।

आयुक्त ने यह अभियान मतदान शुरू होने के एक दिन पहले चलाने तक आव्हन किया है।

# देवेंद्र ने निकाली विश्वास यात्रा, जनता ने जताया भरोसा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 3 नवंबर।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की गुरुवार को न्यू खुर्सीपार वार्ड 47 गौतम नगर में विश्वास यात्रा निकाली गई। जिसे जनता ने पूरा विश्वास जताया। कांग्रेस सरकार ने सीएम भूपेश बघेल ने घोषणा की है कि सिलेंडर रिफिलिंग में छूट की घोषणा की है। मतलब जो सिलेंडर लोग अभी 1100 रुपए से अधिक में बिक रही है। वह सिलेंडर प्रदेश भर में मात्र 475 रुपए में जनता को दिया जाएगा। इस पर जनता ने अपना पूरा भरोसा जताया और कहा कि हमें कांग्रेस सरकार पर भरोसा है। सीएम भूपेश बघेल ने जो वादा किया वह निभाया। भिलाई विधायक श्री यादव ने जो कहा वो कर के दिखाया। इस अवसर पर विधायक यादव ने



कहा कि जनता की सेवा ही मेरा धर्म है और मैं अपना धर्म पूरी इमानदारी निष्ठा और पूरी श्रद्धा से निभाते आया हूं। हमने भिलाई के भलाई के लिए काम किया है। पहले के नेता सालों तक खुर्सीपार में वार्ड झांकने तक नहीं आते थे, हमेशा खुर्सीपार की जनता की उपेक्षा करते रहे। पीने के लिए शुद्ध पानी तक नहीं दिए। महिलाएं टैंकरों में घंटों लाइन लगाकर पानी भरती थी। लोग केमिकल युक्त पानी पीने को मजबूर थे। लेकिन जैसे ही कांग्रेस की सरकार बनी, यादव विधायक बने, तब से वे खुद जनता से मिलने उनके घर जाते हैं। लोगों का कुशल क्षेम लेते हैं। जनता की समस्याओं का निदान करते हैं। पानी की समस्या को पूरी तरह से खत्म कर दिया। अब हर घर में शुद्ध फिल्टर युक्त पानी दिया जा रहा है। जनता ने भी कहा कि वे जब से विधायक बने हैं। खुर्सीपार की तस्वीर ही बदल गई है। देवेंद्र यादव ने कहा कि जब तक प्रदेश में भाजपा सरकार थी, सिर्फ जनता को परेशान किया गया। महंगाई बढ़ाई गई। जनता के हित में कोई काम नहीं हुई। लेकिन जैसे ही कांग्रेस की सरकार आई सीएम भूपेश बघेल ने गरीब लोग भी अपने बच्चे को बेहतर शिक्षा दे सकें। इसके लिए स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रदेश भर में खोला। और अब केजी से पीजी तक शिक्षा को पूरी तरह से फ्री कर दिया जाएगा। बच्चे बीए करें या इंजीनियरिंग व मेडिकल की पढ़ाई पूरी तरह से फ्री होगी। अब प्रदेश का हर बच्चा अपने माता पिता का सपना पूरा कर सकेंगे।

# छत्तीसगढ़ महतारी की उतारी गई आरती



**भिलाई, 3 नवंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 1 नवंबर को सेक्टर-2 सड़क 12 के समीप बैडमिंटन ग्राउंड में छत्तीसगढ़ महतारी की आरती की गई। समिति के सदस्यों के साथ साथ आस पास के रहवासी भईया-भाभी,अंकल-आंटी, बच्चे युवक - युवती उपस्थित थे। आरती के पश्चात् समिति के सचिव कृष्णा चौहान ने छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को देखते हुए मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर और लोगो को जागरूक करने भी वचन दिया गया। शिव जी अर्पण सेवा समिति के सभी पदाधिकारी एवं समिति की युवतियां अंजली राजनल,पूजा राजनल,मीनाक्षी ठाकुर, मोनिका, गरिमा, चारु, सरिता, निशा, सिद्धू, समिति के अध्यक्ष रोहन कुमार मून, उपाध्यक्ष विनोद कौशिक, सचिव कृष्णा चौहान, सुधांशु कोसे, योगेश रावत, राहुल यादव, उज्ज्वल, यश, अनूप, पोषण, कैलाश, आशीष, गामू, मयंक, कुलदीप, यश, वैभव, लला, पियूष, लव, जय, दिव्यांश समस्त सदस्य उपस्थित थे ।

# कोक ओवन के कर्मचारी शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित



भिलाई, 3 नवंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में शिरोमणी पुरस्कार योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट तथा अनुकरणीय कार्य निष्पादन के लिए, पाली शिरोमणि एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार दिया जाता है। इसी के तहत संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में विगत दिनों कर्म एवं पाली शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक द्वारा बेहतर कार्यशैली के लिए शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दूसरी तिमाही जुलाई से सितम्बर 2023 के लिए वरिष्ठ प्रबंधक एल एन चंद्राकर को पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में सितम्बर 2023 के लिए ईश्वर प्रसाद पुरे, मास्टर ऑपरेटर व राजकुमार खांडेकर, चार्जमन कम सीनियर तकनीशियन को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार विजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र तथा उनके जीवनसाथी के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। समीर रायचौधरी ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं को सुरक्षा को प्राथमिकता देकर इसी तरह लगन से कार्य करते रहने तथा अपने अधीनस्थ कार्मिकों को भी कार्य में निपुण करने के लिए प्रेरित किया। समारोह में कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के अनुभाग प्रमुख व महाप्रबंधक पी वी वी एस मूर्ति, महाप्रबंधक बी पासवान, महाप्रबंधक झगर सिंह, महाप्रबंधक अतुल गोस्वामी, महाप्रबंधक डी के सामंतराय, महाप्रबंधक नन्द कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# सीएम की पत्नी व बेटी ने मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मांगा वोट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 3 नवंबर।** पाटन विधानसभा क्षेत्र के कुम्हारी में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। पाटन सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सीएम भूपेश बघेल के नामांकन दाखिल होने के बाद से क्षेत्र में कांग्रेसी नेताओं कार्यकर्ताओं ने चुनावी गतिविधियां और तेज कर दिया है। प्रतिदिन प्रत्येक वार्डो में प्रचार-प्रसार के साथ जनसंपर्क करते हुए मतदाताओं के मोहल्लों में दस्तक दे रहे हैं। कहीं बैठकें लिया जा रहा है तो कहीं जीत के लिए कार्यकर्ताओं को एक जुट किया जा रहा है। इसी कड़ी में चुनाव प्रचार के लिए मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी मुक्तेश्वरी बघेल व उनकी सुपुत्री स्मिता बघेल कुम्हारी पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक



4 व 7 पहुंची जहां उनके द्वारा वार्डो में सघन जनसंपर्क किया गया । इस दौरान सीएम बघेल परिवार द्वारा मतदाताओं से अपने मताधिकार का उपयोग कर कांग्रेस के पक्ष में वोट मांगा गया। यहीं नही सीएम की पत्नी व पुत्री ने वार्ड वासियो को कांग्रेस कार्यकाल के पांच वर्षो में हुए विकास कार्यों को बताया व प्रदेश के हर वर्गों के लिए संचालित योजनाओं से उन्हें मिलने वाले लाभों के संबंध में जानकारी दी गई। प्रचार के दौरान मुक्तेश्वरी बघेल व स्मिता बघेल जनसंपर्क कर लोगों को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पक्ष में वोट देकर विजयी बनाने समर्थन भी मांगा। इनके अतिरिक्त मतदाताओं को कांग्रेस पार्टी द्वारा किये गए घोषणाओं की क्रमवार जानकारी भी दी गई। जनसंपर्क में वार्ड पार्षद कांग्रेसी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहें जिनके द्वारा चुनाव प्रचार किया गया इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी एवं उम्मीदवार को जीत दिलाने के लिए नारे भी लगाए । बड़ी संख्या में महिलाएं एवं युवाओं ने किया प्रचार- प्रचार के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं द्वारा पाटन विधानसभा से विधायक प्रत्याशी सीएम भूपेश बघेल के बैनर हाथों में लिए पार्टी झंडों के साथ रैली निकाली गई कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी के समर्थन में नारे लगाए गए बड़ी संख्या में युवाओं द्वारा भूपेश बघेल के मुखौटें को चहरे में लगाकर अद्भुत प्रचार किया गया।

# प्रधानमंत्री की 4 को सभा, हेलीपैड से लेकर सभा स्थल तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 3 नवंबर।** प्रदेश में भाजपा व कांग्रेस के दिग्गज नेता चुनावी सभा ले रहे हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 4 नवंबर को दुर्ग के पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम में चुनावी सभा लेने पहुंच रहे हैं। पीएम मोदी के दुर्ग प्रवास को लेकर को दुर्ग पुलिस अलर्ट मोड पर आ उहै। हेलीपैड से लेकर सभा स्थल तक सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जा रहा है। इसके लिए दुर्ग पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर दी है। दुर्ग पुलिस द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार रविशंकर स्टेडियम में मंच पर बैठने वाले तथा प्रधानमंत्री का मंच के पास आगमन तथा प्रस्थान पर स्वागत करने वाले पास धारी अतिथियों के वाहनों की पार्किंग सुराना कालेज में निर्धारित किया गया है। जयंती स्टेडियम के पास बने हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल रविशंकर स्टेडियम तक वीवीआईपी रूट में सड़क पर किसी भी प्रकार की दुकान एवं ठेले लगाना प्रतिबंधित रहेगा। कार्यक्रम में आने वाले वाहनों के लिए अलग अलग दिशाओं में पार्किंग की सुविधा दी गई है। कार्यक्रम स्थल में किसी भी प्रकार की सामग्री ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। कार्यक्रम के दौरान आवश्यक कार्य से जाने वाले वाहन चालक वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करेंगे। यही नहीं 4 नवंबर को दुर्ग शहर में भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। कार्यक्रम स्थल पूरी तरह से सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में रहेगा। प्रतिबंधित सामग्री विस्फोटक सामग्री- फटाका, बारूद, बन्दूक अन्य विस्फोटक पदार्थ। ज्वलनशील सामग्री-पेट्रोल, डीजल, मिट्टी तेल, अल्कोहल, माचिस, जेल, सिगरेट, बीडी। खाद्य सामग्री-पानी बोतल, गुटखा, तम्बाकू किसी प्रकार की खाने के वस्तुएं। धारदार वस्तु, चाकू, छूटी, ब्लेड, कैंची, रेजर किसी भी प्रकार का खिलौने वाला सामान एवं अन्य प्रतिबंधित रहेगा

## आबकारी विभाग ने मादक पदार्थों के तस्करों पर कसा नकेल, 69 प्रकरण दर्ज

**दुर्ग, 3 नवंबर।** विधानसभा निर्वाचन - 2023 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता लागू तिथि 09 अक्टूबर 2023 से 31 अक्टूबर 2023 तक आबकारी विभाग द्वारा जिले में मादक पदार्थो के अपराधिक प्रकरणों में संलिप्त व्यक्तियों पर नकेल कसते हुए कुल 69 प्रकरण पंजीबद्ध किये गए हैं। जिसमें कुल 1170.36 बल्क लीटर देशी, विदेशी मदिरा, 22 हजार 925 किलोग्राम महुआ लाहन एवं कुल 05 वाहन जप्त किया गया, जिसका कुल बाजार मूल्य 17 लाख 83 हजार 395 रूपये है। सहायक आयुक्त आबकारी ने जानकारी दी कि आबकारी विभाग दुर्ग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर अवैध शराब/मादक पदार्थों के संदिग्ध विक्रय वाले क्षेत्रों, पारम्परिक मार्गो, मुख्य मार्गो, होटल - ढाबों, बस स्टशनों एवं रेलवे स्टेशनों में लगातार जांच तथा गश्त की कार्यवाही की जा रही है।

# महिलाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**भिलाई, 3 नवंबर।** राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन से जुड़े भिलाई निगम क्षेत्र के महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने पंक्तिबद्ध होकर जब मोहल्ले में एकत्र हुई तो लोगों के लिए कौतुहल का विषय बन गया और देखते ही देखते मोहल्ले के अन्य महिलाएं उनसे जुड़ने लगीं जो एक मानव श्रृंखला का रूप लेकर सभी ने शपथ लिए कि भय मुक्त होकर बिना किसी भेदभाव के जाति वर्ग से उपर उठकर अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। सभी ने 17 नवम्बर को होने वाले मतदान में अपने और अपने मोहल्ले के सभी लोगों का मतदान करवाने का प्रण लिए अर्थात अपने मोहल्ले का शत् प्रतिशत मतदान करने का नारा लगाया।

महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि सारा काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो। इसी तरह का नजारा भिलाई निगम क्षेत्र के गौतम नगर सुपेला, शास्त्रीनगर, लक्ष्मीनारायण नगर, प्रगति नगर, राजीव नगर, मॉडल टाउन, कर्मा भवन कोहका, सेक्टर 10, छावनी बस्ती, कोसानगर श्रमिक क्षेत्र, सेक्टर 06, खुर्सीपार, अम्बेडकर नगर सहित लगभग 20 से अधिक मोहल्लों में मानव श्रृंखला बनाकर अनिवार्य रूप से मतदान करने का संकल्प दोहराया ।

### वोट फॉर रन -

युवा वोटरों को जागरूक करने निगम भिलाई द्वारा शुक्रवार को श्रीराम चौक खुर्सीपार मैदान में प्रातः 7 बजे वोट फॉर रन का आयोजन किया गया है, जिसमें 17 नवंबर को होने वाले मतदान में हर नागरिक अपना मतदान करे अर्थात शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए क्षेत्र के लोगो को प्रोत्साहित किया जाएगा।

# हिंदी हृदय को छूने वाली भाषा:श्रीनिवास

**भिलाई, 3 नवंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 के सभागार में दिनांक 1 नवम्बर को विभाग प्रमुख व महाप्रबंधक प्रभारी ए बी श्रीनिवास के मुख्य आतिथ्य एवं महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी श्रीमती पुष्पा एम्ब्रोस की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए महाप्रबंधक एवं विभागीय राजभाषा समन्वय अधिकारी उमा शंकर परगनिहा ने जानकारी दी कि विभाग में अधिकाधिक कार्य हिंदी में सम्पादित किये जा रहे है। कार्यक्रम में राजभाषा विभाग द्वारा सामान्य ज्ञान पर आधारित हिंदी भाषा में एक



प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। प्रथम पुरस्कार विजेता महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी श्रीमती पुष्पा एम्ब्रोस, द्वितीय पुरस्कार विजेता, महाप्रबंधक मोहित आर्य तथा तृतीय स्थान पर महाप्रबंधक यतेंद्र कुमार रहे।

कार्यशाला में अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी ए बी श्रीनिवास ने कहा कि हिंदी हमारे देश की प्रमुख भाषा है। यह आम जनमानस की भाषा है व हृदय को छूती है। स्टील मेल्टिंग शॉप-3 ने राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग में वृद्धि हेतु सतत् प्रयास किया है। स्टील मेल्टिंग शॉप-3 शत-प्रतिशत पत्राचार हिंदी में करने को प्रतिबद्ध है तथा यही कारण है कि विभाग को राजभाषा के पुरस्कार प्राप्त होते रहे हैं। सहायक प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने राजभाषा के सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी। कार्यक्रम में महाप्रबंधक प्रभारी ए बी श्रीनिवास, महाप्रबंधक यतेंद्र कुमार, महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी सुश्री पुष्पा एंब्रोस, महाप्रबंधक पी सतपथी, महाप्रबंधक संजीव कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक प्रमोद कुमार अग्रवाल, महाप्रबंधक मोहित आर्य, महाप्रबंधक राजीव वर्मा, महाप्रबंधक डी के वार्ष्णेय, महाप्रबंधक डी एल कुमार, महाप्रबंधक उमाशंकर परगनिहा, उप महाप्रबंधक पवित्र कुमार राय तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे। महाप्रबंधक व विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारी उमा शंकर परगनिहा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

**एक नजर**

## सभी रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में डाक मतपत्र सुविधा केन्द्र स्थापित



**राजनांदगांव 3 नवम्बर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के निर्वाचन कार्य हेतु ड्यूटी पर तैनात अधिकारी-कर्मचारी को डाक मतपत्र द्वारा अपने मताधिकार का उपयोग कर सकते है। निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा प्रदान करने के लिए जिले के सभी रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में डाक मतपत्र सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है। निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात सभी अधिकारी-कर्मचारी 2 एवं 3 नवम्बर 2023 को संबंधित रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय के डाक मतपत्र सुविधा केन्द्र में मतदान कर सकते हैं।

# अब तक 2041 मतदाताओं ने डाक मतपत्र के माध्यम से किया मतदान

## होम वोटिंग के माध्यम से अब तक 253 चिन्हांकित वृद्धजन तथा दिव्यांग मतदाताओं ने मताधिकार का किया प्रयोग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 3 नवम्बर।** जिले में डाक मतपत्र के माध्यम से अब तक होम वोटिंग तथा सेवा मतदाताओं एवं निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात कुल 2041 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले चिन्हांकित मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से होम वोटिंग की सुविधा दी गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत चिन्हांकित वृद्धजन एवं दिव्यांग मतदाताओं से डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने के लिए गठित विभिन्न विशेष मतदान दलों को विधानसभावार भिन्न-भिन्न रूट पर होम वोटिंग के लिए रवाना किया गया है। विशेष मतदान दलों द्वारा होम वोटिंग के लिए अथक परिश्रम करते हुए कार्य किया जा रहा है। साथ ही निर्वाचन ड्यूटी में तैनात मतदाताओं और सेवा मतदाताओं से भी डाक मतपत्र प्राप्त किए जा रहे हैं।



जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में 1 नवम्बर 2023 को होम वोटिंग के माध्यम से 140 चिन्हांकित 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं ने डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग किया। जिले में अब तक 253 चिन्हांकित वृद्धजन एवं दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग के माध्यम से मतदान किया है। 1 नवम्बर 2023 को डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से 34, राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र से 50, डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र से 30 एवं खुज्जी विधानसभा क्षेत्र से 26 चिन्हांकित वृद्धजन एवं दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग की है। होम वोटिंग के माध्यम से अब तक डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से 63, राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र से 86, डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र से 60 एवं खुज्जी विधानसभा क्षेत्र से 44 चिन्हांकित वृद्धजन एवं दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान किया हैं।

इसी तरह निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं हेतु सुविधा केन्द्र से विशेष संवाहक द्वारा 1 नवम्बर 2023 को 745 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं एवं अब तक कुल 1780 डाक मतपत्र प्राप्त हो गए है। 1 नवम्बर 2023 को डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से 175, राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र से 168, डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र से 217 एवं खुज्जी विधानसभा क्षेत्र से 185 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं। इस तरह अब तक डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से कुल 379, राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र से कुल 403, डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र से कुल 477 एवं खुज्जी विधानसभा क्षेत्र से कुल 521 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं। सेवा मतदाताओं से डाक द्वारा अब तक प्राप्त डाक मतपत्रों की कुल संख्या 8 है।

होम वोटिंग तथा सेवा मतदाताओं एवं निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं से 1 नवम्बर 2023 को कुल 892 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं और अब तक प्राप्त डाक मतपत्रों की कुल संख्या 2041 है। 1 नवम्बर 2023 को डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से 210, राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र से 219, डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र से 249 एवं खुज्जी विधानसभा क्षेत्र से 214 डाक मतपत्र प्राप्त हुए है। इस तरह अब तक डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से 443, राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र से 490, डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र से 540 एवं खुज्जी विधानसभा क्षेत्र से 568 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं।

## रूंगटा इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई फार ईस्ट टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन

**रायपुर 3 नवंबर।** राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए, सीबीएसई क्लस्टर टेनिस मीट 3, 4 और 5 नवंबर को रायपुर के रूंगटा इंटरनेशनल स्कूल (कृष्णा विकास ग्लोबल स्कूल द्वारा प्रबंधित) में होगी। चैंपियनशिप एक प्रतिष्ठित वार्षिक आयोजन है जिसमें इस वर्ष केवीजीएस टेनिस मैदान पर छत्तीसगढ़ (16 टीमें), ओडिशा (9 टीमें), पश्चिम बंगाल (7 टीमें) और असम (26 टीमें) की 58 टीमें भाग लेंगी। कुल 265 प्रतिभागियों में अंडर 17 और अंडर 19 दोनों श्रेणियों में 175 लड़के और 90 लड़कियां शामिल हैं। मेजबान स्कूल ने टूर्नामेंट के संचालन के लिए छत्तीसगढ़ टेनिस महासंघ के अधिकारियों को अपने साथ जोड़ा है। टूर्नामेंट 3 नवंबर को सुबह शुरू होगा और 5 नवंबर की दोपहर को समाप्त होगा, जिसमें सीबीएसई, भुवनेश्वर के क्षेत्रीय अधिकारी श्री के श्रीनिवासन मुख्य अतिथि होंगे।

## आइक्यू रीच लॉन्च करने की घोषणा

**रायपुर 3 नवंबर।** भारत की प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियों में से एक, भारती एयरटेल ने आज मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अपनी तरह का पहला मार्केटिंग कम्युनिकेशन प्लैटफॉर्म - एयरटेल आइक्यू रीच लॉन्च करने की घोषणा की।छोटे व मध्यम वर्ग के व्यवसाई (एसएमबी) को उनके ग्राहकों की आवश्यकतानुसार सहभागिता रणनीति के अनुरूप अपने वव्यवसाइक संदेशों को बेहतर बनाने की क्षमता प्रदान करने के लिए डिजाइन किये गए इस प्लैटफॉर्म से शहर में व्यवसाईयों को किफायती तरीके से अपने-अपने लक्षित ग्राहकों तक पहुँचने में आसानी होगी।

## आयुध फैक्ट्री लगाने का वादा भूल गये रमन सिंह: हिन्दू युवा मंच

**राजनांदगाँव 3 नवंबर।** हिन्दू युवा मंच नें जागो मतदाता जागो अभियान के तहत पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के उस वादे की याद आज दिलाई है, जो उन्होंने अपने पंद्रह साल की सत्ता में रहते हुए की थी। हिन्दू युवा मंच के जिलाध्यक्ष किशोर माहेश्वरी नें डॉ. रमन के द्वारा राजनांदगाँव में आयुध फैक्ट्री लगाने के वादे की याद दिलाते हुए उन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन के दोबारा सत्ता में लौटने पर पुराने अधूरे वादों कों भी प्राथमिकता के साथ पूरे करने की बात कहते हुए चेतावनी दी है कि, अगर डॉ. रमन ऐसा नहीं करते तो आगामी लोकसभा चुनाव और निकाय चुनाव में भी विकास के इन मुद्दों पर उन्हें घेरने से पीछे नही हटेंगे। आगे उन्होंनें कहा कि, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह नें अपने पंद्रह साल की लम्बी पारी में राजनांदगाँव की जनता से कई वादे किये थे, जिसमें से उन्होंने आधे भी नहीं निभायें। आगामी 7 और 17 नवम्बर कों होने वाले चुनावी समर में भी सत्ता में आनें पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन कई तरह के वादे कर जनता कों अपने पक्ष में मतदान करने वातावरण निर्मित करने का प्रयास करेंगे।

**लापता**



अंश खण्डेलवाल
ANSH KHANDELWAL
उम्र- २१ वर्ष
लापता दिनाँक- २८-१०-२३ (28-10-23)
लापता समय- दोपहर २:०० बजे
स्थान- राजनांदगाँव, (छ.ग.)
हरी टीशर्ट पहना हैं
मोबाइल नो. 8319861563 , 9303893173
6265226230

## नव गुरूकुल द्वारा युवतियों के लिए निःशुल्क सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग प्रोग्राम

**रायपुर 3 नवंबर।** नव गुरुकुल संस्था द्वारा रायपुर जिले में निःशुल्क सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग प्रोग्राम का संचालन किया जा रहा है। रिक्त सीट पर अभी भी प्रवेश के अवसर है। ऐसे उम्मीदवार जो पूर्व में आयोजित ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा में किसी वजह से पिछड़ गए थे, वे भी अपना पंजीयन करा सकते हैं। उम्मीदवारों का चयन ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा के बाद साक्षात्कार के आधार पर होगा। रायपुर ज़िला प्रशासन के मार्गदर्शन में नव गुरुकुल संस्थान द्वारा संचालित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम निःशुल्क एवं आवासीय है। पर्सनल लैपटॉप के साथ ही आधुनिक कौशल जैसे- इंग्लिश स्पीकिंग, लीडरशिप स्किल, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट संबंधी प्रशिक्षण भी इस अवधि में दिए जाएंगे। इस प्रशिक्षण के पश्चात रोजगार के अवसर होंगे तथा कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्य का अवसर भी प्रशिक्षुओं को प्राप्त होगा। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष क्र. 8516032060 पर संपर्क कर सकते हैं।

# आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन

■ भाजपा कार्यकर्ता ने की शिकायत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ 3 नवबर।** आचार सहिंता का खुलेआम उल्लंघन करते कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओ सहित नपाध्यक्ष द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं का पुतला दहन का मामला प्रकाश में आया है। चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस व भजापा पार्टी के कार्यकर्ता जनसंपर्क करते किसी अफवाह को लेकर आमने सामने भीड़ गए और बात इतनी बढ़ गई कि कांग्रेसियों ने भाजपा पार्टी के कार्यकर्ताओं का पुतला दहन कर दिया गया। जिसकी शिकायत भाजपा कार्यकर्ता ने चुनाव रिटर्निंग अधिकारी सहित पुलिस थाने में की है। ज्ञापन में उल्लेख है कि विगत 31/10/23 दिन मंगलवार को डोंगरगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 74 अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा वार्ड क्रमांक 16 में जनसंपर्क किया जा रहा था, तभी वहा जनसंपर्क करते हुए वार्ड के कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ता जो शराब के नशे में धूत थे उनके साथ महिला भाजपा कार्यकर्ताओं की बहस हो गई, कुछ समय बाद बहस शांत भी हो गई और जनसंपर्क करने आए भाजपा कार्यकर्ता भी वहा से लौट आए। परंतु राजनेतिक लाभ लेने के उद्देश्य से उक्त रात्रि 8¬30 बजे कांग्रेस पार्टी और डोंगरगढ़ नगरपालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम एवम उनके साथ आए कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं का पुतला दहन कर दिया गया, जिसे मीडिया कवरेज करवाकर वायरल भी करवाया।उक्त कृत्य आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन की श्रेणी में आता है जिस पर अनावेदक एवम साथिगणों के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के लिए कठोरतम कार्यवाही करने की मांग की गई है।

# लोकनाथ भारती ने किया वनांचल क्षेत्र का दौरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 3 नवंबर ।** विधानसभा क्षेत्र ग्राम करेलागढ़, गातापर (जंगल ), गाड़ाघाट, नवागांव, बरगाव, पाड़ादाह, बेंदरिडीह, बैगाटोला, ईटार, जंगलपुर, सिवनी, चंगुर्दा, बरबसपुर, टेमरी आदि गांव में आमसभा किया। जिसमें प्रदेश में अगर जोगी कांग्रेस की सरकार बनती है तो पुरे राज्य में योजनाओं को विस्तार कैसे होगा इस बारे में चर्चा करते हुए लोकनाथ भारती ने बताया की हमारी सरकार बनते ही किसानो का धान 4000रूपये प्रति क्विंटल जोगी सरकार खरीदी करेंगी। वृद्ध महिलाओ को 4500रूपये प्रति माह पेंशन देगी, राज्य के बेरोजगारों को 3000 रूपये प्रति माह। भूमिहीन किसानो को प्रत्येक वर्ष 1लाख रूपये। दारू की जगह दूध क्रांति लाना।तथा जो परिवार मकान बनाने में असमर्थ है उसे 2रूम जोगी आवास प्रदान किया जायेगा , गैस सिलेंडर 300रूपये किया जायेगा। ये शपथ पत्र में लिखकर हमारे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने छत्तीसगढ़ से गरीबी हटाने का संकल्प लिया है सरकार बनने पर यह योजना आमलोगों तक पहुंचेगा चुनाव सभा में आप सभी से



अपील करता हूं ।की राज्य में जोगी कांग्रेस की सरकार बनाये। जोगी कांग्रेस प्रत्याशी लोकनाथ भारती को बटन क्रमांक 2 में बटन दबाकर जोगी कांग्रेस सरकार बनाये।इस दौरान अजीत जोगी युवा मोर्चा लोकसभा अध्यक्ष अमर गोस्वामी, युवा लोकसभा उपाध्यक्ष आकाश वर्मा युवा नेता सेवक कँवर, रमेश मारकंडे, लल्तीन बाई कुर्रे, और कार्यकर्त्ता साथ ही सभी ग्रामो के ग्राम वासी उपस्थित थे।

## विशेष मतदान दल वृद्धजन एवं दिव्यांग मतदाताओं के घर पहुंचकर करा रहे मतदान

**राजनांदगांव 3 नवम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए जिले के विधानसभाओं में होम वोटिंग की



व्यवस्थाओं के तहत विशेष मतदान दल 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले चिन्हांकित मतदाताओं के घर पहुंचकर मतदान की संपूर्ण प्रक्रियाओं का निर्वहन करते हुए मतदान करा रहे हैं। इसी तारतम्य में आज डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न चिन्हांकित वृद्धजन एवं दिव्यांग मतदाताओं के घर पहुंचकर मतदान दल ने मतदान कराया। ग्राम सिंगपुर की सुश्री डीमला वर्मा ने होम वोटिंग सुविधा का लाभ उठाया और भारत निर्वाचन आयोग का धन्यवाद ज्ञापित किया। आयोग द्वारा दी गई इस सुविधा पर उन्होंने कहा कि आज उन्हें इस बात की खुशी हो रही है कि उन्हें मतदान केन्द्र जाकर न तो इंतजार करना पड़ेगा और न ही लाईन में खड़े में रहने की बाध्यता रहेगी। ज्ञातव्य है कि सुश्री वर्मा 90 प्रतिशत दिव्यांग है, जिन्हें कही भी आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस होम वोटिंग की सुविधा ने उन्हें मताधिकार करने का घर बैठे सुअवसर प्रदान किया। इसी तरह ग्राम सिंगपुर की ही श्रीमती गयाबाई सिन्हा जो 83 वर्ष की है, उन्होंने भी होम वोटिंग सुविधा का लाभ उठाया। उन्हें वृद्धावस्था के कारण चलने-फिरने के कारण मतदान केन्द्र पहुंचने में दिक्कत थी। लेकिन होम वोटिंग की सुविधा मिलने से आज उन्होंने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें देखने में भी दिक्कत होती है। आज यह सुविधा मिलने से और वह भी मतदान दिवस के पहले अवसर मिलने से बिना किसी परेशानी के मतदान करने का अवसर मिला है। ग्राम बुंदेलीकला के श्री पुसेराम वर्मा जिनकी उम्र 83 वर्ष है, आश्चर्य मिश्रित प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घर बैठे मतदान की सुविधा प्रदान किया जाना उनके लिए आश्चर्यजनक है। होम वोटिंग सुविधा मिलने से बिना समय गंवाए और आराम के साथ मतदान संभव हो सका है। इसी ग्राम की श्रीमती झरिया बाई ठाकुर ने भी होम वोटिंग सुविधा का लाभ उठाया और इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग को धन्यवाद ज्ञापित किया। ग्राम टेमरी की 93 वर्षीय श्रीमती मंगलीन बाई पटेल ने होम वोटिंग के जरिए मतदान किया। ग्राम बिरेझर के दिव्यांग श्री पुसऊराम बारले और 95 वर्षीय श्रीमती फूलबाई ने होम वोटिंग सुविधा का लाभ उठाते हुए मतदान किया। इन दोनों मतदाताओं ने होम वोटिंग कर खुशी जाहिर की। इस दौरान सेक्टर ऑफिसर, माईक्रो आब्र्जवर एवं मतदान दल उपस्थित थे।

## व्यय प्रेक्षकों ने किया अभ्यर्थियों का लेखा जांच परीक्षण

**राजनांदगांव 3 नवम्बर ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा डोंगरगढ़ एवं राजनांदगांव के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक मुग्धा किरण सरदेशपाण्डे तथा विधानसभा डोंगरगांव एवं खुज्जी के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक डॉ. ललिता कुमारी द्वारा निर्वाचन लडने़ वाले अभ्यर्थियों का लेखा जांच परीक्षण किया गया। इसके अंतर्गत व्यय प्रेक्षक मुग्धा किरण सरदेशपाण्डे ने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ अंतर्गत 01 नवम्बर 2023 को आयोजित लेखा जांच परीक्षण में निर्वाचन लडने़ वाले 10 अभ्यर्थी में से 7 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। प्राप्त जानकारी अनुसार बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी श्री बहादुर कुर्रे का 3 लाख 50 हजार 360 रूपए, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के अभ्यर्थी श्री लोकनाथ भारती का 1 लाख 45 हजार 680 रूपए, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी श्री विनोद खांडेकर का 20 लाख 9 हजार 114 रूपए, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल का 12 लाख 30 हजार 424 रूपए, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के अभ्यर्थी श्री नारायण जगने का 5 हजार रूपए, आजाद जनता पार्टी के अभ्यर्थी श्री रामसाय राठौर का 5 हजार रूपए, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के अभ्यर्थी श्री विक्की कुमार चेलक का 43 हजार रूपए, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री नितिन कुमार भाण्डेकर का 5 हजार रूपए, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री विनायक धमगाये का 5 हजार 504 रूपए एवं निर्दलीय अभ्यर्थी श्री हेम कुमार सतनामी का 6 हजार 300 रूपए अब तक व्यय हुआ है।

इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत 31 अक्टूबर 2023 को आयोजित लेखा जांच परीक्षण में कुल निर्वाचन लडने़ वाले 29 अभ्यर्थी में से 25 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। प्राप्त जानकारी अनुसार इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी श्री गिरीश देवांगन का 7 लाख 76 हजार 300 रूपए, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी डॉ. रमन सिंह का 6 लाख 86 हजार 356 रूपए, बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी बिंदू फूले का 56 हजार 175 रूपए, आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया के अभ्यर्थी श्री ढालचंद साहू का 23 हजार 900 रूपए, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के अभ्यर्थी श्री मनीष देवांगन का 17 हजार 500 रूपए, समाज पार्टी के अभ्यर्थी श्री राजकुमार का 78 हजार 757 रूपए, रिपब्लिकन पक्ष (खोरिपा) के अभ्यर्थी प्रतिमा वासनिक का 10 हजार रूपए, शक्ति सेना (भारत देश) के अभ्यर्थी फूलेश्वरी साहू का 10 हजार रूपए, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के अभ्यर्थी श्री देबीलाल सिरमौर का 10 हजार 200 रूपए, आजाद जनता पार्टी के अभ्यर्थी श्री विमल अग्रवाल का 10 हजार रूपए, निर्दलीय अभ्यर्थी चन्द्रमणी वर्मा का 11 हजार 500 रूपए, निर्दलीय अभ्यर्थी दीपा लव रामटेके का 27 हजार 950 रूपए, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री प्रयाग साहू का 39 हजार 120 रूपए, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री माखन यादव का 13 हजार 50 रूपए, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री राजेन्द्र कुमार भारती का 5 हजार रूपए, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री विरेन्द्र दीवान का 10 हजार रूपए, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री मूलचंद साहू का 10 हजार रूपए, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री मृत्युंजय तिवारी का 10 हजार रूपए, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री राकेश तिवारी का 10 हजार रूपए, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री गुरप्रीत सिंह चहल का 10 हजार रूपए, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री राहुल जैन का 10 हजार रूपए, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री रूपेश दास मानिकपुरी का 10 हजार रूपए, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री लोकनाथ साहू का 10 हजार रूपए, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री विजय साहू का 10 हजार रूपए एवं निर्दलीय अभ्यर्थी श्री विशेष धमंगाये का 5 हजार 504 रूपए अब तक व्यय हुआ है।व्यय प्रेक्षक डॉ. ललिता कुमारी द्वारा 31 अक्टूबर 2023 को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी से निर्वाचन लडने़ वाले अभ्यर्थियों का लेखा जांच परीक्षण किया गया। उल्लेखनीय है कि व्यय प्रेक्षक मुग्धा किरण सरदेशपाण्डे द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ अंतर्गत व्यय लेखा रजिस्टर का तृतीय निरीक्षण रविवार 5 नवम्बर 2023 को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़ में तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत व्यय लेखा रजिस्टर का तृतीय निरीक्षण शनिवार 4 नवम्बर 2023 को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक जिला पंचायत राजनांदगांव के सभाकक्ष में किया जाएगा।

# करवाचौथ का व्रत रखकर सुहागिनों ने मांगी पति के लिए लंबी उम्र

**अंवरी 3 नवंबर।** अंवरी सहित अंचल के गांव में पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने बुधवार को करवाचौथ का व्रत पूरे उत्साह से रखा। बुधवार तड़के उठ कर महिलाओं ने सरगी के तौर पर दूध, फैनियां, फल और सब्जी के साथ रोटी खाई। इसके बाद से उनका व्रत शुरू हो गया। महिलाओं ने सारा दिन पानी तक नहीं पिया। शाम को महिलाएं अपने अपने घरों में विधि विधान से पूजा अर्चना किये । बाद में महिलाओं ने बेरी व पीपल के पेड़ों को जल का अ?र्घ्य दिया। बहुओं ने अपनी सासु मांओं को , मिठाईयां, बादाम और वस्त्रों के अलावा अन्य वस्तुएं दी। सासु मांओं ने भी बहुओं को करवाचौथ से संबंधित उपहार दिए। विवाहिताओं ने अपनी सास और पति के पैर छू कर आशीर्वाद लिया। रात करीब साढ़े आठ बजे चंद्रमा के उदय होने पर व्रतियों ने छननी से चंद्र दर्शन करके चंद्र को अ?र्घ्य दिया। रात के भोजन के साथ महिलाओं ने अपना व्रत पूरा किया। व्रत पूरा करके महिलाओं ने भगवान से अपने पति की लंबी आयु उम्र मांगी। सुपेला निवासी घनश्याम साहू, टिकेश्वरी साहू ने करवा व्रत की कथा बताते हुए कहती है की पौराणिक कथा के अनुसार, प्राचीन समय में एक करवा नाम की पतिव्रता स्त्री थी। एक दिन उसका पति नदी में स्नान करने गया है तो नहाते समय एक मगरमच्छ ने उसका पैर पकड़ा लिया और निगलने के लिए खींचने लगा। उसने चिल्लाकर अपनी पत्नी करवा को बुलाया और सहायता के लिए कहने लगा। करवा बहुत पतिव्रता थी, इस लिए उसके सतीत्व में बहुत बल था। करवा ने नदी के तट पर अपने पति के पास पहुंचकर अपनी सूती साड़ी से धागा निकालकर अपने तपोबल से उस मगरमच्छ को बांध दिया। सूत के धागे से बांधकर करवा मगरमच्छ को लेकर यमराज के पास पहुंची। यमराज ने करवा से पूछा कि, आप यहां क्या कर रही हैं और आप चाहती क्या हैं। करवा ने यमराज से कहा कि इस मगर ने मेरे पति के पैर को पकड़ लिया था इसलिए आप अपनी शक्ति से इसके मृत्युदंड दें और उसको नरक में ले जाएं। यमराज ने करवा से कहा कि अभी इस मगर की आयु शेष हैं इसलिए वह समय से पहले मगर को मृत्यु नहीं दे सकते। इस पर करवा ने कहा कि अगर आप मगर को मारकर मेरे पति को चिरायु का वरदान नहीं देंगे तो मैं अपने तपोबल के माध्यम से आपको ही नष्ट कर दूंगी। करवा की बात सुनकर यमराज के पास खड़े चित्रगुप्त सोच में पड़ गए क्योंकि करवा के सतीत्व के कारण ना तो वह उसको शाप दे सकते थे और ना ही उसके वचन को अनदेखा कर सकते थे। तब उन्होंने मगर को यमलोक भेज दिया और उसके पति को चिरायु का आशीर्वाद दे दिया।

# फटाका दुकान के लिए निगम सभागृह में लाटरी के माध्यम से अस्थाई भूखण्ड आबंटन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 3 नवम्बर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली में फटाका दुकान लगाया जाना है जिसके लिए नगर निगम द्वारा दिनांक 3 नवम्बर शुक्रवार को दोपहर 4 बजे लायेसेंसी फटाका व्यवसायियों को लाटरी के माध्यम से विधिवत अस्थायी भूखण्ड आबंटित किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुये निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष फटाका दुकान महंत राजा बलरामदास शासकीय उत्कृष्ठ हिन्दी माध्यम विद्यालय के मैदान (स्टेट स्कूल मैदान) में लगाये जाने का निर्णय लिया गया था किन्तु फटाका व्यवासयियों की सुविधा को देखते हुये इस वर्ष भी म्युनिसिपल स्कूल मैदान में ही फटाका दुकान लगाने अस्थाई भूखण्ड आबंटन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में 31 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसमें वृद्धि करते हुये फटाका दुकान के लिए लीयसेंसी फटाका व्यापारियों से 3 नवम्बर 2023 शुक्रवार को दोपहर 3:00 बजे तक वर्तमान नवीनीकृत लायसेंस वर्ष 2023-24 की स्व प्रमाणित प्रतिलिपि एवं छत्तीसगढ़ वस्तु व सेवाकर अधिनियम 2017 की धारा 24 (2) अंतर्गत साधारण टैक्स पेयर के तहत जी.एस.टी. पंजीयन की प्रति के साथ आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन के लिये आवेदन शुल्क एवं अस्थायी भूखण्ड आबंटन शुल्क राशि रूपये 3991.00 (तीन हजार नौ सौ इन्क्यानवे रूपये मात्र) देकर आवेदन प्राप्त कर जमा किया जायेगा। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि आवेदनों के परीक्षण उपरांत दुकानों के लिये अस्थाई भूखण्ड का आबंटन नम्बरिंग लाटरी के माध्यम से 3 नवम्बर 2023 शुक्रवार को दोपहर 4:00 बजे नगर निगम के सभागृह में किया जावेगा। उन्होंने कहा कि फटाका व्यवसायियों को 3991.00 रूपये का रसीद लेकर लाटरी में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

## जनसंपर्क कार्यक्रम में भेंट मुलाकात कर अपने पक्ष में समर्थन जुटा रहे

# यह चुनाव किसान के पोषक व किसान के शोषक के बीच: गिरीश देवांगन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 3 नवंबर।** राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी गिरीश देवांगन अपने जीवंत जनसंपर्क कार्यक्रम में आत्मीय भेंट मुलाकात कर अपने पक्ष में समर्थन जुटा रहे हैं इसी कड़ी में आज जनसंपर्क यात्रा पुराना ढाबा पार्षद कार्यालय से निकली जो वार्ड का भ्रमण करते हुए शिवनगर, सतनामी पारा होते हुए नया ढाबा में जनसंपर्क किया तत्पश्चात यात्रा वार्ड 39 सागर पारा होते हुए दिग्विजय कालेज होते हुए दुर्गा चौक से बांसपाई पारा शिवमंदिर में आज की यात्रा का समापन हुआ। क्षेत्र का भ्रमण करते हुए कहा कि यह चुनाव किसान के पोषक और किसान के शोषक के बीच की है एक तरफ भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने किसानों को किस प्रकार से पोषित कर उन्हें आत्मनिर्भर और मजबूत किया वहीं दूसरी ओर 15 वर्षीय भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ में किसानों का सिर्फ शोषण किया और केंद्र में बैठी भाजपा सरकार किसानों के कृषि यंत्रों पर जीएसटी लगाकर डीजल पेट्रोल के दाम बढ़ाकर बोझ देने का काम की वहीं अभी 1 नवंबर से धान खरीदने प्रारंभ हो गया है पर बायोमेट्रिक मशीन ना भेज कर छत्तीसगढ़ सरकार की धान खरीदी योजना को भी बाधित करने का काम किया है राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के भारत माला परियोजना के सड़क अंतर्गत जिन किसानों को जमीन अधिकृत की गई है उन किसानों को केंद्र सरकार के अधीन एन एच आई आज तक मुआवजा न देकर के उन किसानों और उनके परिवारों को बीच मझधार में खड़ा कर दिया है और विधायक डॉ रमन सिंह मौन है



इसी प्रकार राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में अंग्रेजी माध्यम कॉलेज खोलकर शिक्षा के क्षेत्र में जो क्रांतिकारी कदम बढ़ाया वही आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के साथ-साथ के जी से पी जी तक निशुल्क शिक्षा की घोषणा कर कांग्रेस ने अनुपम शिक्षा क्रांति नीति लाने को संकल्पित है। कांग्रेस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार जनसंपर्क के दौरान प्रमुख रूप कुतबुद्दीन सोलंकी, नरेश डाकलिया, मेहुल मारू, दिनेश शर्मा, सूर्यकांत जैन, सचिन टूरहाटे, सुनील रामटेके, उमेश साहू, अब्बास खान, सुरेन्द्र देवांगन, नारद सिन्हा, शरद पटेल, दुर्गेश धीवर, शैलेष रामटेके, नरेन्द्र सिन्हा, पन्ना लाल साहू, देवनाथ यादव, हेमंत साहू, फुनेश्वर साहू, साहिल वर्मा, प्रतिभा रामटेके, यशोदा साहू, रामबाई साहू, जामिन साहू, शीला बाई, लक्ष्मी साहू, कचरा बाई, तरूण चतुर्वेदी, सीमा यादव, नेहा साहू, पूर्णिमा साहू, मिलोबाई सहित शहर कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस सहित सभी विंगों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समस्त कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## खतरा बढ़ा या घटा?

संपादकीय

आईसीएमआर के मुताबिक कोविड-19 के बाद दिल के मरीजों में 14 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है। अगर इसकी वजह सिर्फ संक्रमण का दीर्घकालिक प्रभाव है, तो फिर वैक्सीन से खतरा घटा, ऐसा कहने का क्या आधार बनता है, इसे आईसीएमआर को स्पष्ट करना चाहिए।चूंकि मामला लोगों की जिंदगी और सेहत से जुड़ा है, इसलिए इस पर समाज में बहस खड़ी हो जाना उचित ही है। बहस की पृष्ठभूमि नवरात्रि के दौरान गुजरात में गरबा के दौरान हार्ट अटैक होने की कई घटनाएं रोशनी में आने से बनी। खबरों में बताया गया कि इस वर्ष गरबा के दौरान 473 लोगों को दिल के दौरे पड़े, जिनमें से अनेक की मौत हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने इन दुखद घटनाओं का संबंध कोरोना संक्रमण से बताया। उन्होंने आईसीएमआर का हवाला देते हुए कहा कि जिन लोगों को गंभीर कोविड संक्रमण का शिकार हुए अभी ज्यादा वक्त ना गुजरा हो, उन्हें ज्यादा शारीरिक मेहनत नहीं करनी चाहिए। ऐसे लोगों को तेज दौड़ने या श्रमसाध्य व्यायाम से बचना चाहिए। गौरतलब है कि दुनिया में कोविड महामारी के बाद दिल का दौरा पड़ने के मामलों में उछाल आया है। बहुत से विशेषज्ञ इसकी वजह कोविड वैक्सीन को बताते हैं। आरोप है कि जल्दबाजी में कंपनियों ने वैक्सीन की सुरक्षा संबंधी पूरी जांच नहीं की, जिसके दीर्घकालिक साइड इफेक्ट्स अब लोगों को भुगतने पड़ रहे हैं। हालांकि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने अपनी शोध रिपोर्ट में वैक्सीन का बचाव किया है। उसने कहा है कि कोरोना के टीके से युवाओं में अचानक मौत का खतरा नहीं बढ़ा है, बल्कि वैक्सीन के प्रभाव से ऐसा खतरा घटा है। चूंकि हार्ट अटैक से युवाओं की मौत के मामले भारत में भी बढ़े हैं, इसलिए आईसीएमआर ने यह अध्ययन किया था। उसकी रिपोर्ट में कहा गया कि जिन लोगों को गंभीर संक्रमण का सामना करना पड़ा है, उन्हें एक या दो साल तक अत्यधिक परिश्रम नहीं करना चाहिए। यह शोध रिपोर्ट अभी तक कहीं प्रकाशित नहीं हुई है। लेकिन स्वास्थ्य मंत्री ने इसका सार्वजनिक रूप से हवाला दे दिया। इसीलिए इस पर विवाद खड़ा हुआ है। खुद आईसीएमआर की रिपोर्ट के मुताबिक कोविड-19 के बाद दिल के मरीजों में 14 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है। अगर इसकी वजह सिर्फ संक्रमण का दीर्घकालिक प्रभाव है, तो फिर वैक्सीन से खतरा घटा, ऐसा कहने का क्या आधार बनता है, इसे भी आईसीएमआर को स्पष्ट करना चाहिए।

### तेलंगाना में कांग्रेस की रणनीति के खतरे

कांग्रेस पार्टी ने तेलंगाना में एक रणनीति अपनाई है, जिसके तहत पार्टी के छोटे से बड़े सारे नेता मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की पार्टी को भाजपा की बी टीम बता रहे हैं। पिछले छह महीने में भाजपा ने जिस तरह से राजनीति की उससे भी यह नैरेटिव सेट हुआ। भाजपा ने छह महीने पहले ही अपना प्रचार पीक पर पहुंचा दिया और उसके बाद पीछे हट गई। उसके बाद से कांग्रेस ने चंद्रशेखर राव की पार्टी बीआरएस को भाजपा रिश्तेदार पार्टी कहना शुरू कर दिया। इस रणनीति के कुछ फायदे हैं तो बड़ा नुकसान भी संभव है। बीआरएस और भाजपा को एक जैसा बताने या एक सिक्के के दो पहलू बताने का कांग्रेस को लाभ यह है कि मुस्लिम वोट बीआरएस से टूट सकता है। लेकिन इसका नुकसान भी है। कांग्रेस के ही नेता मान रहे हैं कि बीआरएस और भाजपा को एक बताने का प्रचार ज्यादा हुआ तो मुस्लिम वोट में कांग्रेस को जितना लाभ मिलेगा उतना ही नुकसान हिंदू वोट का हो सकता है। कांग्रेस के एक जानकार नेता का आकलन है कि बीआरएस से टूट कर जो हिंदू वोट भाजपा में जा सकता था उसका टूटना रूक जाएगा और संभव है कि वह बीआरएस के साथ बना रहे। यह भी संभव है कि मुस्लिम वोट का रूझान कांग्रेस की ओर दिखने पर हिंदू वोट का ध्रुवीकरण बीआरएस के साथ हो जाए। इसलिए यह रणनीति तलवार की धार पर चलने जैसा है। कांग्रेस को सोच विचार कर इस रणनीति को आगे बढ़ाना चाहिए।

# प्याज के शतक वीर बनने के ख्वाब को तोड़ने पर सरकार एक्शन में

**गंभीर समस्या**

**किशन सनमुखदास भावनानी**



**दिल्ली के बाद सर्वाधिक कीमतों में बढ़ोत्तरी गोवा और पुडुचेरी में देखी गई है, जहां बीते मंगलवार को औसत खुदरा कीमत 72 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई। अन्य राज्यों में प्याज की खुदरा कीमतें 55 रुपये से 69 रुपये प्रति किलोग्राम तक दर्ज की गई हैं।**

भारत में एक ओर जहां आईसीसी विश्व कप क्रिकेट मैच में दिनांक 2 नवंबर 2023 को देर रात्रि 33 वें मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को 55 रन पर सिमटा कर टीम को शतकवीर बनने से रोक कर मैच जीत ली है। ठीक उसी प्रकार भारत सरकार भी लगातार तेजी से महंगे हो रहे प्याज के शतकवीर बनने के ख्वाब को तोड़ने के लिए उपभोक्ता मंत्रालय लगातार रणनीतियां बनाकर उसे तोड़ने के लिए एक्शन लेकर शतकवीर नहीं बनने देने की ठान ली है, जिसके परिणाम को हासिल करने के लिए भारत ने पहले 31 दिसंबर 2023 तक प्याज के निर्यात को रोकने के लिए या बंदिश लगाने के लिए 40 प्रतिशत सीमा शुल्क लगा दिया था और फिर 29 अक्टूबर 2023 को प्याज़ के निर्यात को थामने के लिए प्याज का निर्यात मूल्य 800 डॉलर प्रति टन कर दिया था और आज 2 नवंबर 2023 को शासन ने एक लाख टन प्याज को खुदरा बाजार में बेचने का निर्णय लिया है जो भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ लिमिटेड (नाफेड) के जरिए खुदरा बाजारों में स्थान पहचान कर सस्ते मूल्य पर बेचा जाना है जिससे जमाखोरों तथा कथित व्यापारियों मुनाफाखोरों के मंसूबों पर नियंत्रण किया जा सके, जिसका रिजल्ट हमें देखने को मिल रहा है कि पिछले बार में 1.70 लाख तन खुदरा बाजार में बेचकर मूल्य नियंत्रण किया गया जो हमने देखा कि अनेक स्थानों पर ब्याज 25 रुपए प्रति किलो बेचा जा रहा है जो रणनीतियां बनाकर बेचना जारी है। चूंकि प्याज की कीमतों प्याज को शतकवीर बनने के ख्वाब को तोड़ने के लिए सरकार एक्शन में है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, प्याज की कीमतों में नियंत्रण हेतु 1 लाख टन प्याज़ खुदरा बाजार में उतारने का सरकार का निर्णय सराहनीय है।

साथियों बात अगर हम प्याज के शतक वीर बनने के ख्वाब को तोड़ने के लिए सरकार के एक्शन की करें तो, जहां एक ओर शतकवीर बनने की ओर अग्रसर प्याज की कीमतों को थामने के लिए सरकार ने प्याज का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 800 डॉलर प्रति टन तय कर दिया था। जो एक किलो में यह 67 रुपये प्रति किलो बैठता है,यानी इस कीमत से कम मूल्य पर प्याज का निर्यात नहीं किया जा सकेगा। हालांकि, सरकार ने पहले से प्याज के निर्यात पर 40 फीसदी शुल्क लगा रखा है जिससे निर्यात लगभग ठप है। विशेषज्ञ बता रहे हैं कि सरकार के इस कदम का कीमतों पर फिलहाल बहुत ज्यादा असर नहीं पड़ेगा और अभी करीब एक महीने तक महंगे प्याज से उपभोक्ताओं का सामना होता रहेगा। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के एक बयान में कहा गया है कि यह फैसला 29 अक्टूबर से 31 दिसंबर, 2023 तक प्रभावी रहेगा। घरेलू बाजार में प्याज की उपलब्धता बढ़ाने के लिए सरकार ने बफर स्टॉक के तहत 2 लाख टन अतिरिक्त प्याज खरीदने का भी फैसला किया था। इस साल अभी तक बफर स्टॉक के लिए 5 लाख टन प्याज की सरकारी खरीद हो चुकी है, जिसमें से 1.70 लाख टन बाजार में उतारा जा चुका हैएनसीसीएफ और नेफेड के जरिये देश के चुनिंदा बाजारों में उपभोक्ताओं को 25 रुपये प्रति किलो की दर पर किफायती प्याज मुहैया कराया जा रहा है। अभी फिर 1 लाख टन प्याज खुदरा बाजार में उतारने का फैसला किया गया है। नाफेड के पास डेढ़ लाख टन प्याज का भंडार है नाफेड 25 रुपये प्रति किलो की दर से प्याज उपलब्ध कराता रहेगा। साथियों बात अगर हम नाफेड द्वारा सस्ती कीमतों पर प्याज़ उपलब्ध कराने की करें तो, देश में बढ़ती प्याज की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने बफर स्टॉक से प्याज को बाजारों में भेजना शुरू कर चुकी है।जबकि,कंज्यूमर को महंगी कीमत से राहत देने के लिए सरकार ने बाजार भाव से 3 गुना सस्ती प्याज 170 शहरों में उपलब्ध करा रही है. सरकार की समितियों एनसीसीएफ और नेफेड के जरिए प्याज की बिक्री करा रही है। बिक्री वाले शहरों में दिल्ली एनसीआर के 71 जगह, जयपुर में 12 जगह और वाराणसी में 10 जगहों समेत कई शहरों में केवल 25 रुपये में प्याज बेची जा रही है।एक सप्ताह में प्याज की कीमत दोगुनी तेजी से बढ़ी है। प्याज की कीमतों में तेज उछाल देखा गया है, पिछले एक सप्ताह में कीमतों में 2 गुना वृद्धि हुई है।खुले बाजार में प्याज अब 60 से 90 रुपये प्रति किलोग्राम पर बिक रही है। प्याज की कीमतों को नियंत्रत करने के लिए सरकार ने अपना बफर स्टॉक से प्याज को शहरों में बिक्री के लिए तेजी से भेज रही है। सरकार अब एनसीसीएफ और नेफेड के जरिए देश के 170 शहरों और 685 केंद्रों में स्थापित स्टाल्स और मोबाइल वैन से 25 रुपये प्रति किलोग्राम कीमत पर प्याज बेच रही है। दिल्ली-एनसीआर में 71, जयपुर में 22, लुधियाना में 12, वाराणसी में 10, रोहतक में 6 और श्रीनगर में 5 सहित विभिन्न स्थानों पर मोबाइल वैन के माध्यम से सस्ती प्याज की बिक्री की जा रही है. इसके अलावा भोपाल, इंदौर, भुवनेश्वर,हैदराबाद और बेंगलुरु में मोबाइल वैन के जरिए रियायती प्याज की बिक्री भी जारी है। दिल्ली के बाद गोवा और पुडुचेरी में सबसे महंगी प्याज उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार दिल्ली में प्याज की कीमतें 25 अक्टूबर को करीब 40 रुपये प्रति किलोग्राम थीं और यह कीमत 29 अक्टूबर को दोगुनी होकर 80 रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गई। वर्तमान में दिल्ली में प्याज की औसत खुदरा कीमतें अन्य राज्यों की तुलना में सबसे अधिक हैं। दिल्ली के बाद सर्वाधिक कीमतों में बढ़ोत्तरी गोवा और पुडुचेरी में देखी गई है, जहां बीते मंगलवार को औसत खुदरा कीमत 72 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई। अन्य राज्यों में प्याज की खुदरा कीमतें 55 रुपये से 69 रुपये प्रति किलोग्राम तक दर्ज की गई हैं। साथियों बात अगर हम प्याज महंगाई के कारणों की करें तो, साल के इस समय, दक्षिण के राज्यों से भी प्याज की आपूर्ति होती थी, जिससे कीमतें नियंत्रित रहती थीं।हालांकि दक्षिण के राज्यों में अभी तक प्याज की फसल तैयार नहीं हुई है, लेकिन प्याज कारोबारियों के मुताबिक, आने वाले एक महीने में दक्षिण के राज्यों से प्याज की आवक बढ़ेगी, जिससे इसकी कीमतों में कमी की संभावना है। प्याज कारोबारी बता रहे हैं कि बाजार में ज्यादातर प्याज पिछले साल के कोल्ड स्टोरेज से निकाले जा रहे हैं, और उस स्टॉक का भी काफी हिस्सा सड़ चुका है.द्य। थोक विक्रेता ने बताया कि फिलहाल थोड़ी बहुत प्याज की आवक नासिक, बेंगलुरु और इंदौर से हो रही है, और कीमतें बढ़ने पर नुकसान के खतरे को देखते हुए बड़े कारोबारी भी जरूरत के मुताबिक ही प्याज मंगा रहे हैं। प्याज एसोसिएशन के अध्यक्ष के मुताबिक, एक महीने पहले थोक मंडी में प्याज की कीमत 25 से 28 रुपए किलो के बीच थी, लेकिन अब यह बढ़कर 50 से 52 रुपए हो गई है, उनका मानना है कि प्याज की महंगाई खुदरा दुकानदारों द्वारा मनमानी कीमत तय करने के कारण हुई है, जिसे नियंत्रित किया जाना चाहिए।अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि प्याज़ के शतक वीर बनने के ख्वाब को तोड़ने पर सरकार एक्शन में आई।प्याज़ की महंगाई - सरकार की लड़ाई - जनता की भलाई।प्याज़ की कीमतों में नियंत्रण हेतु एक लाख टन प्याज खुदरा बाजार में उतारने का सरकार का निर्णय सराहनीय है।



## आज का राशिफल

मेष राशिः आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आपके अंदर पॉजिटिविटी बनी रहेगी। आज आपका मन रचनात्मक कार्यों में लगेगा। आपको जूनियर्स का पूरा सपोर्ट मिलेगा इस बात का ध्यान रखें कि किसी काम में आप जितना समय देंगे उतना ही ज्यादा अच्छा होगा। व्यापार में अच्छे परिणाम मिलेंगे। इसके साथ ही मित्रों का भी सहयोग रहेगा। इवेंट मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट आज कुछ क्रिएटिव करेंगें, उन्हें आज टीचर्स द्वारा सराहना मिलेगी।

वृष राशिः आपके लिए आज का दिन बेहद खास रहने वाला है। आपके करियर में महत्वपूर्ण बदलाव आ सकते हैं। कारोबार अथवा नौकरी से संबंधित यात्राएं होंगी जो आपके लिए लाभदायक होगी। आमदनी के अच्छे स्रोत बनेंगे, लेकिन खर्चा भी उसी अनुपात में होगा। आज आप अपनी अनावश्यक यात्रा तथाफिजूल खर्चो पर कंट्रोल करें। आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। स्टूडेंट्स के लिए समय अच्छा रहेगा प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छे रिजल्ट आएंगे। स्कॉलरशिप भी मिलने की संभावना बढ़ेगी।

मिथुन राशिः आज आपको कोई सरप्राइज़ मिल सकता है। आप जीवन में कुछ नया हासिल करेंगे। अगर आप सिंगल हैं, तो आज आपके विवाह की चर्चा होगी। लवमेट्स के साथ आपको रिश्ते में ईमानदार और पारदर्शी होना होगा। कार्यक्षेत्र का माहौल आज आपके अनुकूल रहेगा। कारोबारियों के लिए दिन अच्छा है। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी साथ ही बचत करने में कामयाब रहेंगे। पारिवारिक जीवन में आज आप सक्रिय नजर आएंगे।

कर्क राशिः आपके लिए आज का दिन बहुत शुभ है। करियर व व्यापार के लिहाज से आज का दिन फेवरेबल है। इसलिए कार्यस्थल पर सीनियर्स के साथ वाद-विवाद से बचें। आज काम में थोड़ी बाधाएं आ सकती हैं लेकिन धीरेःधीरे मामला सुलझ जायेगा। स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा है पढ़ाई के लिए कहीं बाहर जाने का प्लान बना सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले जातकों को सफलता हासिल होगी।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रहने वाला है। आज आपको व्यापार में तरक्की देखने को मिलेगी। नएःनए ग्राहक जुड़ेंगे। आपका बिजनेस आगे बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति में बढ़ोतरी होगी। प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले लोगों के काम का बोझ पहले की अपेक्षा आज कम होगा और दिन आराम से गुजरेगा। छात्रों के लिए दिन अच्छा है। साथ ही आपको कोई भी निर्णय लेने से पहले एक्सपर्ट की सलाह जरूर लेनी चाहिए। वैवाहिक लोगों का जीवन सुखमय रहेगा। आपको घर का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज आपको संतान के करियर को लेकर चिंता हो सकती है।

कन्या राशिः आपके लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा। आप के वेतन में वृद्धि होने की संभावना बन रही है। यदि नौकरी बदलना चाहते हैं तो यह इच्छा आपकी पूरी हो सकती है। आय के स्रोत बढ़ेंगे। कारपोरेट नौकरी से जुड़े लोगों को आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों से बहस करने से बचना चाहिए। यदि आप किसी स्टार्टअप या व्यवसाय को पहले से चला रहे हैं तो आज आपको अपनी मेहनत का फल मिलने वाला है। आज कई लोग आपसे संपर्क करेंगे और आपके साथ काम करने का प्रस्ताव रखेंगे।

तुला राशिः आपको आज नये अवसर मिलेंगे। अचानक धन लाभ के योग हैं। किसी पुरानी बात को लेकर प्रसन्नता बनी रहेगी। आप अपने घर के साथ मिलकर किसी धार्मिक यात्रा पर जाने का मन बना सकते हैं। यदि आप व्यापार कर रहे हैं तो कुछ उतारःचढ़ाव आ सकते हैं। आज आप स्वयं में सुधार लाने का विचार करते हुए कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। नौकरी में बॉस आप के काम से प्रसन्न होंगे।

वृश्चिक राशिः आज आप मानसिक रूप से शांति का अनुभव करेंगे। आज पारिवारिक माहौल आध्यात्मिक रहेगा। सभी सदस्यों के बीच आपसी समझ में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। यदि आपकी किसी से निजी शत्रुता है तो उनसे सावधान रहें, वह आपकी सुख शांति में खलल डाल सकते हैं। पहले किए गए निवेश से आज लाभ के योग बन रहे हैं। व्यापार के क्षेत्र में लाभ रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी। आज ऑफिस में सकारात्मक माहौल में काम करके आप खुश दिखाई देंगे।

धनु राशिः आपके लिए प्रसन्नता लाने वाला दिन है। पारिवारिक जीवन उत्तम रहेगा सभी आपसे प्रसन्न रहेंगे, और आपके लिए कुछ स्पेशल करने का प्रयास भी करेंगे। आप परिवार के साथ कहीं घूमने जाने का प्लान कर सकते हैं। यदि आप व्यापारी हैं तो पैसे के मामले में परिवार की सलाह बहुत काम आयेगी और आपको उसका तत्काल लाभ भी मिलेगा। नौकरी करने के लिए दिन अच्छा रहेगा लेकिन कुछ बातों को लेकर मन आशंकित हो सकता है। कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों को कुछ नए अवसर मिलेंगे साथ ही किसी मित्र से अनबन भी हो सकती है।

मकर राशिः आज आपका दिन प्रसन्नता पूर्वक बीतेगा। यदि आपके बच्चे छोटे हैं स्कूल जाते है तो उनकी किसी बात से आज आपको बहुत खुशी मिलेगी, और आप उनके लिए कुछ नया करने का प्रयास करेंगे। आप दोनों के बीच प्रेम बढ़ेगा, बच्चे आप पर गर्व करेंगे। पारिवारिक जीवन सुख शांति से भरा रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज थोड़ा सतर्क रहना चाहिए। फैशन तथा ग्लैमर के क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छे अवसर मिलेंगे।

कुंभ राशिः आज आप ऊर्जावान महसूस करेंगे। गवर्नमेंट जॉब के लिए परीक्षा की तैयारी कर रहे है तो खुश हो जाइए आपको अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। आप मार्केटिंग से रिलेटेड काम करते हैं तो नएःनए ग्राहक मिलेंगे और आपको इसमें सफलता मिलेगी। व्यापार करने के लिए दिन अच्छा है। आमदनी से संबंधित कुछ समझौते हो सकते हैं, जो आपके लिए लाभदायक सिद्ध होंगे। कार्य क्षेत्र में सहकर्मियों का पूरा साथ मिलेगा। बोर्ड एग्जाम की तैयारी कर रहे छात्रों को थोड़ा तनाव हो सकता है।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। करियर में अच्छे परिणाम मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके काम देखते हुए पदोन्नति मिलेगी और आपकी सराहना भी हो सकती है। कहीं से आपको नई नौकरी का ऑफर भी मिल सकता है। उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों के लिए विदेश जाकर पढ़ाई करने के अवसर मिलेंगे। विदेशी माध्यमों से धन लाभ के योग हैं। व्यापार में बढ़ोतरी होगी आय के नए साधन मिलेंगे।

व्यंग्य

## संसारचंद का संसार



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

जब पैदा हुए तो घर वालों ने नाम रखा संसारचंद। दसवीं पास कर गया तो माता-पिता को लगा कि हो ना हो संसार घर का नाम रौशन करेगा। जोर लगाया, भिड़ गए सब, खेती-ऊती जरूर बिक गई पर संसारचंद एमए की डिग्री लेकर आ गए। सौदा मंहगा पड़ रहा था पर अब क्या करैं ! रस्ता चलता तो लौट आए, पर पढ़ा-लिखा आदमी पलट कर वापस गंवार तो हो नहीं सकता था। एक बार पढ़ गया तो समझो अड़ गया। तय हुआ कि अब कौनो रास्ता नहीं हैं, आगे ही पढ़ौ। संसारचंद पढ़त-पढ़त पीएचडी होई गए। लौटे तो बताया कि पढ़ाई खतम, अब कुछ नहीं है पढ़ै खातिर। खेल खतम पइसा हजम। नौकरी करें तो नाम भी रौसन हो। पर नौकरी कहां रक्खी है ! इधर पब्लिक ने संसारचंद को पीएचडीचंद नाम दे दिया। अम्मा कहिन नाम के खातिर तो पढ़ा रहे थे, पूरे मुजफ्फरपुर में नाम तो जानो हो गया, पर नौकरी का क्या करें, नोकरिया तो अपने हाथै में नहीं है ! अरजी घिसते घिसते पीएचडीचंद सब भूल गए और रेस्पेक्टेड सर से लगा कर योर ओबिडियंट तक जिन्दगी सर के बल घिसटने लगी। शुरू में बड़े पदों के लिए अर्जी भेजते फिर धीरे धीरे नीचे उतरने लगे। सोचा पद छोटा बड़ा भले हो पर कुर्सी सबमें मिलती है। इसी बीच सरकार ने चपरासी के ऊँट के मुँह में जीरा भर पदों की भर्ती का विज्ञापन निकाला। हिचकते हुए आखिर पीएचडीचंद ने भी अपना आवेदन उधर भी दे मारा और मान लिया कि 'यहू नोकरिया तो पक्की'। माता-पिता को भी लगा कि नौकरी लगी समझो और अब कोई रिस्ता आया तो ठोंक के दहेज ले लेंगे, आखिर लड़का पीएचडी भी है। नौकरी में पद नहीं देखा जाता है, मौका देखा जाता है। मौका मिल जाए तो अंगूठाछाप भी लाल बत्ती के नीचे गरदन तान के बैठ सकता हैं। सरकारी गलियों में मौका शिक्षा से बड़ी चीज है। सरकारी चपरासी गैर-सरकारी हलके के किसी भी आदमी से बड़ा हो सकता है बशर्ते उसमें काबलियत हो। खुद सरकारी महकमें में बड़े से बड़े अधिकारी मंत्री वगैरह किसी का भी काम चपरासी के बिना नहीं चलता है। प्यून तंत्र का बहुत जरूरी आदमी होता है। जहां तक जानकारी की बात है, जितना एक अधिकारी जानता है उससे कई गुना ज्यादा जानकारी चपरासी के पास होती है। चपरासी अगर नाराज हो जाए तो बड़े बड़ों को अपना जूठा पानी पिला कर अपनी छाती ठंडी कर सकता है। सरकारी चपरासी वो बला है जो शीशे से पत्थर को तोड़ सकता है। ...... तो तय हुआ कि पीएचडीचंद अब चपरासी ही बनेंगे। इधर दुर्भाग्य देखिए कि चपरासी पद के कुछ पदों के लिए कई लाख आवेदन आ गए। एक पद के लिए सवा हजारों में आवेदक! सभी आवेदक एक से बढ़कर एक। अधिकतर पीएच.डी. !

## मोटोरोला ऐज 40 दुनिया का सबसे स्लिम 5जी फोन

भारत में 5जी स्मार्टफोन के सर्वश्रेष्ठ ब्रांड, मोटोरोला ने फ्लिपकार्ट बिग दिवाली सेल से पहले अपने स्मार्टफोन को भारी छूट पर खरीदने का शानदार मौका देने की घोषणा की है। 1 नवंबर से, फ्लिपकार्ट प्लस मेंबर्स के पास अब मोटोरोला ऐज, मोटो जी, और मोटो ई सीरीज के ज्यादातर स्मार्टफोन को आकर्षक बिग दिवाली सेल कीमतों पर खरीदने के लिए अर्ली एक्सेस की सुविधा उपलब्ध है। आई पी 68 रेटिंग वाला मोटोरोला ऐज 40 दुनिया का सबसे स्लिम 5जी फोन है, जो 26,999 रुपये की बेमिसाल कीमत पर उपलब्ध है। यह दुनिया का पहला ऐसा स्मार्टफोन है जिसमें बेहद तेज़ मीडियाटेकड्ड डायमेनसिटी 8020 प्रोसेसर लगाया गया है, और इसके अलावा यह एज लाइट्स (6.55÷ पोल्ड एचडीआर10+) के साथ सेगमेंट के पहले 144एचजेड 3डी कर्व्ड डिस्प्ले के साथ आने वाला स्मार्टफोन है। इस डिवाइस में 68डबल्यू टर्बोपावर टीएम के साथ 4400एमएएच की दमदार बैटरी भी है, और यह इस सेगमेंट का ऐसा पहला फोन है जो वायरलेस चार्जिंग को सपोर्ट करता है। इसमें प्रीमियम वीगन लेदर फिनिश और मेटल फ्रेम लगाया गया है, जो आरामदायक पकड़ सुनिश्चित करता है। यह स्मार्टफोन जोश से भरे बेहद खूबसूरत रंगों में आता है, जिसमें पैनटोन कलर ऑफ द ईयर 2023- वीवा मैजेंटा भी शामिल है। यह स्मार्टफोन इस सेगमेंट में सबसे चौड़े द्व/1.4 अपर्चर के साथ बेमिसाल 50एमपी कैमरा, शेक फ्री वीडियो कैप्चर करने के लिए ओ आई एस के फीचर वाले एडवांस्ड होराइजन लॉक तथा 2यूएम अल्ट्रा पिक्सल टेक्नोलॉजी से लैस है, जो सही मायने में फोटोग्राफी के अनुभव को शानदार बना देता है। मोटो जी54 5जी भारत का सबसे दमदार9 5जीजेड स्मार्टफोन है जिसने मोटोरोला के 5 जी पोर्टफोलियो को और मजबूत बनाया है, जो ग्राहकों को 20 हजार से कम कीमत के सेगमेंट में शानदार कीमतों पर बेमिसाल प्रदर्शन का अनुभव प्रदान करता है।

मुद्दा

**अजीत द्विवेदी**

## आरक्षण की आग में जलता महाराष्ट्र

लोकसभा चुनावों से पहले महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की आग लगी है। मराठा नेता मरोज जरांगे पाटिल शुक्रवार यानी 27 अक्टूबर से भूख हड़ताल पर हैं। इससे पहले भी वे 40 दिन तक भूख हड़ताल पर थे और सरकार के आश्वासन के बाद उन्होंने आंदोलन खत्म कर दिया था। उस समय आंदोलन मोटे तौर पर शांतिपूर्ण रहा था। लेकिन आरक्षण आंदोलन का दूसरा चरण बेहद हिंसक हो गया है। मंगलवार यानी 31 अक्टूबर को एक दिन में नौ लोगों ने आरक्षण के समर्थन में आत्महत्या की। पिछले दो हफ्ते में 26 लोग आत्महत्या कर चुके हैं। इससे पहले 1990 में मंडल आयोग की सिफारिश लागू करने के खिलाफ हुए आंदोलन में ही इससे ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। इस लिहाज से यह सबसे भयावह और हिंसक आरक्षण आंदोलन बन गया है। इस आंदोलन के कई पहलू हैं और सबको समझे बगैर न तो इसको पूर्णता में समझा जा सकता है और न इसके राजनीतिक असर का अंदाजा लगाया जा सकता है।

ध्यान रहे यह आंदोलन सामाजिक व आर्थिक रूप से राज्य की सबसे मजबूत जाति कर रही है। इस लिहाज से इसकी तुलना गुजरात के पाटीदार अनामत आंदोलन से कर सकते हैं, जिससे हार्दिक पटेल नेता बन कर उभरे थे। उस समय तक हार्दिक एक अनाम चेहरा थे, जैसे कुछ समय पहले तक मनोज जरांगे पाटिल थे। हरियाणा में जाटों को आरक्षण देने का आंदोलन हो या राजस्थान में गुर्जरों को एसटी में शामिल करने का आंदोलन हो। ये सब एक किस्म के आंदोलन है, जिसमें राज्यों की सबसे मजबूत जातियां शामिल हुई। अगर इन जातियों की आर्थिक, सामाजिक व शैक्षणिक स्थिति को बारीकी से देखें तो इनकी स्थिति पिछड़ेपन वाली नहीं है। संविधान निर्माण के समय अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की जैसी स्थिति थी या मंडल आयोग का गठन करते समय जैसी स्थिति व्यापक पिछड़े समाज की थी उससे बेहतर स्थिति मौजूदा समय में इन जातियों की है। आर्थिक स्थिति को अगर दरकिनार करें तो सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ापन अपेक्षाकृत कम है। इसलिए मोटे तौर मराठा, पाटीदार, जाट और गुर्जर का आंदोलन राजनीतिक रहा है।इसी वजह से महाराष्ट्र के मराठा आरक्षण आंदोलन को राजनीतिक नजरिए से देखने की जरूरत है। यह विडम्बना है कि अरसे पहले कुनबी जाति के लोग ओबीसी की श्रेणी से बाहर हुए थे। वे पिछड़ा श्रेणी से बाहर निकल कर खुश हुए थे और ऐसा अलग अलग राज्यों में कई जातियों के साथ हुआ था। समाजशास्त्री इसे संस्कृतिकरण की प्रक्रिया बताते थे। इसका मतलब हर पिछड़ी जाति में श्रेष्ठ होने का भाव होना है। लेकिन अब समय का चक्र ऐसा घूम रहा है कि हर जाति पिछड़ी या अनुसूचित जाति, जनजाति में शामिल होना चाहती है। संस्कृतिकरण की प्रक्रिया उलटी चल रही है। इसी प्रक्रिया के तहत मराठा समुदाय कुनबी बनना चाहता है। गौरतलब है कि कुनबी महाराष्ट्र की एक पिछड़ी जाति है। मराठा आरक्षण का आंदोलन कर रहे नेता चाहते हैं कि सभी मराठों को कुनबी का सर्टिफिकेट दिया जाए, जबकि राज्य सरकार कह चुकी है कि सबको कुनबी का सर्टिफिकेट देना मुश्किल है। इस बारे में कहा गया था कि हैदराबाद के निजाम के राज में जिन लोगों के पास कुनबी का सर्टिफिकेट था उनको कुनबी मान लिया जाएगा। लेकिन ऐसे लोगों की संख्या बहुत कम है। तभी मनोज जरांगे बिना किसी शर्त के सभी मराठों को कुनबी में शामिल करना चाहते हैं। इस मांग की वजह से यह पूरा विवाद मराठ बनाम ओबीसी में तब्दील हो गया है। राज्य में ओबीसी आरक्षण 19 फीसदी है और ओबीसी जातियों के संघों का मानना है कि अगर मराठों को कुनबी बना दिया जाता है तो ओबीसी के 19 फीसदी आरक्षण में से ही उनको भी हिस्सा मिलेगा। चूंकि मराठे सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से ज्यादा संपन्न हैं इसलिए वे आरक्षण का ज्यादा लाभ ले जाएंगे। इस आधार पर ओबीसी महासंघ मराठों को कुनबी का सर्टिफिकेट दिए जाने का विरोध कर रहा है। एक अनुमान के मुताबिक महाराष्ट्र में ओबीसी और मराठा वोट लगभग बराबर है। इसलिए कोई भी पार्टी एक समूह को आकर्षित करने के लिए दूसरे समूह को नाराज नहीं कर सकती है। ध्यान रहे भाजपा ने अपनी शुरुआती राजनीति में ओबीसी को ज्यादा तरजीह दी थी। उसके ज्यादातर नेता या तो ब्राह्मण थे या पिछड़ी जाति के थे। अपनी इस कमजोरी की वजह से ही भाजपा ने एनसीपी के अजित पवार को इतनी तरजीह दी। उसे उम्मीद थी कि अजित पवार की वजह से मराठा वोट उसके साथ जुड़ेगा। लेकिन उससे पहले ही यह नया विवाद शुरू हो गया।यह विवाद जल्दी नहीं सुलझने वाला है। राज्य की राजनीति पर इसका बड़ा असर होगा। इस समय जो हालात बन गए हैं उसे देखते हुए यह नहीं कहा जा सकता है कि किसी खास पार्टी को इसका फायदा होगा या किसी खास पार्टी को इसका नुकसान होगा। उलटे महाराष्ट्र की राजनीति और विभाजित हो सकती है। राज्य की दो बड़ी प्रादेशिक पार्टियां- शिव सेना और एनसीपी में विभाजन हो गया है और एक तरह से इन दो की चार पार्टियां बन गई हैं। इन चार के अलावा भाजपा और कांग्रेस दो बड़ी पार्टियां हैं। ये छह पार्टियां ओबीसी या मराठा का पक्ष लेकर राजनीति नहीं कर सकती हैं। इनको दोनों के बीच संतुलन बनाना होगा। भाजपा और कांग्रेस के लिए ज्यादा दुविधा है क्योंकि दोनों महाराष्ट्र के बाहर बाकी राज्यों में ओबीसी वोट हासिल करने की जी-तोड़ मेहनत कर रही हैं। तभी इस बात की भी संभावना है कि जाति आधारित नई पार्टियां बनें, जैसे बिहार, उत्तर प्रदेश या तमिलनाडु आदि राज्यों में बनी हैं। इससे राजनीति और अस्थिरता की ओर बढ़ेगी। ध्यान रहे महाराष्ट्र में पिछले करीब 30 साल से गठबंधन की सरकारें चल रही हैं। इसका एक पहलू यह है कि आरक्षण आंदोलन ने राज्य में पिछले एक साल से स्थापित हो रहा नैरेटिव पूरी तरह से बदल दिया है। जब से शिव सेना टूटी तब से ऐसा लग रहा था कि उद्धव ठाकरे गुट के प्रति सहानुभूति है। फिर एनसीपी टूटी तो शरद पवार गुट के प्रति सहानुभूति बनी। लेकिन अब यह नैरेटिव बदल गया है। अब आरक्षण मुख्य मुद्दा है। तभी कहा जा रहा है कि भाजपा को इसका फायदा हो सकता है। सीधे तौर पर इस आंदोलन के पीछे भाजपा की भूमिका नहीं बताई जा रही है लेकिन सबको पता है कि मनोज जरांगे पाटिल के आंदोलन पर जालना में लाठी चली उसके बाद ही यह आंदोलन सबकी नजर में आया और इसका दायरा बढ़ा। लेकिन उसके बाद जिस तरह से आंदोलन में हिंसा भड़की है उससे लगता है कि अब यह किसी पार्टी के हाथ में नहीं रह गया है। इसलिए सभी पार्टियों को साझा तौर पर इसका समाधान निकालने की कोशिश करनी चाहिए।ध्यान रहे पहले एक समुदाय के रूप में मराठों को अलग से आरक्षण देने का फैसला हुआ था लेकिन उसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था। उसके बाद से ही मराठों को कुनबी बना कर ओबीसी में शामिल करने की मांग हो रही है। ऐसी स्थिति में एक रास्ता तो यह है कि ओबीसी आरक्षण की सीमा बढ़ा दी जाए। सबको पता है कि आरक्षण की सीमा को लेकर इंदिरा साहनी केस में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले की बाधा नहीं रह गई है। केंद्र सरकार ने जब आर्थिक रूप से पिछड़े सवर्णों के लिए 10 फीसदी आरक्षण का कानून बनाया तो इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। सर्वोच्च अदालत ने इस पर सुनवाई करते हुए कहा कि सरकार जरूरत के हिसाब से आरक्षण की 50 फीसदी की अधिकतम सीमा को पार कर सकती है। तभी छत्तीसगढ़ और झारखंड में विधानसभा से प्रस्ताव पास कर राज्य सरकारों ने आरक्षण की सीमा 77 फीसदी तक बढ़ाई है।

# दिव्यांग व 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के घर पहुंचा मतदान दल

## बुजुर्ग महिला मतदाता बने प्रेरणास्त्रोत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 3 नवम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत मतदान केंद्रों तक पहुंच पाने में असमर्थ दिव्यांग मतदाताओं सहित 80 वर्ष से अधिक आयु के वयोवृद्ध मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से घर पर ही मतदान करने की व्यवस्था की गई है। जिसके तहत गुरुवार को जिले में ऐसे दिव्यांग मतदाताओं के साथ ही 80 वर्ष से अधिक उम्र के वयोवृद्ध मतदाताओं ने डाक मतपत्र के जरिये अपने मताधिकार का उपयोग किया। इन दिव्यांग मतदाताओं तथा 80 वर्ष से अधिक आयु के वयोवृद्ध मतदाताओं से मतदान कराये जाने के लिए मतदान दल उनके घर पहुंची तो परिजनों के साथ पड़ौसी भी लोकतांत्रिक प्रणाली के इस निर्वाचन पर्व की बेहतर व्यवस्था को सराहनीय पहल निरूपित किया।

विधानसभा क्षेत्र जगदलपुर के अंतर्गत जगदलपुर शहर के पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड निवासी 86 वर्षीया बुजुर्ग महिला मतदाता उषा खेडुलकर ने उम्रदराज होने और चलने-फिरने की दिक्कत के बावजूद डाक मतपत्र से मतदान कर अन्य मतदाताओं के लिए प्रेरणास्रोत बन



गई। उक्त वयोवृद्ध महिला मतदाता के पड़ौसी 86 वर्षीया बुजुर्ग महिला मतदाता राजरानी चोपड़ा ने भी डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिए उत्साह दिखाया, उन्होंने मतदान के पहले पूछकर न केवल निर्धारित फार्म में हस्ताक्षर किया बल्कि पंजी में हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया को भी इत्मीनान से पूरा किया। इसी वार्ड के 81 वर्षीया स्वर्णदेवी मिस्त्री तथा 82 वर्षीया मरियम सोनी भी घर में डाक मतपत्र के द्वारा अपने मताधिकार का उपयोग किया।

लोकतंत्र के इस पावन निर्वाचन पर्व में दिव्यांग मतदाताओं ने भी सहभागिता निभाकर अपनी सक्षमता साबित करने सहित अन्य मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। जगदलपुर शहर के पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड के 40 वर्षीय दिव्यांग मतदाता सीएच विजयमूर्ति ने परिजनों के सहयोग से डाक मतपत्र के द्वारा मतदान किया। वहीं शांति नगर वार्ड की 28 वर्षीया युवा दिव्यांग मतदाता खुशबू जॉनसन ने दोनों हाथों से निःशक्त होने के बावजूद स्वयं निर्धारित फार्म और पंजी में हस्ताक्षर कर अपने मताधिकार का उपयोग किया। खुशबू ने घर पर ही मतदान करने के बाद निर्वाचन आयोग की इस अनूठी पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस व्यवस्था से अनेक दिव्यांग तथा बुजुर्ग मतदाताओं को घर बैठे मतदान करने की सुविधा होगी और उन्हें अपने जनप्रतिनिधि चुनने का अवसर मिलेगा। इस दौरान खुशबू ने युवा मतदाताओं को मतदान में व्यापक सहभागिता निभाने का आग्रह भी किया। शांति नगर वार्ड के एक अन्य वयोवृद्ध महिला मतदाता नसरीन मुद्रवी ने भी घर पर डाक मतपत्र से मतदान कर निर्वाचन आयोग की व्यवस्था को सार्थक पहल रेखांकित किया।

जिले में दिव्यांग एवं वयोवृद्ध मतदाताओं को डाक मतपत्र से मतदान सुविधा प्रदान करने हेतु 10 विशेष मतदान दलों का किया गया गठन भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में कलेक्टर जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के.के मार्गदर्शन में मतदान केंद्रों तक पहुंच पाने में असमर्थ दिव्यांगों एवं 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं हेतु डाक मतपत्र की व्यवस्था की गई है। जिसके लिए तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 10 विशेष मतदान दलों का गठन कर घर-घर जाकर मतदान कराया जा रहा है। जिसमें घर-घर किये गए विशेष संक्षिप्त सर्वेक्षण में बीएलओ द्वारा चिन्हित कुल 62 मतदाताओं को डाक मतपत्र की सुविधा प्रदान की जा रही है। जिसमें 25 दिव्यांग मतदाता एवं 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 39 मतदाता शामिल हैं। उक्त मतदाताओं में से 52 मतदाताओं ने गुरुवार को अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया है। इन मतदाताओं से घर पर ही मतदान करने की सहमति ली गई थी और उन्हें डाक मतपत्र से मतदान करने हेतु निर्धारित कार्यक्रम की जानकारी समय पूर्व दी गई थी।

## एक नजर

### सी-विजिल एप में कर सकते हैं आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें

**उत्तर बस्तर कांकेर 3 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में विधानसभा निर्वाचन के दौरान कोई भी व्यक्ति सी-विजिल एप में आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन संबंधी शिकायतों की त्वरित सूचना एवं समाधान के लिए मोबाईल एप्लिकेशन सी-विजिल शुरू की गई है। इस मोबाईल एप को स्मार्टफोन के प्ले स्टोर के जरिए आसानी से इंस्टाल किया जा सकता है। सी-विजिल एप में कोई भी नागरिक आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन संबंधी घटना का फोटोग्राफ, वीडियो या ऑडियो के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकता है। साथ ही इस मोबाईल एप में नागरिकों को अपनी पहचान बताए बिना भी शिकायत दर्ज कराने का विकल्प है। एप्लिकेशन में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का 100 मिनट की समय-सीमा में निराकरण किया जाता है। जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष में भी दूरभाष नंबर 07868-241019 पर संपर्क कर शिकायत एवं सूचनाएं दर्ज कराई जा सकती है। इसके अलावा मतदाता किसी भी प्रकार की सहायता के लिये टोल फ्री नम्बर 1950 में भी संपर्क कर सकते हैं।

### दिव्यांग बालिकाओं और महिलाओं ने रंगोली और करवा सजाकर की मतदान की अपील

**धमतरी 3 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले में चुनाव को अब कुछ ही दिन बाकी रह गये हैं। इसके मद्देनजर जिला प्रशासन सहित महाविद्यालयीन विद्यार्थी, दिव्यांगजन, शिक्षक-शिक्षिकाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, सुपरवाईजर, स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अधिकारी, कर्मचारी नित नये जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक कर रहे हैं। इसी कड़ी में करवा चौथ पर्व के अवसर पर गत दिनों धमतरी विकासखण्ड के ग्राम जुनवानी की दिव्यांग बालिकाओं देवकुमारी साहू और हेमलता साहू ने अपने आंगन में स्वीप रंगोली सजाकर पूजा करने पहुंची महिलाओं से अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने की अपील की और मतदान की शपथ दिलायी।वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग की महिलाओं ने रूद्री स्थित मंदिर परिसर में करवा चौथ का व्रत करने पहुंची महिलाओं को 'जिला धमतरी, वोट सर्वोपरी संबंधी स्वीप रंगोली सजाकर जागरूक किया। इस अवसर पर उन्होंने तख्तियों में स्वीप संबंधी नारा-स्लोगन 'जागरूक देश की एक ही पहचान, शत-प्रतिशत हो मतदान, 'सबका यह अरमान है, करना सब मतदान है', चुनाव है लोकतंत्र की एकता का आधार, मतदान करके इसके महत्व को करो साकार, सबका है अब एक ही नारा, मतदान है गर्व हमारा, लिखकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

### कलेक्टर ने घोषित किया 5 नवम्बर से 7 नवम्बर और 15 नवम्बर से 17 नवम्बर तक शुष्क दिवस

**धमतरी 3 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत निर्वाचन कार्य निर्विघ्न एवं निष्पक्षता पूर्व सम्पन्न कराने के उद्देश्य से शुष्क दिवस घोषित किया है। उन्होंने 5 नवम्बर से 7 नवम्बर तक प्रथम चरण के मतदान के तहत कांकेर एवं कोण्डागांव जिले की सीमा से लगे धमतरी जिले की देशी मदिरा दुकान कम्पोजिट सिहावा एवं देशी/विदेशी मदिरा दुकान नगरी को बंद रखने शुष्क दिवस घोषित किया है। इसी तरह विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 के द्वितीय चरण के लिए मतदान की तिथि 17 नवम्बर को धमतरी जिले की विधानसभा क्षेत्र 56 सिहावा, 57 कुरूद एवं 58 धमतरी में चुनाव निर्विघ्न एवं निष्पक्षतापूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से संबंधित विधानसभा क्षेत्र में स्थित सभी देशी मदिरा दुकान/देशी मदिरा दुकान कम्पोजिट/विदेशी मदिरा दुकान/प्रीमियम शॉप, एफ.एम.3, होटल बार/एफ.4(क) व्यवसायिक क्लब, मद्य भाण्डागार धमतरी को 15 नवम्बर से 17 नवम्बर तक बंद रखने शुष्क दिवस घोषित किया है।

# विश्वविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**रायपुर 3 नवम्बर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के अंतर्गत आज यहां स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स परिसर में विश्वविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता 2023 का कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने शुभारम्भ किया। इस विश्वविद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में पूर्व, पश्चिम, उत्तर एवं दक्षिण जोन के कुल 160 प्रतिभागी शामिल हुए हैं। 2 से 4 नवम्बर, 2023 तक आयोजित होने वाली इस तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न क्रीड़ा स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है। इस विश्वविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत व्यक्तिगत स्पर्धाओं में लम्बी कूद, ऊंची कूद, ट्रिपल जंप, भाला फेंक, गोला फेंक, डिस्क थ्रो, 100 मीटर, 200 मीटर,




400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, हर्डल दौड़ तथा 4ग100 मीटर, 4ग400 मीटरएवं 4ग800 मीटर रिले दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। सामूहिक स्पर्धाओं के अंतर्गत वॉलीबाल, खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन तथा टेबल टेनिस स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है।

कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल विश्वविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताओं में जीत या हार महत्वपूर्ण नहीं होती है, बल्कि प्रतियोगिता में भाग लेना यह महतपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाली क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाग लेने से विद्यार्थियों में परस्पर सहयोग की भावना का सृजन होता है। विद्यार्थी विश्वविद्यालयीन स्पर्धाओं में सफलता प्राप्त कर भविष्य में प्रदेश एवं देश का नाम ऊंचा करता है, जिससे उनमें व्यक्तित्व निखार की भावना प्रबल होती है। उन्होंने प्रतिभागियों से आव्हान किया कि वे अपनी पूरी क्षमता तथा मेहनत के साथ प्रतियोगिता में भाग लें तथा सफलता अर्जित करें। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण देते हुए अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा ने प्रतियोगिता की रूप-रेखा प्रतिपादित की। उन्होंने बताया कि महाविद्याय स्तर पर आयोजित विभिन्न विधाओं में विजयी 160 प्रतिभागी विश्वविद्यालयीन खेलकूलद प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के छात्र खेलकूद स्पर्धाओं में भाग लेने के साथ-साथ एकता और अनुशासन भी सीखते हैं तथा अपनी प्रतिभा बाहर लाने के लिए कड़ी मेहनत भी करते हैं।

# अति संवेदनशील क्षेत्रों में वोट पंडूम नेवता आभियान ने पकड़ा जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 3 नवम्बर।** विधानसभा चुनाव 2023 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए कलेक्टर एवम् जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस. एस के निर्देशानुसार और जिला पंचायत सीईओ श्री डी एन कश्यप के मार्गदर्शन में स्वीप प्लान के अंतर्गत जिले के शहरी क्षेत्रों के अलावा सुदूर एवम् संवेदनशील क्षेत्रों में विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में ÷वोट पंडूम नेवता÷ अभियान के तहत अति संवेदनशील क्षेत्र ग्राम सिलगेर और मिनपा के ग्रामीणों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। जिसके तहत सभी वर्ग सहित अति संवेदनशील में शत प्रतिशत मतदान करने हेतु गांव-गांव में शिक्षक के साथ छात्र-छात्राओं द्वारा डब्बा, ढोल बजाकर, तिलक लगाकर हल्दी चावल के आमंत्रण कार्ड देकर अपील की जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के लगभग



50 हजार से अधिक परिवारों को आमंत्रण पत्र भेज कर बेहतर लोकतंत्र के निर्माण में सभागिता निभाने, मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत इसे सफल बनाने हेतु, संवेदनशील क्षेत्रों में आयोजन विभिन्न कार्यक्रम में मतदाताओं को वितरण कर मतदान करने हेतु जागरुकता कार्यक्रम जारी है। इस दौरान सभी में निष्पक्ष और भयमुक्त सहित शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली। इस दौरान स्कूली छात्र छात्राओं ने बड़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# शासकीय सेवकों ने किया डाक मतपत्र से मतदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 3 नवम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार मतदान के दिन ड्यूटी में होने पर शासकीय सेवकों को डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा मिलेगी। अधिसूचना के अनुसार 07 नवम्बर को मतदान के दिन ड्यूटी पर होने के कारण अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर उपस्थित होने में सक्षम नहीं होंगे। ऐसे शासकीय सेवक डाक मतपत्र से मतदान करने के लिए पात्र होंगे। इसी के परिपालन में विधानसभा क्रमांक 90, कोंटा के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मीडियम स्कूल में कक्ष क्रमांक -16 (भू-तल) में डाक मतपत्र सुविधा केंद्र बनाया गया था। जिसमें कुल 88 शासकीय सेवकों ने डाक मतपत्र से मतदान दिया। इस



दौरान शांतिपूर्ण डाक मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। वहीं कलेक्टर एवम् जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस. एस ने मतदान ड्यूटी में लगे शासकीय सेवकों से डाक मत पत्र के लिए निर्धारित फॉर्म भर कर, उन्हें डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान करने की अपील की थी। उल्लेखनीय है कि डाक मतपत्र हेतु 30 अक्तूबर और 31 अक्तूबर 2023 को समय दोपहर 1ः00 बजे से 3ः00 बजे तक निर्धारित की गई थी।

## मतदान केंद्रों में उपस्थित ग्रामीणों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील

# धान कटाई के मध्य मतदान के लिए समय जरूर निकालें: कलेक्टर

■ जिला निर्वाचन अधिकारी पहुंचे विधानसभा क्षेत्र चित्रकोट के वनरेबल मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**जगदलपुर, 3 नवंबर।** अधिकारी श्री विजय दयाराम के. गुरुवार को चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के वनरेबल मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करने पहुँचे थे। उन्होंने मतदान केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों में उपस्थित ग्रामीणों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेती किसानी व धान कटाई के मध्य अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए समय जरूर निकाले और मतदान दिवस 7 नवम्बर को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक समय पर उपस्थित होकर मतदान केंद्र में वोट




जरूर करें। कलेक्टर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जितेंद्र मीणा ने विधानसभा क्षेत्र चित्रकोट के वनरेबल मतदान केंद्रों पूर्व माध्यमिक शाला एर्राकोट, पोदियापारा, प्राथमिक शाला भेजरीपदर, प्राथमिक शाला रानसरगीपाल, प्राथमिक शाला सड़क पारा करंजी, प्राथमिक शाला बड़े परोदा, प्राथमिक शाला बाघनपाल, पूर्व माध्यमिक शाला तारागाँव, माध्यमिक शाला अलनार और प्राथमिक शाला गडदा के मतदान केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों के सामने मतदान केंद्र की पूरा विवरण का उल्लेख करने वाली जानकारी में अद्यतन स्थिति को प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर रिटर्निंग अधिकारी चित्रकोट श्री भरत कौशिक, एसडीएम लोहांडीगुड़ा श्री एम चन्द्रा, डीएसपी श्री ऐश्वर्य चंद्राकर, श्री ईश्वर द्विवेदी, टीआई श्री लालजी सिन्हा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### ईपिक कार्ड के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी मतदाता कर सकेंगे मतदान

**उत्तर बस्तर कांकेर 3 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए है। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान केन्द्र में अपना वोट देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे। यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो उनके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 12 वैकल्पिक दस्तावेज अनुमत किए गए हैं।

ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा जैसे आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे। प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत है, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

### मतदान दलों का प्रशिक्षण सम्पन्न



**धमतरी 3 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले की तीनों विधानसभाओं के लिए नियुक्त मतदान दलों का प्रशिक्षण गत दिनों जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रोक्तिमा यादव की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर श्री आर.डी.साहू ने उक्त मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन में प्रयुक्त होने वाली महत्वपूर्ण सामग्रियां जैसे ईव्हीएम, पेपर सील, स्पेशल टैग, अमिट स्याही, मतपत्र, मतदाता रजिस्टर की जानकारी दी। वहीं मुहरबंद नियंत्रण, मतदान इकाई, वीवीपैट, पीठासीन अधिकारी के प्रतिवेदन, उनके लिए पुस्तिका, निःशक्त निर्वाचकों की सूची एवं सहयोगी की घोषण युक्त बिना मुहरबंद लिफाफा इत्यादि के बारे में बताया गया । इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती यादव ने मतदान दलों को शांतिपूर्वक मतदान कराने कहा। प्रशिक्षण में आयुक्त, नगर निगम धमतरी श्री विनय पोयाम, रिटर्निंग अधिकारी सिहावा सुश्री गीता रायस्त, कुरूद श्री सोनाल डेविड सहित संबिंत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### द्वितीय चरण के मतदान हेतु जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में शुष्क दिवस घोषित

**उत्तर बस्तर कांकेर,3 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा विधानसभा निर्वाचन के दूसरे चरण के मतदान के लिए निर्धारित 17 नवंबर को संबंधित जिले की सीमाओं में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 (संशोधित 1996) के प्रावधानों एवं आयोग की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विधानसभा निर्वाचन के द्वितीय चरण के लिए मतदान की नियत तिथि 17 नवम्बर दिन शुक्रवार को विधानसभा निर्वाचन कार्य निर्विघ्न एवं निष्पक्षता पूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कांकेर जिले की सीमा से लगे देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। आदेश में उल्लेख किया गया है कि बालोद जिले की सीमा से लगी देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान चारामा एवं धमतरी जिले की सीमा से लगी विदेशी मदिरा दुकान नरहरपुर को मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व अर्थात 15 नवम्बर की संध्या 05 बजे से 17 नवम्बर को मतदान समाप्ति तक पूर्ण रूप से बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

**एक नजर**

### मतदान एवं मतगणना को देखते हुए शुष्क दिवस घोषित



**गरियाबंद, 3 नवंबर।** द्वितीय चरण के लिए मतदान की तिथि17 नवम्बर को गरियाबंद जिले के विधानसभा राजिम एव बिन्दानवागढ में निर्वाचन कार्य निर्विघ्न एवं निष्पक्षता पूर्वक सम्पन्न करने के उद्येश्य सेसंबंधित विधानसभा क्षेत्र में स्थित समस्त देशी मदिरा दुकान देशी मदिरा कम्पोजिट / विदेशी मदिरा दुकान को मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक की अवधि दिनांक 15 नवम्बर के सायंकाल 5ः00 बजे से 17 नवम्बर को मतदान समाप्ति तक एवं मतगणना तिथि 03 दिसंबर के दिन संबंधित मतगणना स्थल क्षेत्रो की समस्त देशी / विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों को सम्पूर्ण दिवस पूर्णतः बंद रखने हेतु फ्रशुष्क दिवसफ्र घोषित किया गया है। उक्त शुष्क दिवसों में किसी भी अधिकृत एवं अनाधिकृत स्थानों से मदिरा का अवैध निर्माण, आधिपत्य, परिवहन, क्रय-विक्रय, भण्डारण तथा तस्करी न हो इस पर पूर्ण नियंत्रण रखाने का शासन ने आदेश जारी किया है। शिकायत प्राप्त होने पर सख्ती से रोक लगाई जाये और उन्हें जप्त करने की कार्यवाही की जावे ।

### 17 नवम्बर मतदान के दिन निर्वाचन क्षेत्र में सवेतन अवकाश घोषित

**रायगढ़, 3 नवम्बर।** निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन-2023 को संपन्न कराने के लिए 17 नवम्बर 2023 को मतदान कराया जा रहा है। इस संबंध में कारखाना अधिनियम, 1948 तथा दुकान एवं स्थापना अधिनियम-1953 के अंतर्गत आने वाले कारखानों/स्थापनाओं में कार्यरत प्रत्येक श्रमिक/कर्मचारियों को लिए मतदान के दिन अर्थात 17 नवम्बर 2023 शुक्रवार को राज्य शासन द्वारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में सवेतन अवकाश घोषित किया गया है।अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश एवं तेंलगाना राज्य के विधानसभा आम निर्वाचन-2023 हेतु क्रमशः मतदान तिथि 17 नवम्बर एवं 30 नवम्बर को नियत है, उक्त पड़ोसी राज्य के बहुत से मतदाता जो छत्तीसगढ़ में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों/दुकानों, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार/व्यवसाय में नियोजित है, ऐसे नियोजित/ कार्यरत संबंधितों को भी उनके गृह राज्य के मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश प्रदान किया गया है। ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते है, वहां प्रथम एवं द्वितीय पॉली के श्रमिकों को मतदान के दिन 2-2 घंटे का अवकाश घोषित किए जाने तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते है, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा देने के निर्देश दिए गए है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा: ऑनलाईन आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 7 नवम्बर

**रायगढ़, 3 नवम्बर।** नवोदय विद्यालय समिति के निर्देशानुसार जवाहर नवोदय विद्यालय, भूपदेवपुर, जिला-रायगढ़ में सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 10 फरवरी 2024 को रायगढ़ जिले के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। इसके लिए ऑनलाईन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 7 नवम्बर 2023 है। उक्त परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थी संबंधित दस्तावेजों एवं निर्धारित प्रपत्र को पूर्णतः भरकर एवं प्रधानाध्यापक से प्रमाणित कराने के पश्चात समिति की वेबसाईट https://cbseitms.rcil.gov.in/nvs/Index/Registration में ऑनलाईन आवेदन अपलोड कर सकते है। इसके लिए आवेदक को रायगढ़ जिले का निवासी होना चाहिए तथा जिले के मान्यता प्राप्त विद्यालय से सत्र 2023-24 में कक्षा 8 वीं एवं कक्षा 10 वीं में अध्ययनरत होना चाहिए।

(कक्षा 9 वीं प्रवेश हेतु 8 वीं अध्ययनरत एवं कक्षा 11 वीं हेतु कक्षा 10 वीं में अध्ययनरत होना चाहिए)। कक्षा 9 वीं हेतु जन्म 01.06.2007 से 31.07.2009 (दोनो दिन शामिल) के मध्य होना चाहिए एवं कक्षा 11 वीं हेतु जन्म 01.05.2009 से 31.07.2011 (दोनो दिन शामिल) के मध्य होना चाहिए।

## भारत की टीम मजबूत, क्रिकेट वर्ल्ड कप का प्रबल दावेदार

# भारत की बेस्ट टीम व खिलाड़ियों की मेहनत से भारत जीतेगा क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता









**फिंगेश्वर, 3 नवंबर।** क्रिकेट का महाकुंभ चल रहा , क्रिकेट का त्यौहार चल रहा, भारत मे इस वक़्त क्रिकेट का समा चल रहा, मतलब क्रिकेट का विश्व कप चल रहा वो भी भारत देश मे, जहाँ क्रिकेट प्रेमी हर घर मे हैं, शाबास भारत जितेगा भारत के नारे हर मैदान में क्रिकेट प्रेमी लगा रहे हैं, इसी के मद्देनजर फिंगेश्वर के क्रिकेट प्रेमी विश्व कप में भारत के जीत के दावे करके हर जीत का जश्न मना रहे हैं, क्योकि भारत अब तक के सभी मैच जीत चुके हैं, 2 लीग मैच और बाकी हैं, भारत का सेमीफ़ाइनल में स्थान लगभग पक्का हो चुका हैं, फिंगेश्वर के क्रिकेट प्रेमी व क्रिकेट खिलाड़ी भारत के विश्व कप में जीत का दावा करके अपनी बात रख रहे हैं,

फिंगेश्वर के पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी राजू साहू का कहना है कि भारत लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा भारत की टीम बहुत मजबूत हैं, फिंगेश्वर के पूर्व खिलाड़ी मनोज निर्मलकर ने कहा कि देश के हर क्रिकेट प्रेमी व सबकी चाहत हैं, भारत ये विश्व कप जीते, फिंगेश्वर के वरिष्ठ खिलाड़ी असीमश्याम हरित का कहना हैं कि मेरा मानना है कि टीम में ऑलराउंडर खिलाड़ियों का होना बहुत आवश्यक हैं, इस वक़्त भारत मे कुछ खिलाड़ी बेहतरीन ऑलराउंडर हैं, जिसके कारण भारत विश्व कप जरूर जितेगा, फिंगेश्वर के वरिष्ठ खिलाड़ी विकास यदु ने भारत का जीत का दावा करके कहा कि यह विश्व कप हमारा हैं, फिंगेश्वर के खिलाड़ी अभय साहू ने कहा कि टीम का दमदार खिलाड़ी कप्तान रोहित शर्मा हैं, रोहित है तो सब मुमकिन हैं, फिंगेश्वर के खिलाड़ी भूषण निषाद का कहना हैं कि मैं हार्दिक पांड्या को पसंद करता हूं, हार्दिक पांड्या जैसे ऑलराउंडर भारत क्रिकेट टीम का हिस्सा हैं, भारत का जीत पक्का हैं, फिंगेश्वर के खिलाडी तरूण यदु ने कहा क्रिकेट आज सभी युवा खेलते हैं, सबकी चाहता हैं कि विश्व कप भारत का हो और ये बस होने वाला हैं, क्रिकेट के साथ युवा पढ़ाई में भी ध्यान देवे ताकि उनका भविष्य उज्वल हो, फिंगेश्वर के सबके पसंद के खिलाड़ी राजू ने कहा हैं कि ये विश्व कप हमारा हैं, भारत भारत के नारे हर मैदान में गुज रहा टीम के प्रदर्शन के यह तय हो चुका की यह विश्व कप भारत का हैं... !तो इस तरह से फिंगेश्वर के युवा खिलाड़ियों ने अपनी अपनी बात रखी व भारत के जीत के लिए सभी आश्वस्त है।

# रामगुड़ी पारा और नया शनि मंदिर के सामने जुआ खेलते 6 गिरफ्तार



**रायगढ़, 3 नवम्बर।** कल शाम थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार के निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा व सीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर अवैध शराब एवं जुआ-सट्टा पर कार्यवाही थाने के विवेचकों की अलग-अलग टीमें बनाकर विभिन्न स्थानों पर दबिश दिया गया।

कार्यवाही दौरान पुलिस टीम ने रामगुड़ी पारा और नया शनि मंदिर के सामने रोड़ पर 52 पत्ती ताश से जुआ खेलते 6 आरोपी ;1द्ध राजा आलम पिता अख्तर उम्र 24 साल टिकरापारा इंदिरा नगर थाना कोतवाली राधेश्याम उर्फराजा अग्रवाल पिता मुरारी लाल अग्रवाल उम्र 45 साल बेलादुला थाना चक्रधरनगर जिला रायगढ़, प्रेम शंकर सिदार पिता दिल साय सिदार दर उम्र 24 साल जूटमिल समाधि गली थाना जूटमिल रायगढ़, नागेश बरेठ पिता स्वर्गीय दशरथ बरेठ उम्र 38 साल निवासी चांदनी चौक धोबी पारा थाना कोतवाली जिला रायगढ़, विक्रम पुरसेठ पिता सलिकराम पुरसेठ उम्र 48 साल निवासी रामगुड़ी पारा थाना कोतवाली रायगढ़, शंकर निषाद पिता चेतराम निषाद उम्र 32 साल निवासी तेलीपारा थाना कोतवाली रायगढ़ को पकड़ा गया जिनसे कुल 4,650 रूपये नकद एवं 52 पत्ती ताश के दो गड्डी जप्त किया गया है। वहीं ढिमरापुर चौक मुख्य मार्ग में शराब रेड कर आरोपी राजेश कुमार साहू पिता शौकीलाल साहू उम्र 43 वर्ष निवासी डुमरपाली थाना भुपदेवपुर रायगढ़ को पकड़ा गया है। आरोपी से 18 पाव देशी प्लेन शराब की जप्ती की गई है। टीआई शनिप रात्रे के नेतृत्वव में जुआए शराब रेड कार्रवाई में प्रधान आरक्षक हेमंत पात्रे, विक्रम चौरसिया, अरूणा चौरसिया, आरक्षक जगमोहन ओग्रे, कोमल तिवारी और घनश्याम ध्रुव शामिल थे।

### चार विधानसभा क्षेत्रों में 42 प्रत्याशी, 5 ने लिया नाम वापस

**रायगढ़, 3 नवम्बर।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के अंतर्गत नामांकन दाखिल करने वाले अभ्यर्थियों में से आज दो विधानसभा से कुल 5 अभ्यर्थियों ने अपना नाम वापस ले लिया है। इनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ से 4 अभ्यर्थी श्री संतोष कुमार साहू, श्री राजीव रत्न गुप्ता, श्री गोपाल प्रसाद दुबे एवं श्री संजय शर्मा ने अपना नाम वापस ले लिया है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा से श्री अशोक कुमार भगत ने नाम वापस लिया है। रायगढ़ जिले के चारों विधानसभा से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों में अब कुल 42 प्रत्याशी विधानसभा निर्वाचन-2023 में शामिल होंगे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा से 8 प्रत्याशियों में मनीषा गोंड (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे), विद्यावती सिदार (इंडियन नेशनल कांग्रेस), सुनीति सत्यानंद राठिया (भारतीय जनता पार्टी), श्री अजय कुमार पंकज (हमर राज पार्टी), श्री रघुवीर राठिया (गोंडवाना गणतंत्र पार्टी), श्री श्रवण भगत (बहुजन मुक्ति पार्टी), श्री भजन सिदार (निर्दलीय) एवं श्री महेन्द्र कुमार सिदार (निर्दलीय) शामिल है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ से 19 प्रत्याशियों में श्रीमती गोपिका गुप्ता (निर्दलीय),श्री नारायण दास (निर्दलीय) शर्मा (निर्दलीय), श्री नजीर अहमद (समाजवादी पार्टी) एवं पुष्पलता टंडन (बसपा) शामिल है।

# पुलिस ने सीमावर्ती क्षेत्रों में चलाया संयुक्त जांच अभियान जमुना बेरियर पर दोनों राज्यों की पुलिस तैनात



**रायगढ़, 3 नवम्बर।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग के निर्देशन पर कल दिनांक 01 नवंबर 2023 को अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक में रायगढ़ एवं सीमावर्ती उड़ीसा जिले के पुलिस अधिकारियों द्वारा विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराने सीमावर्ती क्षेत्र में संयुक्त रूप से जांच अभियान चलाने एवं अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट में कड़ी सुरक्षा को लेकर चर्चा किया गया। साथ ही एजेंडा अनुरूप बॉर्डर पर अवैध रूप से प्रलोभन सामग्रियों, शराब, नारकोटिक्स ड्रग्स इत्यादि की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण लगाने, वारंटियों और निगरानीशुदा बदमाशों अपराधियों इत्यादि की जानकारी साझा किए जाने जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में हुई परिचर्चा के अनुरूप आज दिनांक 02 नवंबर 1023 को उड़ीसा.छत्तीसगढ़ की सीमा पर थाना लेफ्रीपाड़ाए जिला सुंदरगढ़ क्षेत्र अंतर्गत थाना लैलूंगाए लेफ्रीपाड़ा पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से जांच अभियान चलाया गया। साथ ही इंटर स्टेट जमुना बैरियर पर श्री चितरंजन नायक, लेफ्रीपाड़ा थाना प्रभारी जिला सुंदरगढ़ के नेतृत्व में एसएसटीम के साथ दोनों राज्यों की पुलिस तैनात है और आवाजाही की सघन जांच कर रही है। वहीं तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत अंतर्राज्यीय हमीरपुर चेक पोस्ट पर तमनार थाना प्रभारी तमनार आशीर्वाद राहटगांवकर एवम चौकी प्रभारी बलिंगा ओड़िसा चित्रगुप्त चंपिया अपने स्टाफके साथ संयुक्त रूप से वाहनों की जांच किया जा रहा है। एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों को एसएसटी की सतत मॉनिटरिंग के दिये गये निर्देशों के तहत एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा द्वारा तमनार, लैलूंगा क्षेत्र के चेक पोस्ट में तैनात टीम को चेक कर वाहन जांच में शामिल हुये और कर्मचारियों को जांच कार्यवाही के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है।

**समाचार संक्षेप**

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर सुविधाओं की ली जानकारी



**बीजापुर 3 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने विधानसभा निर्वाचन को मद्देनजर रखते हुए आवश्यक तैयारियों का जायजा लेने भैरमगढ़ पहुंचे इस दौरान नेलसनार, मिरतुर, फुलगट्टा, बेचापाल के मतदान केन्द्रों का औचकर निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं नेलसनार, बांगापाल के चेकपोस्ट पर स्थैतिक निगरानी दल के ड्युटी मे तैनात अधिकारी-कर्मचारियों को सभी वाहनों का सघन जांच करने, आपत्तिजनक वस्तुओं को जब्त करने, विडियोग्राफी करने सहित पंजी का संधारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री उत्तम सिंह पंचारी, सीईओ जनपद पंचायत श्री राजेन्द्र कुमार बालेन्द्र सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

### मतदाता फोटो पहचान के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी मतदाता कर सकेंगे मतदान

**बीजापुर 3 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा दिए गए निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु निर्वाचन के लिए सभी मतदाता जिन्हे निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किये गये हैं, मतदान केन्द्रों पर वोट डालने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे एवं निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं उन्हे अपनी पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटो युक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदो/विधायकों/विधान परिषद् सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और युनिक डिसएबिलिटी आईडी (युडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा।

### दण्डाधिकारी जांच हेतु साक्ष्य आमंत्रित

**बीजापुर 3 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना मद्देड़ क्षेत्रांतर्गत घटना 17 अक्टूबर 2023 को ग्राम कोंजेड़ बेदेंपारा के जंगल पहाड़ के मध्य में हुए पुलिस-नक्सली मुठभेड़ की घटना घटित हुई थी। अथवा जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की जानकारी हो तो 15 अक्टूबर 2023 को न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी भोपालपटनम में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

### खुज्जी विधानसभा का होगा विकासःगीता

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी खुज्जी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77 के विधायक प्रत्याशी श्रीमती गीता घासी साहू के चुनाव प्रचार प्रसार इन दोनों जोर शोर से चल रही है। 2 अक्टूबर को ग्राम कुमरदा एवं ग्राम गैंदाटोला मे खुज्जी विधानसभा भाजपा अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती गीता घासी साहू ने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में खुज्जी विधानसभा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासीगण उपस्थित रहे।श्रीमती गीता घासी साहू ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि खुज्जी विधानसभा की जनता का अपार स्नेह और समर्थन हमेशा मिलती रही है आप सभी ने जो मुझे इतना समर्थन दिया।

# प्रत्याशी अपने सारे खर्च, आय व्यय रजिस्टर में दर्ज करेंगे



■ एक प्रत्याशी 40 लाख तक खर्च कर सकते

■ खर्चे बैंक अकाउंट के माध्यम से करेंगे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 3 नवंबर।** व्यय प्रेक्षक एस.ईश्वर के उपस्थिति में व्यय समिति के अधिकारी कर्मचारियों ने आज राजनीतिक दल के प्रत्याशी एवं उनके द्वारा नियुक्त अभिकर्ताओं की उपस्थिति में उन्हें बताया की एक रजिस्टर के माध्यम से सारे आय और व्यय का उल्लेख करने का निर्देश दिया ।उन्हें बतलाया गया की 40 लाख रुपया तक की व्यय करने की एक प्रत्याशी को अनुमति है ।साथ ही यह भी बताया गया कि स्टार प्रचारक के पहुंचने पर स्टार प्रचारक बिना प्रत्याशी के नाम के प्रचार करता है तो वह राशि प्रत्याशी के खाते में नहीं जुड़ेगा किंतु प्रत्याशी का नाम लेकर अगर वोट मांगते हैं तो यह राशि प्रत्याशी के खाते में पूरा खर्च चुढेगा और बैंक पासबुक के आधार पर प्रत्याशी सारा खर्च करेंगे 10 हजार से अधिक नगद राशि में बैंक के माध्यम से जमा या खचँ करेंगे और चुनाव के दरमियान 3 से 4 बार संबंधित तारीखों को रजिस्टर्ड सहित स्वयं या अपने अभिकर्ता के माध्यम से निर्वाचन के आय व्यय शाखा में प्रस्तुत करेंगे जिसमें उनके खर्च का रजिस्टर से मिलान किया जाएगा इस रजिस्टर में नाम निर्देशन से मतदान के अंतिम तिथि तक आय व्यय का संपूर्ण लेखा जोखा प्रस्तुत करना होगा इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने यह भी बतलाया की रजिस्टर का लगातार संधारण किया जाएगा और प्रत्याशी के व्यय किए गए राशि मिलान रजिस्टर से किया जाएगा वी एस टी के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जायेगी सभी खर्च बैंक खाते के माध्यम से किया जाना है । इस अवसर पर व्यय समिति में उपस्थित राजिम एवं बिंद्रा नवागढ़ के रिटर्निंग ऑफीसरों ने भी अपनी उपस्थिति देकर उन्हें चुनाव से संबंधित विभिन्न नियम कानून व प्रक्रियाओं की जानकारी देते हुए बतलाया कि अपना समस्त हिसाब किताब रजिस्टर में जरूर दर्ज करें कभी भी रजिस्टर का जांच किया जा सकता है या फिर निर्धारित तिथि को रजिस्टर बुलाकर जांच किया जा सकता है। जो मतदाता 80 वर्ष से ऊपर के हैं या विकलांग है। मतदान तिथि में मतदान केंद्र में उपस्थित नहीं हो सकते और अपना मतदान करना चाहते हैं उनके लिए भी मोबाइल वैन के माध्यम से मतदान करने की व्यवस्था की गई है आप लोगों को सूचना दे दी जाएगी आप लोगों उपस्थित उपस्थित रह सकते है।

# सामान्य व व्यय प्रेक्षकों की उपस्थिति में प्रत्याशियों एवं प्रतिनिधियों की बैठक



**रायगढ़, 3 नवम्बर।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आईएएस डॉ.रूपांजलि कार्तिक, आईएएस श्री सी.एन.लोंगफाई, आईएएस श्री ससीम कुमार बरई व व्यय प्रेक्षक श्री ओमप्रकाश व श्री पी.सुगेन्द्रन ने आज संयुक्त रूप से निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के संबंध में निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधियों की बैठक ली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल भी बैठक में सम्मिलित हुए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव एवं अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय भी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गोयल ने प्रत्याशियों एवं प्रतिनिधियों से कहा आज नाम वापसी पश्चात सभी विधानसभा के प्रत्याशी तय हो चुके हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्याशी निर्धारित सीमा के अंदर राशि खर्च कर सकते हैं। जिसका सभी प्रत्याशी को निर्धारित प्रपत्र में व्यय संधारित करना होगा। इसके साथ ही 6 नवंबर, 10 एवं 15 नवंबर को व्यय लेखा प्रस्तुत करना अनिवार्य हैं। व्यय लेखा संधारण व प्रस्तुत करने प्रत्याशी पृथक व्यक्ति रख सकते हैं। कलेक्टर गोयल ने कहा कि व्यय लेखा निगरानी का उद्देश्य निर्वाचन में अनुचित धन के प्रयोग पर नियंत्रण करते हुए स्वतंत्र, पारदर्शी निष्पक्ष निर्वाचन करवाना हैं। उन्होंने पार्टी प्रत्याशियों से आग्रह किया की आदर्श आचार संहिता का गंभीरता से पालन करते हुए एक बेहतर निर्वाचन में सहयोग करें।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी व्यय लेखा के संबंध में प्रत्याशियों को बारीकी से जानकारी प्रदान की। उन्होंने निर्वाचन में वैध व्यय के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि पोस्टर, बैनर में मुद्रक के नाम एवं प्रति की संख्या अंकित तथा रैली व सभा, वाहन हेतु संबंधित विधानसभा आरओ से पूर्वानुमति लेनी होगी। उन्होंने बताया कि सभा, रैली में प्रत्याशियों के व्यय निगरानी हेतु वीएसटी द्वारा वीडियोग्राफी करायी जाएगी। जिसका अवलोकन कर व्यय का संधारण किया जाएगा। उन्होंने कहा की प्रत्याशी के व्यय एवं लेखांकन टीम के पास संधारित व्यय में अंतर पाये जाने पर आप अपील कर सकते हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पेयजल, दरी, फैन, पंडाल जैसे विभिन्न सामग्रियों के साथ वाहन, नाचा दल, आदि के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा दर का निर्धारण किया गया हैं। प्रत्याशियों के विज्ञापन व्यय निगरानी के लिए एमसीएमसी गठित की गई हैं।

### रेण्डमाइजेशन और कमीशनिंग की दी जानकारी

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पाण्डेय ने प्रत्याशी एवं प्रतिनिधियों को जानकारी दी कि ईवीएम का दूसरा रेण्डमाइजेशन 4 नवंबर को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में किया जाएगा, जिसमें आप सभी उपस्थित हो सकते हैं। इसी प्रकार विधान सभावार रायगढ़, खरसिया एवं लैलूँगा विधानसभा क्षेत्र हेतु मशीनों की कमीशनिंग का कार्य केआईटी गढ़उमरिया रायगढ़ में तथा धरमजयगढ़ विधानसभा हेतु कमीशनिंग का कार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान धरमजयगढ़ में 6 नवंबर से प्रतिदिन 10.30 बजे राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों की उपस्थिति में किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने बताया की आगामी 17 नवंबर को होने वाले मतदान हेतु तीन विधान सभाओं का मतदान सामग्रियों का वितरण केआईटी एवं धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र हेतु निर्वाचन सामग्री का वितरण डाइट धरमजयगढ़ से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मतदान दिवस के दिन मॉक पोल हेतु पोलिंग एजेंट का मतदान समय से पूर्व पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। मतदान केन्द्रों के परिवर्तन के संबंध में दी जानकारी, मतदान केंद्र एवं मतदाता सूची का किया वितरणबैठक में राजनीतिक दलों के प्रत्याशी एवं प्रतिनिधियों को आरओ के माध्यम से विधान सभा वार मतदान केन्द्रों में हुए भवन, स्थल एवं नाम परिवर्तन की जानकारी देते हुए मतदान केन्द्रों के आंशिक परिवर्तन की सूची के साथ प्रकाशित मतदाता सूची भी प्रदान की गई।

### पोस्टल बैलेट के संबंध में दी जानकारी

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पाण्डेय ने बताया की इस वर्ष निर्वाचन आयोग द्वारा 80 प्लस आयु वर्ग एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगजनों को पोस्टल बैलेट की सुविधा दी जा रही हैं। जिले के चारों विधान सभा में 207 लोगों को घर पहुंच मतदान की सुविधा दी जाएगी।

एक नजर

### शराब की अवैध बिक्री कोचिया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 3 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, आशीष अरोरा एसडीओपी भाटापारा के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी हथबंद निरीक्षक अजय झा के निर्देशन में थाना हथबंद पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 31 अक्टूबर को थाना हथबंद से प्र.आर भालचंद्र ध्रुव, आरक्षक भुवन वर्मा, धर्मेंद्र यादव, संतोष साहू, प्रशांत दीवान एवं कमलेश्वर बर्मन की पुलिस टीम द्वारा ग्राम धोधा में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से ?3520 कीमत मूल्य का कुल 32 पाव देशी मसाला शराब तथा शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना हथबंद में अपराध क्र. 121/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा न्यायिक रिमांड पर भेजा जेल



**बलौदाबाजार, 3 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में महिला संबंधी अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमित तिवारी के दिशा निर्देश में थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र 864/2023 धारा 341, 354, 294, 506, 323, 34 के आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया। आरोपी का नाम असकरण खुटे पिता शिवचरण खुटे उम्र 19 साल साकिन करमनडीह थाना सिटी कोतवाली जिला बलौदाबाजार – भाटापारा है। मांमले का सक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थिया थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि 1 नवम्बर के शाम करीब 07/00 बजे बलौदाबाजार से दिवाली की खरीददारी करके अपने बहन तथा जीजा के साथ मोटर सायकल से घर जा रही थी तभी आरोपी असकरण खुटे एवं अन्य उसके साथी द्वारा हमारे मोटर सायकल को रोककर मेरा हाथ पकड लिया तथा मेरे कमर, सिना को गलत तरीके से पकडने लगे। मेरे जीजा तथा मेरी छोटी बहन बीच बचाव करने लगे तो उनके साथ मां बहन की अश्लील गंदी गंदी गाली गलौच करते हुये जान से मारने की धमकी देकर मार पीट किया है, कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान कथन प्रार्थीया कथन गवाहान घटना स्थल निरीक्षण पश्चात आरोपी का पता किया आरोपी असकरन खुंटे को हिरासत में लेकर पुछताछ किया जो अपने मेमोरेण्डम कथन में अपने 02 विधी से संघर्षरत साथी के साथ जुर्म घटित करना स्वीकार किया जिसे आरोप बताकर 2 नवम्बर को गिरफ्तार न्यायिक रिमाण्ड मे भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में प्रआर. 720 सुखसागर मरावी, प्रआर अन्नपूर्णा बंजारे व पेट्रोलिंग पार्टी का विशेष योगदान रहा

# राज्य स्थापना दिवस पर दीप जलाकर मतदान करने का संदेश

## शत-प्रतिशत मतदान का लिया संकल्प

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 3 नवम्बर।** लोकतंत्र को मजबूत बनाने तथा आगामी विधानसभा में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित करने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार के मार्गदर्शन में राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला पंचायत बलौदाबाजार-भाटापारा के अधिकारियों एवं कर्मचारीयों द्वारा दीप जलाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिए। साथ ही शत प्रतिशत मतदान के लिए संकल्प लिए। इसके अतिरिक्त आकर्षक रंगोली का भी निर्माण किया गया था। कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित स्पोर्टस मैदान में किया गया था। उक्त कार्यक्रम जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, लेखाधिकारी धिडोडे, बलौदाबाजार जनपद पंचायत सीईओ बी एस मंडावी, एपीओ के के साहू, मुरली यदु, शैलेंद्र भार्गव, अनीस चंद्राकर, रश्मि वर्मा, इंद्र देव वर्मा, स्टेनो श्रेया तिवारी, दिनेश, नेहा, विजेंद्र, योगेश अजगल्ले, सलीम खान, महेंद्र चौहान सहित जिला पंचायत एवं् जनपद पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**रैली का भी किया गया आयोजन:** स्वीप के नोडल अधिकारी नम्रता जैन के नेतृत्व में शत प्रतिशत मतदान हेतु जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। जिसमें बडी संख्या में स्कूली बच्चे सहित अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए। उक्त रैली गार्डन चौक से प्रारंभ कर अम्बेडकर चौक तक किया गया। अम्बेडकर चौक पहुंचकर अधिकारी-कर्मचारियों ने निष्पक्ष मतदान करने का संकल्प भी लिया।



# बलौदाबाजार, भाटापारा, कसडोल के उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आबंटित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 3 नवम्बर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 64 अभ्यर्थियों चुनाव मैदान में हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर.आर. दुबे ने बताया कि कसडोल विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 44 के लिए कुल 23, बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 45 के लिए कुल 15, भाटापारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 46 के लिए कुल 26 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किए थे। नामांकन पत्रों की संवीक्षा के बाद अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्हों का आबंटन कर दिया गया। मतदान 17 नवम्बर 2023 को तथा मतगणना रविवार 3 दिसम्बर 2023 को किया जाएगा। निर्वाचन प्रक्रिया को मंगलवार 5 दिसम्बर 2023 को पूर्ण कर लिया जाएगा।

कसडोल विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 44 के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी संदीप साहू, भारतीय जनता पार्टी धनीराम धीवर, बहुजन समाज पार्टी डॉ. देवदत्त बरतामसी, आम आदमी पार्टी से लेखराम साहू, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे मनहरण दास गुरूगोसाई, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी डॉ देवेश वर्मा, समाजवादी पार्टी पुरूषोत्तम सोनी, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी धनेश कुमार कोसले, भारतीय जन शक्ति चेतना पार्टी छबीलाल पैकरा, हमर राज पार्टी सुश्री परमेश्वरी पैकरा, गण सुरक्षा पार्टी गोप कुमार पटेल, आजाद जनता पार्टी जगजीवन राम सतनामी, निर्दलीय मनोज कुमार आडिल, शिवशंकर अग्रवाल, रामनारायण निषाद, प्रीतलाल कुर्रे, लीलाधर निषाद, गोरेलाल साहू, कृष्ण कुमार यदु, संदीप साहू, धनीराम केंवट, शैलेन्द्र एवं अमरीका साहू ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है।

बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 45 इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी शैलेष नितिन त्रिवेदी, भारतीय जनता पार्टी टंकराम वर्मा, भारतीय जनता पाटी कुशल राम वर्मा, बहुजन समाज पार्टी राजकुमार पात्रे, आम आदमी पार्टी संतोष यदु, शिवसेना इंद्रजीत साहू, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे योगेश साहू, भारतीय जन शक्ति चेतना पार्टी दशरथ जायसवाल, गण सुरक्षा पार्टी दुर्गेश्वरी देवी धृतलहरे, निर्दलीय गंगाराम सेन, गौकरण निषाद, नीलम संजय भारद्वाज, राजा दुलरवा, डेमन लाल वर्मा, नरोत्तम दास बंजारे ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है।

भाटापारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 46 के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी इंद्रकुमार साव, भारतीय जनता पार्टी शिवरतन शर्मा, खेमदास टण्डन बहुजन समाज पार्टी, जितेन्द्र बंजारे जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे, मनोहर साहू समाजवादी पार्टी, शिवसेना सुरेन्द्र कुमार यदु, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी चंद्रकांत यदु, भारतीय जन शक्ति चेतना पार्टी दयाशंकर निषाद, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया गोपाल प्रसाद साहू, भारतीय बहुजन कांग्रेस शत्रुहन प्रसाद साहू, असंख्य समाज पार्टी गोपाल नट, निर्दलीय कृष्ण कुमार बंजारे, व्यास नारायण वर्मा, रेशम लाल जोगी, खेमराज साहू, संतोष ध्रुव, सेवकराम साहू, राधेलाल मिर्झा, देवप्रसाद कोसले, राजेन्द्र कुमार जांगड़े, प्रकाश दिवाकर, सुनिता देहरी, पंचराम, प्रवीण कुमार साहू, नरेश कुमार कोसले, राकेश कुमार ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है।

**कसडोल के लिए अभ्यर्थी एवं उनके चुनाव चिन्ह**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | भारतीय जनता पार्टी धनीराम धीवर | कमल |
| 2 | बहुजन समाज पार्टी डॉ. देवदत्त बरतामसी | हाथी |
| 3 | छजका (जे) मनहरण दास | हल जोतता किसान |
| 4 | इंडियन नेशनल कांग्रेस संदीप साहू | हाथ |
| 5 | पार्टी अमरीका साहू | गैस सिलेंडर |
| 6 | गणा सुरक्षा पार्टी गोप कुमार पटेल | बैटरी टार्च |
| 7 | भारतीय जन शक्ति चेतना पार्टी छबीलाल पैकरा | बांसुरी |
| 8 | आजाद जनता पार्टी जगजीवन राम सतनामी | गन्ना किसान |
| 9 | जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी डॉ देवेश वर्मा | छड़ी |
| 10 | राष्ट्रीय जनसभा पार्टी धनेश कुमार कोसले | नारियल फार्म |
| 11 | हमर राज पार्टी परमेश्वरी पैकरा | बाल्टी |
| 12 | समाजवादी पार्टी पुरूषोत्तम सोनी | सायकल |
| 13 | निर्दलीय कृष्ण कुमार | माचिस की डिब्बी |
| 14 | निर्दलीय गोरेलाल साहू | एयर कंडीस्नर |
| 15 | निर्दलीय धनीराम केंवट | गुब्बारा |
| 16 | निर्दलीय प्रीतलाल कुर्रे | सिलाई की मशीन |
| 17 | निर्दलीय मनोज कुमार आडिल | ब्लैक बोर्ड |
| 18 | निर्दलीय लीलाधर निषाद | आदमी व पाल युक्त नौका |
| 19 | निर्दलीय शैलेन्द्र | बल्ला |
| 20 | निर्दलीय संदीप साहू | अलमारी |



**भाटापारा के लिए अभ्यर्थी एवं उनके चुनाव चिन्ह**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी इंद्रकुमार साव | हाथ |
| 2 | खेमदास टंण्डन बहुजन समाज पार्टी | हाथी |
| 3 | जितेन्द्र बंजारे छजकां(जे) | हल जोतता किसान |
| 4 | भारतीय जनता पार्टी शिवरतन शर्मा | कमल |
| 5 | जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी चंद्रकांत यदु | छड़ी |
| 6 | भारतीय जन शक्ति चेतना पार्टी दयाशंकर निषाद | बांसुरी |
| 7 | मनोहर साहू समाजवादी पार्टी | सायकल |
| 8 | निर्दलीय कृष्णा बंजारे | नारियल फार्म |
| 9 | निर्दलीय गोपाल नट | सिलाई की मशीन |
| 10 | निर्दलीय देवप्रसाद कोसले | शतरंज बोर्ड |
| 11 | निर्दलीय नरेश कुमार कोसले | जूता |
| 12 | निर्दलीय पंचराम | बेबी वॉकर |
| 13 | निर्दलीय प्रकाश दिवाकर | टायर |
| 14 | निर्दलीय प्रवीण कुमार साहू | घन |
| 15 | निर्दलीय व्यास नारायण वर्मा | नारियल |
| 16 | निर्दलीय राकेश कुमार | अलमारी |
| 17 | निर्दलीय राजेन्द्र कुमार जांगड़े | टेलीविजन |
| 18 | निर्दलीय राधेलाल मिर्झा | उपहार |
| 19 | निर्दलीय रेशम लाल जोगी | डीजल पम्प |
| 20 | निर्दलीय सुनिता देहरी | रोड रोलर |
| 21 | निर्दलीय सुरेन्द्र कुमार यदु | एयर कंडीस्नर |
| 22 | निर्दलीय सेवकराम साहू | बल्ले बाज |
| 23 | निर्दलीय संतोष ध्रुव | सेब |

**बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 45 के लिए अभ्यर्थी एवं उनके चुनाव चिन्ह**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | भारतीय जनता पार्टी टंकराम वर्मा | कमल |
| 2 | छजकां (जे) योगेश साहू | हल जोतता किसान |
| 3 | बहुजन समाज पार्टी राजकुमार पात्रे | हाथी |
| 4 | इंडियन नेशनल कांग्रेस शैलेष नितिन त्रिवेदी | हाथ |
| 5 | आम आदमी पार्टी संतोष यदु | झाड़ू |
| 6 | भ्रष्टाचार मुक्ति मोर्चा गौकरण निषाद | गैस सिलेंडर |
| 7 | भारतीय जन शक्ति चेतना पार्टी दशरथ जायसवाल | बांसुरी |
| 8 | गणा सुरक्षा पार्टी दुर्गेश्वरी देवी धृतलहरे | बैटरी टार्च |
| 9 | निर्दलीय इंद्रजीत साहू | एयर कंडीस्नर |
| 10 | निर्दलीय नरोत्तम दास बंजारे | गन्ना किसान |
| 11 | निर्दलीय नीलम संजय भारद्वाज | टीवी रिमोट |



### नाम निर्देशन पत्रों की संविक्षा के बाद स्थिति

कसडोल विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-44 से आम आदमी पार्टी से लेखराम साहू, शिवशंकर अग्रवाल ने अपना नाम निर्देशन पत्र वापस लिए। बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-45 से डेमनलाल वर्मा, गंगाराम शेर ने नाम निर्देशन पत्र वापस लिए। भाटापारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-46 से शून्य अपना नाम निर्देशन पत्र वापस वापस लिए। अब विधिमान्य नाम निर्देशित अभ्यर्थियों की संख्या – कसडोल विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-44 से 20 अभ्यर्थी, बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-45 से 11 अभ्यर्थी एवं भाटापारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-46 से 23 अभ्यर्थी है।

## एसजीएस इंग्लिश मीडियम स्कूल खरोरा की प्राचार्या गिरफ्तार



■ स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल सुहेला में दाखिला के लिए फर्जी अंकसूची एवं स्थानांतरण प्रमाण पत्र किया था जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 3 नवम्बर।** प्रकरण के प्रार्थी दानेश्वर प्रसाद कोशले स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल सुहेला के प्राचार्य द्वारा 8 फरवरी को थाना में आवेदन प्रस्तुत कर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जांच रिपोर्ट को संलग्न कर नवीन वर्मा पिता मनहरण वर्मा निवासी सुहेला तथा एसजीएस इंग्लिश मीडियम स्कूल खरोरा के तत्कालीन प्राचार्य के खिलाफ कार्यवाही हेतु प्रस्तुत आवेदन पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 33/2023 धारा 420, 467, 468, 471, 34 भा.द.वि. पंजी कर विवेचना में लिया जाकर घटना को श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार भटापारा दीपक कुमार झा, को अवगत कराने पर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने निर्देशित करने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव, एवं एसडीओपी भाटापारा आशीष अरोरा के मार्गदर्शन में सुहेला थाना प्रभारी नकुल सिंह ठाकुर के नेतृत्व में आरोपी नवीन वर्मा को पूर्व में 4 अगस्त को गिरफ्तार कर रिमाण्ड लिया गया है, तथा प्रकरण की आरोपिया एसजीएस इंग्लिश मीडियम स्कूल खरोरा के प्राचार्य किरण नशीने जो सकुनत से गिरफ्तारी हेतु लुक छिप रही थी जिसे 2 नवम्बर को पता तलाश कर हिरासत में लेकर पूछताछ कर मेमोरंडम कथन पर दाखिला खारिज पंजी, उपस्थित रजिस्टर, शाला शुल्क रजिस्टर एवं स्थानांतरण प्रमाण पत्र को जप्त कर आरोपिया किरण नशीने पति छबिलाल नशीने उम्र 33 वर्ष साकिन केशला थाना खरोरा जिला रायपुर को अपराध धारा घटित करना पाए जाने से 2 नवम्बर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय पेश करने रवाना किया गया है।

### मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से बंद रहेगी मदिरा दुकानें

**कोरबा 3 नवंबर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कोरबा श्री सौरभ कुमार ने विधानसभा चुनाव 2023 के तहत आगामी 17 नवंबर को होने जा रहे मतदान कार्य के मद्देनजर मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व अर्थात 15 नवंबर को सायं पांच बजे से 17 नवंबर (सम्पूर्ण दिवस) तक शुष्क दिवस घोषित करते हुए उक्त समयावधि में सभी प्रकार की मदिरा दुकाने आदि बंद रखने के आदेश दिए है। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 संबंधी कार्य निर्विध्न एवं निष्पक्षतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ.ग. के निर्देश अनुरुप कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कोरबा श्री सौरभ कुमार ने छ.ग. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप धारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए कोरबा जिले में 17 नवंबर 2023 को होने वाले मतदान के अवसर पर मतदान समाप्ति 17 नवंबर से 48 घंटे पूर्व से अर्थात 15 नवंबर सायं पांच बजे से 17 नवंबर (सम्पूर्ण दिवस) तक शुष्क दिवस घोषित करते हुए जिले के समस्त देशी मदिरा दुकाने, विदेशी मदिरा दुकाने, होटलबार, असैनिक विनोदगृह को उक्त शुष्क अवधि में पूर्णत: बंद रखे जाने के आदेश दिए है।

सामग्री वितरण एवं वापसी के कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

# पूरी गंभीरता एवं सजगता के साथ लें प्रशिक्षण: कलेक्टर चंदन कुमार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 3 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने कहा कि निर्वाचन का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है इसलिए निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों के पूरी गंभीरता एवं सजगता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक है। कुमार आज सँयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतदान सामग्रियों के वितरण एवं वापसी के कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के प्रशिक्षण के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे।



कुमार ने कहा कि निर्वाचन में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अपने कार्यों एवं दायित्वों का समुचित जानकारी होनी चाहिए। जिससे की वे निर्बाध रूप से अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे, अपर कलेक्टर बी सी एक्का, आरओ रोमा श्रीवास्तव सभी आरओराजस्व अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे। कुमार ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सकारात्मक माहौल में पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान सामग्रियों के वितरण एवं वापसी के समय मतदान दल के अधिकारियों के साथ मधुर एवं आत्मीय व्यवहार करने को कहा। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बेहतरीन कार्यों के संपादन के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे ने कहा कि सामग्री वितरण एवं वापसी के कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण निर्वाचन प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसलिए अधिकारी- कर्मचारियों का प्रशिक्षण समुचित एवं सही तरीके से होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समुचित एवं सही तरीके से सामग्री वितरण पर ही मतदान की सफलता निर्भर करेगा। दुबे ने कहा कि वितरण एवं वापसी के कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को सभी सामग्रियों के बारे में भलि-भाँति जानकारी होनी चाहिए।

दुबे ने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुजांईश बिल्कुल भी नही होती। इसलिए निर्वाचन संबंधी सभी कार्य को विशेष सावधानी एवं पूरी सतर्कता के साथ किया जाना आवश्यक है। प्रशिक्षण में प्रशिक्षकों के द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान सामग्रियों के वितरण एवं वापसी के विभिन्न प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

### निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करें और शांतिपूर्ण चुनाव कराने में सहयोग दें: प्रेक्षकद्वय

**कोरबा 3 नवंबर।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन – 2023 के लिए नाम वापसी के पश्चात विधानसभावार लड़ने वाले अभ्यर्थियों की बैठक श्री प्रियतु मंडल एवं सी0के0 जमातिया, सामान्य प्रेक्षक तथा पुलिस आब्जर्वर श्री सी.वेंकटा सुब्बा रेड्डी की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस दौरान प्रेक्षकों ने अभ्यर्थियों, प्रतिनिधियों से मुखातिब होते हुए कहा कि जिले में निर्विघ्न व शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य संपन्न कराने में सभी अभ्यर्थीगण व राजनीतिक दल अपना पूर्ण सहयोग दें। यदि चुनाव से संबंधित किसी प्रकार की शिकायत या सुझाव उनके पास हैं तो वे अपने से संबंधित प्रेक्षक के समक्ष रखें। प्रेक्षकों ने कहा कि कोई भी अभ्यर्थी या राजनैतिक दल के प्रतिनिधि चुनाव के दौरान ऐसा कोई भी कार्य न करे जिससे कि आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन हो। बैठक के दौरान अभ्यर्थियों या उनके प्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों, उठाई गई शंकाओं का समाधानकारक उत्तर दिया गया। बैठक में पुलिस आब्जर्वर ने अभ्यर्थियों, प्रतिनिधियों से आग्रह करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सभी अपना सहयोग दें तथा ऐसा कोई भी कदम न उठाएं जिससे शांति व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ें। उन्होंने कहा कि यदि अभ्यर्थी को किसी से कोई शिकायत है तो वे अपनी शिकायत कर सकते हैं।

### प्रेक्षक जमातिया ने किया एमसीएमसी, कंट्रोल रूम और स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**कोरबा 3 नवंबर।** निर्वाचन आयोग द्वारा पाली-तानाखार तथा कटघोरा विधानसभा के लिए नियुक्त प्रेक्षक आई.ए.एस. श्री सी.के.जमातिया ने वाणिज्य कर कार्यालय में विधानसभा निर्वाचन हेतु बनाये गये मीडिया अनुप्रमाणन और मीडिया अनुवीक्षण इकाई(एमसीएमसी), वीडियो अवलोकन कक्ष, सी-वीजिल- कंट्रोल रूम आदि का अवलोकन किया। उन्होंने एमसीएमसी इकाई द्वारा प्रतिदिन के अखबारों, टीव्ही चैनलों, सोशल मीडिया एकाउंट में अभ्यर्थियों के प्रचार संबंधी सामाग्रियों के संबंध में प्रभारी अधिकारियों से जानकारी ली और प्रतिदिन के कार्यवाहियों को रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। एमसीएमसी के नोडल अधिकारी श्री सेवा राम दीवान संयुक्त कलेक्टर, श्री विनोद सिंह ने एमसीएमसी के कार्यवाहियों को विस्तार से बताया। प्रेक्षक श्री जमातिया ने झगरहा स्थित आई.टी.कालेज में स्थापित किए जा रहे स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विधानसभा वार बनाए गए स्ट्रांग रूमों में जाकर ईव्हीएम मशीनों और मतदान दलों को वितरित की जाने वाली सामग्रियों की व्यवस्था की जानकारी ली।


## आम सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे द्वारा मधु सुदन अग्रवाल पिता दुर्गा प्रसाद अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी देना बैंक के सामने जय स्तम्भ चौक डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का निवासी हैं के भतीजे अविनाश कुमार अग्रवाल पिता रमेश कुमार अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी देना बैंक के सामने जय स्तम्भ चौक डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) के नाम से ग्राम बोरतलाव प.ह.नं. 27 रा.नि.मं. चौथना तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) में ख.नं. 531, 534 रकबा 2.318, 1.777 है. कुल ख.नं. 2 कुल रकबा 4.095 हे. भूमि स्थित हैं को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर विक्रय इकरारनामा का निष्पादन करा लिये हैं। उक्त भूमि का मात्र विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन की कार्यवाही शेष हैं। अतः उक्त संव्यवहार या उसके किसी भाग के स्वत्व व आधिपत्य के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति, साहूकार संस्था फर्म बैंक, निगम, शासकीय व अर्धशासकीय विभाग आदि को किसी भी प्रकार से आपत्ति हो तो वह उस आम सूचना प्रकाशन के 07 सात दिनों के भीतर सुसंगत दस्तावेज सहित व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद सौदाशुदा भूमि का विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करा लिया जावेगा। बाद में की गई आपत्ति आमान्य/शून्य माना जावेगा तथा मेरे पक्षकारगण पर लागू एवं बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचना जाने।

**स्थान :**
**दिनांक:**

**भवदीय**
**डॉक्टर विनय गिरपुंजे**
**पिता शंकरराव गिरेपुंजे जाति तेली**
**निवासी-डिपरापारा, छुईखदान**
**जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई(छ.ग.)**
**मो.नं.: 7067109090**



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202310092100041**

विषय:- अ-6 अ
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्-2023-2024

बोरतलाव (प.ह.न. 00027),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- जयलाल मंडावी,
अनावेदक पक्षकार-

## ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जयलाल मंडावी आ. मीता राम मंडावी, जाति गोड़, वर्तमान निवासी साई बिलास चरोदा, जिला दुर्ग (छ.ग.) कृषक ग्राम बोरतलाब तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक के नाम पर ग्राम बोरतलाब, प.ह.नं. 27, रा.नि.मं. लाल बहादुर नगर, तह. लाल बहादुर नगर, में खाता क्रमांक 178 खसरा नंबर 373 रकबा 0.9260 है. लगानी 0.45 पैसे कृषि भूमि स्थित है जिसमें ऑनलाईन रिकार्ड बी-1, नक्शा, खसरा में लिपिकीय त्रुटिवश उनके पिता का नाम सीमाराम दर्ज हो गया है। आवेदक का वास्तविक नाम जयलाल आ. मीता राम मंडावी है जो उनके आधार कार्ड, पेनकार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में चला आ रहा है। उक्त भूमि के पुराने ऋण पुस्तिका में भी उनके पिता का नाम मीता राम आ. सुरेश सिंह गोड़ दर्ज है। उक्त भूमि की रजिस्ट्री में भी उनके पिता का नाम मीता राम दर्ज है। अतः ऋण पुस्तिका एवं रजिस्ट्री के अनुसार आवेदक के नाम से स्थित भूमि ग्राम बोरतलाब, प.ह.नं. 27. रा.नि.म. लाल बहादुर नगर, तहसील डोंगरगढ़ खाता क्रमांक 178 खसरा नंबर 373 रकबा 0.9260 हेक्टेयर लगानी 0.45 पैसे में जो ऑनलाईन नक्शा खसरा में आवेदक के पिता का नाम सीमाराम दर्ज है उसे विलोपित कर उसके स्थान पर उनका वास्तविक नाम मीता राम मंडावी दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 22.11.2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/10/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

## एक नजर

### बुजुर्ग के खाते से 5 लाख 82 हजार पार

**रायपुर, 3 नवंबर ।** बुजुर्ग के बैंक खाते से अज्ञात मोबाइल धारकों ने 3 बार में 5 लाख 82 हजार रुपए आहरण कर लिए। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रविन्द्रनाथ दास 71 वर्ष महावीर नगर न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी ने गुगल पर फोन पे का कॉन्टेक्ट नंबर सर्च कर मोबाइल नंबर 62971-84552 एवं 89627-65552 के धारकों से बता किया। जिससे आरोपियों ने प्रार्थी को एप डाउनलोड कराकर उसके एसबीआई बैंक के खाते से 3 बार में 5 लाख 82 हजार 499 रुपए आहरण कर लिया। जब प्रार्थी को पता चला तो उसने इसकी शिकायत राजेन्द्र नगर थाना में की। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफधोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब के साथ चार कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर, 3 नवंबर ।** राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते 4 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 155 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार उरला पुलिस ने पुरानी बस्ती बीरगांव में दबिश देकर अवैध शराब बेचते आरोपी संतोष बांधे 45 वर्ष व बाबूलाल सोनी 62 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के पास से 61 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने ग्राम कठिया में दबिश देकर आरोपी प्यारेलाल धीवर के पास से 82 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने ग्राम कुरूद में आरोपी धनेश्वर धीवर 33 वर्ष के पास से 12 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### सरेआम शराब पीते 5 पकड़ाए

**रायपुर, 3 नवंबर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने गांधी मैदान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी मनीष पाण्डे 40 वर्ष व हरी श्याम निषाद 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह सेजबहार पुलिस ने आरोपी नील अनंत 34 वर्ष व दीपक मिश्रा 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने आरोपी जेठूराम साहू 46 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### गांजा बेचते युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 3 नवंबर।** आरंग पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांजा बेचने के लिए ग्राहक तलाशते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 7 किलो 676 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि आरंग के कॉलेज चौक के पास एक युवक मादक पदार्थ बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी अरविंद साहू 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 7 किलो 676 ग्राम गांजा जब्त किया है।

### मैडल जीतकर शहर का बढ़ाया मान

**रायपुर, 3 नवम्बर ।** राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग में शालेय खिलाड़ी गोल्ड मेडल जीतकर चौम्पियन बने. जिले का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ी का शहर के खेल प्रेमियों ने उत्साह बढ़ाया. गौरतलब है कि जिले में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। यही वजह है कि बेहतर मार्गदर्शन मिलने से आयाम गढ़ने लगे हैं. कोच देवेन्द्र यादव, टिक्की प्रधान, ननकू ने बताया कि गत दिनों राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग स्पर्धा हुई. इसमें निगम एवं नूतन इंग्लिश स्कूल के छात्र रितेश साहू तथा वंदे मातरम शाला तेजस्वी सारथी ने भाग लिया. दोनों ही खिलाड़ियों ने स्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन गोल्ड मेडल जीतकर चौंपियन बने. अब वे नेशनल स्पर्धा में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे. इस उपलब्धि पर जिले के खिलाड़ियों को क्रीड़ा भारती संघ अध्यक्ष लक्ष्मण पहलवान, कोच निर्मलकर, राजेश वैद्य, गिरीश राजपाल, कोच विजय यादव, शिवा, इंद साहू, रामकुमार साहू आदि ने हर्ष जताया है।

### बदला मौसम का मिजाज

**रायपुर, 3 नवंबर।** छत्तीसगढ़ में हल्की और गुलाबी ठंड की दस्तक के बीच अचानक मौसम का मिजाज बदल गया है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में यह बदलाव देखा जा रहा है। राजधानी रायपुर में दोपहर करीब 1 बजे हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने इसके लिए पूर्वानुमान जारी कर दिया था। मौसम विभाग की मानें, तो आज गुरुवार को प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है। इस तरह की स्थिति दो-तीन दिनों तक बने रहने की संभावना है। बताया जा रहा है कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण बारिश होगी। तापमान सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। तीन दिनों बाद तापमान में गिरावट संभावित है। वहीं रायपुर में 32, माना एयरपोर्ट में 31.4, बिलासपुर में 30.5, पेंड्रा रोड में 28, अंबिकापुर में 27.6, जगदलपुर में 33.02 दुर्ग में 31.8 राजनांदगांव में 31 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

# आयोग ने सीएस से ली चुनाव तैयारियों की जानकारी

**आचार संहिता, ईवीएम, वीवीपैट की कमिशनिंग तथा सुरक्षा बलों का दिया गया ब्योरा**

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 3 नवम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग ने मुख्य सचिव से छत्तीसगढ़ में प्रथम एवं द्वितीय चरण के मतदान की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली है। आचार संहिता का पालन करने के संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को भी नए दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

राज्य में प्रथम चरण के लिए 7 नवम्बर तथा द्वितीय चरण के लिए 17 नवम्बर को मतदान होगा। भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों ने आचार संहिता, ईवीएम, वीवीपैट की कमिशनिंग, मतदान दलों की रवानगी सहित सुरक्षित वापसी, डाक मत पत्रों, सी-विजिल से प्राप्त शिकायतों के बारे में कई जानकारी मांगी है। आयोग के अनुसार प्रथम चरण में 11 जिलों में चुनाव होने जा रहे हैं जिसमें 1181 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। भाजपा व कांग्रेस के अलावा हमर राज पार्टी, आप सहित अन्य क्षेत्रीय दल चुनाव मैदान में हैं। प्रथम चरण के चुनाव में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

### लाल आतंक के साये में होगा चुनाव

छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के अंतर्गत आने वाले जगदलपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर, कोंटा, कोण्डागांव, केशकाल, अंतागढ़, नारायणपुर, के अलावा मोहला-मानपुर जिला में मतदान दलों को शाम पांच बजे के बाद रवाना कर दिया जाएगा। चुनाव प्रचार इसी दिन बंद हो जाएगा। प्रत्याशी एवं उनके समर्थक घर-घर जाकर दस्तक देंगे। सीआपीएफ की टुकड़ी आनी शुरू हो गई है। राज्य में प्रथम चरण के मतदान के लिए सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को ईवीएम की कमिशनिंग के बाद रेण्डमाइजेशन का कार्य पूरा कर लेने का निर्देश दिया गया है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चुनाव कराना चुनौतीपूर्ण कार्य होगा। नक्सलियों ने मतदान कर्मियों को भी चेतावनी दी है कि वे पुलिस के साथ न आएं।

रैली...



रायपुर 3 नवंबर। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आज मतदाताओं को जागरूक करने रैली निकाली गई। जिसमें दिब्यांग लोग भी शामिल हुए।

### कांग्रेस की गारंटी डुप्लीकेट : संदीप पाठक

**रायपुर 3 नवंबर।** विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की प्रचार को गति देने रायपुर पहुंचे सांसद संदीप पाठक ने कांग्रेस की गारंटी को डुप्लीकेट बताया. उन्होंने कहा कि ओरिजिनल तो ओरिजिनल होता है, और डुप्लीकेट तो डुप्लीकेट होता है. गारंटी शब्द का इस्तेमाल पहले अरविंद केजरीवाल ने किया था, और अब सब उपयोग कर रहे हैं. सांसद संदीप पाठक ने मीडिया से चर्चा में कहा कि आम आदमी पार्टी देश में राजनीति करने नहीं उसे बदलने आई है. चाहे कितनी भी गारंटी दो, उतनी करो जितना कर सकते हो. नहीं तो गारंटी से लोगों का विश्वास उठ जाएगा. केजरीवाल की गारंटी पर सबको भरोसा है. राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने ईडी रेड पर कहा कि साढ़े 9 साल के मोदी कार्यकाल में उनका डब्बा गुल है. सरकार बनाने की एक ही रणनीति है, या तो खरीद लो या डरा धमका लो. आम आदमी पार्टी के सभी नेताओं को ईडी का नोटिस आया है. आप के सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारने की रणनीति पर संदीप पाठक ने कहा कि पहले तय किया था कि सभी सीटों पर लड़ेंगे, पर फिर रणनीति के तहत उन सीटों पर फोकस किया जिसे कन्वर्ट कर सकते हैं. हम स्थिति के हिसाब से रणनीति तय करते हैं. घोषणा पत्र केवल चुनाव के लिहाजे से किया जाता है, फिर उसे कचरे के डब्बे में फेंक दिया जाता है।

## किसानों को 250 करोड़ का भुगतान

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 3 नवम्बर।** धान खरीदी के दूसरे दिन 250 करोड़ मूल्य के धान की बिक्री हो गई है। अभी रायपुर तथा दुर्ग संभाग में ही धान बड़ी मात्रा में आ रहा है। जबकि बस्तर एवं अंबिकापुर में धान नहीं के बराबर खरीदी केंद्रों में आया है। मार्कफेड को शासन द्वारा धान खरीदी के लिए नोडल एजेंसी बनाया गया है। धान खरीदी 1 नवम्बर से शुरू हो गई है। एक नवम्बर को शासकीय अवकाश होने के बावजूद खरीदी केंद्रों में धान आ गया। आज 50 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है। जिसके तहत किसानों को 250 करोड़ का भुगतान कर दिया गया है। यह राशि आटीजीएस के माध्यम पहले अपेक्स बैंक को जाती है, इसके बाद प्रदेश के अन्य सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों के खाते में जमा कर दी जाती है। राज्य में धान कटाई जोरों से चल रही है। अगले 10 दिनों के बाद और जोर पकड़ेगा। मार्कफेड अधिकारियों के अनुसार करीब 24 लाख किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। सरकार के द्वारा 1.30 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। ढाई हजार से ज्यादा धान खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। मार्कफेड के अनुसार रायपुर संभाग के धमतरी तथा गरियाबंद जिले से धान की आवक सबसे ज्यादा है। दुर्ग संभाग में राजनांदगांव तथा कवर्धा संभाग में धान आ रहा है। इस समय जल्द पकने वाली फसलों के धान की आवक हो रही है। मार्कफेड के अधिकारियों के अनुसार अन्य संभाग जैसे बिलासपुर, बस्तर तथा अंबिकापुर संभाग में धान की खरीदी की बोहनी नहीं हुई है। फिलहाल धान खरीदी पुराने सिस्टम के आधार पर हो रही है।

## उद्घाटन मैच में रावतपुरा कॉलेज की जीत

**रायपुर 3 नवंबर।** उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय द्वारा आयोजित विप्र ट्रॉफी अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के बाद प्रथम मैच में शासकीय छत्तीसगढ़ महाविद्यालय को श्री रावतपुरा कॉलेज ने 8 विकेट से पराजित किया।विप्र कॉलेज मैदान में पहले बल्लेबाजी करते हुए छत्तीसगढ़ महाविद्यालय ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाएं।कमल ने 23 गेंद पर 37 रन बनाएं। रावतपुर कॉलेज के अभिजीत ने घातक



गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 14 रन देकर 6 विकेट लिए। जवाब में विपुल की धुआंधार बल्लेबाजी 33 बाल में 71 रन के बदौलत रावतपुरा कॉलेज ने 2 विकेट के नुकसान पर 153 रन बनाकर मैच 8 विकेट से जीत लिया।दूसरा मैच यूटीडी एवं शासकीय महाविद्यालय धरसीवा के बीच खेला गया। यूटीडी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 140 रन बनाए। पंकज ने 15 बॉल में 32 रन बनाया। जवाब में धरसीवा महाविद्यालय के बल्लेबाज विक्रांत के 53 रन के बाद भी पूरी टीम 138 रन पर ऑल आउट हो गई और मैच दो रन से हार गई। यश ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 22 रन देकर 3 विकेट लिए।

उपरोक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ . मेघेश तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे दिवस 3 नवंबर को पहला मैच अग्रसेन कॉलेज एवं हरिशंकर कॉलेज तथा दूसरा मैच शंकराचार्य कॉलेज एवं मैक कॉलेज के बीच खेला जाएगा।

## त्रिवेदी के पक्ष में जनसंपर्क

**रायपुर 3 नवंबर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस के संयुक्त महासचिव एवं बलोदा बाजार प्रभारी अशोक राज आहूजा ने कांग्रेस के साथियों के



साथ वार्ड नंबर 11 12 13 14 में कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी के पक्ष में सघन जनसंपर्क किया और शैलेश नितिन को जिताने की अपील की जनता में भारी उत्साह का माहौल है जनता दोबारा कांग्रेस की सरकार बनना चाहती है आज के इस जनसंपर्क में देव टंडन सैयद इजरायल नारायण पत्र दिनेश साहू नीरज राठी गजानन साहू अनूप रवानी जतिन ठाकुर रामेश्वर यादव दुर्गेश साहू टिकेश्वर साहू पार्वती बघेल पिंकी साहू रूपा चौधरी आदि अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल थे बाद में कांग्रेस भवन में सभी साथियों को अशोक राज ने संबोधित करते हुए अपने वार्ड में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने का निवेदन किया।

## जयराम रमेश टीम के साथ चेंबर भवन पहुंचे

**रायपुर 3 नवंबर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि कल विधानसभा चुनाव में प्रदेश के व्यापार एवं उद्योग से संबंधित सुझाव हेतु कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, राज्यसभा सदस्य एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री जयराम रमेश एवं टीम चेंबर भवन पहुंचे जहां उनके साथ राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा जी, अखिलेश प्रताप सिंह जी, अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ. राकेश गुप्ता जी, प्रवक्ता छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अजय गंगवानी जी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



बैठक में चेंबर अध्यक्ष श्री अमर पारवानी की अध्यक्षता में चेंबर प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के व्यापारी एवं व्यापार तथा उद्योग के विकास से संबंधित महत्वपूर्ण सुझावों से अवगत कराकर श्री जयराम रमेश एवं उनकी टीम को व्यापार एवं उद्योग से संबंधित ज्ञापन सौंपा। बैठक में आयकर एवं जीएसटी से संबंधित सुझाव की प्रतिलिपि भी राज्यसभा सदस्य श्री जयराम रमेश एवं टीम को सौंपी गई। टेक्नीकल टीम द्वारा ज्ञापन के सम्बंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बैठक में हुई चर्चा को श्री जयराम रमेश जी ने गंभीरतापूर्वक सुना तथा सकारात्मकता दिखाते हुए चेंबर के सुझावों को घोषणापत्र समिति के समक्ष रखने की बात कही। बैठक में चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी, संरक्षक आसुदामल वाधवानी, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, सलाहकार भरत बजाज, दीपक बल्लेवार, जितेंद्र दोशी, सुरेंदर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, राम मंधान, कार्यकारी महामंत्री विकास आहूजा, उपाध्यक्ष मनोज जैन, टी श्रीनिवास रेड्डी, पृथ्वीपाल सिंह छाबड़ा, हीरा मखीजा, नरेंद्र हरचंदानी, जय नानवानी, मंत्री शंकर बजाज, निलेश मुंदड़ा, राजेंद्र खटवानी, प्रशांत गुप्ता, जयराम कुकरेजा, दिलीप इसरानी, ट्रांसपोर्ट चेंबर अध्यक्ष अमरीक सिंह, महामंत्री नवीन शर्मा, कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, युवा चैंबर अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, महामंत्री कांति पटेल, उपाध्यक्ष हिमांशु वर्मा, टेक्निकल टीम से मुकेश मोटवानी, जितेंद्र खनूजा, सतीश तवानिया, विजय शर्मा, कैट सीजी चेप्टर कार्यकारी अध्यक्ष वासु मखीजा, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, युवा कैट अध्यक्ष अवनीत सिंह सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों को डाक मतपत्र भेजना शुरू

**प्रथम चरण के 11 जिलों में 6 हजार से अधिक कर्मियों के डाक मतपत्र तैयार**

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 3 नवम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 80 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों, दिव्यांगों एवं कोविड संक्रमित मतदाताओं को डाक मतपत्र देने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्रथम चरण के तहत ढाई हजार से अधिक मतपत्र भेजे जा चुके हैं।

प्रथम चरण के तहत 11 जिलों में होने वाले मतदान के लिए डाक मतपत्र के प्रारूप की जांच की जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में इस समय जनसंपर्क सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों को इस कार्य में लगाया गया है। निर्धारित प्रारूप 12(ख) के अनुसार दिव्यांगजन अपने घर से डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकेंगे। ऐसे समस्त पात्र मतदाताओं हेतु विशेष मतदान दल का गठन किया गया है। यह मतदान दल निर्धारित तिथि को मतदान सामग्री के साथ घर जाएगा एवं पूर्ण गोपनीयता के साथ मतदान कराएगा। मतदान दल के रूट चार्ट एवं उनके दौरे की सूचना अभ्यर्थियों को प्रदान कर दी जाएगी। पहले चरण के तहत ढाई हजार से अधिक मतपत्र तैयार कर लिए गए हैं। निर्वाचन ड्यूटी में तैनात मतदाताओं को भी डाक मतपत्र के माध्यम से रिटर्निंग अधिकारी द्वारा विहित सुविधा केंद्र में मतदान की पात्रता रहेगी। इस हेतु उन्हें नियम समयावधि में प्रारूप 12 में आवेदन प्रस्तुत करना होगा। निर्वाचन कर्मियों को अपने ही विधानसभा में निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। वे अपने विधानसभा के किसी भी मतदान केंद्र में प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे।

### रायपुर जिले में रेण्डमाइजेशन शुरू

रायपुर जिले के अंतर्गत आने वाले सात विधानसभा क्षेत्रों में मतदान 17 नवम्बर को होगा। इसके लिए अभ्यर्थी के एजेंट के सामने रेण्डमाइजेशन का काम कर लिया गया है। यह कार्य द्वितीय चरण का हो रहा है। आयोग के अनुसार पहले कमिशनिंग का काम किया जाता है। इसके तहत चुनाव चिन्ह एवं अभ्यर्थी का नाम लोड किया जाता है। वीवीपैट में यह सुविधा रहती है कि मतदाता मतदान के बाद चुनाव चिन्ह देख सकता है। मतदान दलों को भी प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया गया है।

### रायपुर उत्तर विधानसभा केन्द्र के छह मतदान केन्द्र शिफ्ट

**रायपुर, 3 नवंबर।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के दौरान उत्तर रायपुर विधानसभा क्षेत्र के छह मतदान केन्द्रों को निर्वाचन आयोग से अनुमति लेकर दूसरे स्थान पर शिफ्ट कर दिया गया है। गुजराती स्कूल जयस्तंभ चौक के छह मतदान केन्द्रों को मौदहा पारा के विवेकानंद कॉलेज में शिफ्ट किया गया है। पहले गुजराती स्कूल में बने मतदान केन्द्र क्रमांक 123,124,125,126,127 और 128 अब विवेकानंद कॉलेज में बनेंगे। पिछले विधानसभा निर्वाचन के दौरान जिन मतदाताओं ने छह मतदान केन्द्रों पर गुजराती स्कूल में मतदान किया था। उन्हें इस बार मौदहा पारा के विवेकानंद कॉलेज में मतदान करना होगा।

## चुनाव कार्यालय का सांसद सुनील सोनी ने किया उद्घाटन

**रायपुर 3 नवंबर।** रायपुर उत्तर विधानसभा के अंतर्गत भाजपा मंडल शंकरनगर चुनाव कार्यालय का गुरुवार को सांसद सुनील सोनी और भाजपा प्रत्याशी पुरंदर मिश्रा के करकमलों से उद्घाटन किया गया। स्थानीय चुनाव प्रचार की गतिविधियां अब भाजपा मंडल शंकर नगर चुनाव कार्यालय से संचालित की जाएंगी। इससे पहले पंडरी में भाजपा प्रत्याशी पुरंदर मिश्रा का मुख्य चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया गया था। शंकर नगर क्षेत्र के चौपाटी चौक, जगदीश होटल, न्यू शांतिनगर में भाजपा मंडल चुनाव कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर क्षेत्रवासियों ने श्री सोनी और श्री मिश्रा सहित अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। वहीं रायपुर उत्तर विधानसभा



क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी पुरंदर मिश्रा ने कहा कि, यह भाजपा के कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है कि चुनाव में जीत के हिसाब से चारों मंडलों के साथ ही रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की स्थिति लगातार मजबूत हो रही है। चुनावी तैयारी को और सशक्त करने के उद्देश्य से आज से भाजपा मंडल शंकर नगर के लिए पृथक चुनाव कार्यालय खोला गया है, जहां पर नियमित रूप से कार्यकर्ताओं और समर्थकों की बैठक की जाएगी और चुनाव में जीत के लिए रूपरेखा बनाई जाएगी।

भाजपा मंडल शंकर नगर चुनाव कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर मुख्य रूप से सांसद सुनील सोनी, विधायक संजय सिंह, धर्मेंद्र सिंह, विधानसभा चुनाव संचालक लोकेश कावडिया, संयोजक नलिनीश ठोकने, शंकरनगर मंडल अध्यक्ष अनूप खेलकर, फाफाडीह मंडल अध्यक्ष गोरेलाल नायक, मोहन चोपड़ा, महामंत्री गोपाल ठाकरे, अखिलेश पवार, शहर जिलाध्यक्ष जयंती पटेल, तिलक पटेल, महेंद्र खोड़ियार, कमलेश शर्मा, पार्षदगण सूर्यकांत राठौड़, प्रमोद साहू व तिलक भाई पटेल तथा विष्णु नामदेव, गोरेलाल देवांगन, अखिलेश पवार, गोपाल ठाकरे, श्रीमति किरण सारथी, दिलीप सारथी, नरेंद्र निर्मलकर व श्रवण यदु सहित अन्य उपस्थित थे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23